CMYK

अधिकतम : 29°C
न्यूनतम : 17°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, बुधवार 1 अप्रैल 2026 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 233 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2083 12 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त : राहुल गांधी पेज 2



'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': रवींद्र जडेजा खेल टाइम्स



ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर प्रभाव सम्पादकीय



ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार ट्रम्प पेज 12

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर लगेगा टोल, अमेरिका-इजरायल पर तेहरान का कड़ा प्रहार

**तेहरान।** ईरान की संसद की सुरक्षा समिति ने होर्मुज स्ट्रेट के प्रबंधन से जुड़ी एक बड़ी योजना को हरी झंडी दे दी है। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, इस योजना के तहत इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते से गुजरने वाले जहाजों से टैक्स (टोल) वसूला जाएगा।

मीडिया के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के एक सदस्य ने बताया कि इस योजना को आधिकारिक तौर पर मंजूरी मिल गई है। इसमें कई मुख्य बातों पर ध्यान दिया गया है। इनमें स्ट्रेट की सुरक्षा व्यवस्था, जहाजों की सुरक्षा, पर्यावरण का बचाव और पैसों के लेन-देन के नियम शामिल हैं। खास बात यह है कि जहाजों को टैक्स का भुगतान ईरान की मुद्रा रियाल में करना होगा। इस नई योजना में अमेरिका और इजरायल के जहाजों के प्रवेश पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, उन देशों के जहाजों को भी यहां से गुजरने की अनुमति नहीं मिलेगी जो ईरान के खिलाफ एकतरफा प्रतिबंधों में शामिल हैं। यह योजना इस क्षेत्र में ईरान और उसकी सेना की ताकत को और मजबूत करती है। इस रास्ते के लिए कानूनी ढांचा तैयार करने में ईरान ओमान की मदद लेगा। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका- इजरायल गठबंधन के बीच संघर्ष चल रहा है। होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक है। दुनिया भर में होने वाली तेल की सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से होकर जाता है। ईरान इस रास्ते पर अपना पूरा नियंत्रण करना चाहता है।



■ ईरानी संसद की सुरक्षा समिति से मिली मंजूरी

## कुवैत के तेल टैंकर पर हमला, ईरान का एमक्यू-9 ड्रोन गिराने का दावा

**तेहरान।** ईरान की सेना ने दावा किया है कि उन्होंने मंगलवार को इस्फहान के पास एक एमक्यू-9 ड्रोन को निशाना बनाया है। ईरान का दावा है कि ये ड्रोन अमेरिका-इजरायल का है। ईरानी सेना के हवाले से मीडिया ने बताया कि ड्रोन को इंटरसेप्ट कर तबाह कर दिया गया। ईरान ने अमेरिका-इजरायल के अब तक कुल 146 ड्रोन तबाह करने का दावा किया है। एमक्यू-9 रीपर ड्रोन बेहद खास है और इसे आमतौर पर सर्विलांस और हमलों के लिए इस्तेमाल किया जाता है। यह एक महंगा ड्रोन है और इस एक ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर के करीब है। ईरान ने कुवैत के तेल टैंकर को निशाना बनाया है।

## अमेरिकी हमलों में दिल्ली आने वाला ईरानी विमान क्षतिग्रस्त

**तेल अवीव।** ईरान में महान एयरलाइंस का एक प्लेन अमेरिकी हमले में क्षतिग्रस्त हो गया। यह विमान मशहद एयरपोर्ट पर खड़ा था और नई दिल्ली आने वाला था। इसका मकसद भारत से दवाइयों और दूसरी जरूरी राहत सामग्री लेकर जाना था। इस हमले से जहाज को ढांचागत नुकसान पहुंचा और उसमें आग लग गई, जिससे आसपास के पानी में तेल फैलने की आशंका है।

# मुजफ्फरनगर में पति-पत्नी व दो बच्चों के शव मिलने से सनसनी



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पति द्वारा पत्नी व दोनों बच्चों की हत्या कर जान देने की चर्चा

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट में एक घर में इतनी भयावह घटना हुई जहां लोगों के रोंगटे खड़े हो गए और नजारा देखने वालों की रूह कांप उठी। मौके पर पहुंची पुलिस भी काफी देर तक घटना को देखकर आश्चर्यचकित रही, क्योंकि सरवट के पेंटर के घर में पेंटर और उसकी पत्नी तथा उसके दो मासूम बच्चों के शव पड़े हुए थे।

मैन गेट की अंदर से कुंडी लगने के कारण यह साफ हो रहा था कि मामला आत्महत्या का है। जिस समय आसपास के लोग मौके पर पहुंचे उस समय घर के मुखिया का शव पंखे में लटक रहा था, जबकि मासूम बच्चों की लाशें बैड पर पड़ी थी और पत्नी का शव फर्श पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे जनपद के पुलिस मुखिया और तीनों थानों की फोर्स, विधिविज्ञान प्रयोगशाला की टीम, डॉग स्क्वायड ने गहनता से इस मामले की जांच पड़ताल की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने घर पर सील लगा दी। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला सरवट निवासी 32 वर्षीय इरशाद पुत्र स्व. जरीफ रंगाई पुताई का काम करता था। इरशाद सरवट महमूद नगर के मेम्बर वाजिद का खानदानी भाई भी था। इरशाद के घर में पूरी रात हलचल व विवाद, चिल्लाने और गाली-गलौज की आवाजें आती रही, लेकिन सवेरे जब लोगों की आंख खुली, तो इरशाद उसकी 30 वर्षीय पत्नी नूरीन पुत्री महबूब उर्फ मंगल और दो वर्ष के आहिल और दो माह की अक्शा का शव पड़ा हुआ था। यह मानों की इस घर का पूरी तरह चिराग बुझ गया या यूं कहा जाए कि किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी के बाद पूरा ही परिवार खत्म हो गया। बताया जाता है कि मंगलवार सवेरे इरशाद के घर से न तो बच्चे बाहर आए और न ही किसी के बोलने की आवाज सुनाई पड़ी। इरशाद के भाई नौशाद ने आवाज लगाई तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा खटखटाने पर भी कोई हलचल नहीं हुई जब नौशाद ने ऊपर जाकर देखा, तो उसके भाई इरशाद का शव पंखे में फांसी पर लटक रहा था और भाभी का शव फर्श पर पड़ा हुआ था, जबकि भतीजे और भतीजी की लाशें बैड पर पड़ी थी। इसके बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना के कुछ देर बाद ही सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीओ सिटी, तीनों थाने की फोर्स, विधि विज्ञान प्रयोगशाला और डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल शुरू की और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### वायुसेना के लिए 1950 करोड़ की लागत से खरीदे जाएंगे माउंटेन रडार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने दुर्गम पहाड़ी क्षेत्रों में हवाई निगरानी को मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारतीय वायुसेना के लिए संबंधित उपकरणों और आवश्यक बुनियादी ढांचे सहित दो 'माउंटेन रडार' की खरीद के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ लगभग 1,950 करोड़ रुपये की लागत से प्रमुख पूंजीगत अधिग्रहण अनुबंध किया है। इस अनुबंध पर (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित) श्रेणी के अंतर्गत मंगलवार को यहां रक्षा मंत्रालय और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। इसे आत्मनिर्भर भारत और मेक-इन-इंडिया के तहत भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ गिरे ओले

**नई दिल्ली।** वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने के कारण 5 अप्रैल तक कई राज्यों में गरज-चमक के साथ बारिश का अलर्ट है। सोमवार को मध्य प्रदेश और राजस्थान समेत 5 राज्यों में बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के मुताबिक, 16 राज्यों में बारिश की संभावना है। वहीं दिल्ली में मंगलवार सुबह धुंध छाई रही। राजस्थान के 6 जिलों में सोमवार शाम बारिश हुई, जिससे तापमान में 6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मध्य प्रदेश के 8 जिलों में ओले गिरे। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर समेत चार जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। हिमाचल प्रदेश के रोहतांग में बर्फबारी हुई। जबकि शिमला के कुमारसैन में भारी बारिश से स्टोन फ्रूट की फसल को नुकसान पहुंचा। लद्दाख के द्रास में ताजा बर्फबारी से तापमान गिरा।

### बस्तर में 105 हथियार के साथ 33 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर रेंज के चार जिलों में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान कुल 33 कैडर (नक्सलियों) को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। सुरक्षा बलों ने इन अभियानों में भारी मात्रा में हथियार, नकदी और सोना भी बरामद किया है। बीजापुर जिले में 25 कैडर को पकड़ा गया।

# राष्ट्रीय PNG अभियान 30 जून तक बढ़ा

## पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा: ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सरकार ने गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा

■ मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया के निरंतर बदलते घटनाक्रम के बीच सरकार निर्बाध ऊर्जा आपूर्ति, सुरक्षित समुद्री संचालन, पश्चिम एशिया क्षेत्र में रह रहे भारतीय नागरिकों को जरूरी सहायता पहुंचाने और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय रूप से समन्वित कदम उठा रही है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मंगलवार को पश्चिम एशिया संकट के कारण उपजी स्थिति से निपटने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी देते हुए कहा कि गैस वितरण कंपनियों से पीएनजी कनेक्शनों में तेजी लाने के लिए कहा गया और राष्ट्रीय पीएनजी अभियान 2.0 को 30 जून तक बढ़ाया गया है। मार्च में 3.1 लाख से अधिक कनेक्शनों में गैस आपूर्ति शुरू की गई और 2.7 लाख से अधिक नए कनेक्शन जोड़े जा रहे हैं और गैस आपूर्ति की जा रही है वक्तव्य में कहा गया है कि एक मार्च से प्रतिदिन औसतन 50 लाख से अधिक घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति की गई है। साथ ही 23 मार्च से अब तक प्रवासी श्रमिकों को 5 किलोग्राम एफटीएल के 3 लाख 20 हजार सिलेंडरों की बिक्री की गई है। अकेले शनिवार को ही 63 हजार सिलेंडर बेचे गए हैं। सरकार ने अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का आग्रह किया है। वक्तव्य के अनुसार अब तक 959 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की गई और पिछले 24 घंटों में 9 की वापसी हुई है। पूरे भारत में बंदरगाह संचालन सामान्य है और किसी भी प्रकार की भीड़भाड़ की सूचना नहीं है। पश्चिम एशिया संकट के शुरू होने के दिन 28 फरवरी से अब तक 5.72 लाख से अधिक यात्री भारत लौट चुके हैं। समूचे पश्चिम एशिया क्षेत्र में भारतीय मिशनों की हेल्पलाइन चौबीसों घंटे कार्यरत हैं। वक्तव्य में कहा गया है कि देश में सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार बना हुआ है। रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सरकार ने कहा है कि कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी के उदाहरण देखे गए हैं, जिससे खुदरा आउटलेट पर असामान्य रूप से अधिक बिक्री और भीड़भाड़ हुई है। हालांकि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। सरकार ने दोहराया है कि लोग अफवाहों पर विश्वास न करें। अफवाहों पर नियंत्रण के लिए राज्य सरकारों से भी प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सही जानकारी प्रसारित करने का अनुरोध किया गया है। उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए डी-पीएनजी और सीएनजी-परिवहन को 100 प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। ग्रिड से जुड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को उनकी औसत खपत की 80 प्रतिशत आपूर्ति की जा रही है। संचालित यूरिया संयंत्रों को आपूर्ति अब उनके पिछले 6 महीनों की औसत खपत के लगभग 70.75 प्रतिशत पर स्थिर है। आपूर्ति बनाए रखने और पाइपलाइन संचालन संतुलन के लिए अतिरिक्त एलएनजी कार्गो और पुनर्गैसीकृत एलएनजी (आरएलएनजी) भी जुटाए जा रहे हैं।

# आईएएस रिंकू सिंह राही ने दिया इस्तीफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 'काम नहीं, सिर्फ वेतन', सिस्टम पर उठाए गंभीर सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कैडर के 2022 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से उन्हें कोई जिम्मेदारीपूर्ण पोस्टिंग नहीं दी जा रही थी और न ही कोई सार्थक काम सौंपा जा रहा था।

अपने इस्तीफे में राही ने कहा कि वे उप्र राजस्व परिषद से संबद्ध थे, लेकिन वहां उन्हें केवल वेतन मिल रहा था, जनसेवा का कोई अवसर नहीं। उन्होंने इसे अपना नैतिक निर्णय बताते हुए कहा कि बिना काम के पद पर बने रहना उनके सिद्धांतों के खिलाफ है। राही ने अपने पत्र में दावा किया कि प्रशासनिक व्यवस्था के भीतर एक समानांतर तंत्र काम कर रहा है, जिसमें ईमानदार अधिकारियों को प्रभावी भूमिका नहीं दी जाती।

# नालंदा के शीतला माता मंदिर में भगदड़, नौ श्रद्धालुओं की मौत

■ मृतकों में आठ महिलाएं भी शामिल

■ आश्रितों को 2-2 लाख रुपये मुआवजे का ऐलान

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले में मंगलवार सुबह शीतला अष्टमी के अवसर पर शीतला माता मंदिर में भीषण भगदड़ मच गई, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में 8 महिलाएं शामिल हैं, जिनकी भीड़ में दबने से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक पुरुष ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया।

बाकी घायलों को इलाज के लिए मॉडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल रहा। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मंदिर और मेला को बंद करा दिया है तथा स्थिति को नियंत्रण में लाने के प्रयास जारी हैं। इस हादसे को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की ओर मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपये मुआवजे का ऐलान किया है। वहीं, घायलों के लिए केंद्र सरकार ने 50-50 हजार रुपये की सहायता देने की घोषणा की। जबकि राज्य सरकार ने घायलों का पूरा इलाज कराने की घोषणा की है। घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे।

# उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का बड़ा एक्शन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ देहरादून में कुठालगेट चौकी इंचार्ज व उप आबकारी निरीक्षक निलंबित

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में हाल ही में हुई कानून-व्यवस्था से जुड़ी घटना पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राज्य में किसी भी कीमत पर कानून व्यवस्था से समझौता नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सोबन सिंह, उप आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-3 मसूरी, जनपद-देहरादून और प्रभारी कुठालगेट चौकी उपनिरीक्षक ना.पु अशोक कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

## मुख्य सचिव के बार संचालन में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तैदी से न करने वाले लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं। किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेशभर में तत्काल प्रभाव से व्यापक चेकिंग अभियान चलाया जाए और सभी अवांछित एवं हुड़दंग करने वाले तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि रोड रेज, फायरिंग और देर रात तक चलने वाली अवैध गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है और इसके लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को पूरी सख्ती और मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। देहरादून में हालिया घटना के बाद संबंधित -शेष पृष्ठ दो पर






## संक्षिप्त समाचार

### युद्ध लंबा चला तो महंगे हो सकते हैं मोबाइल फोन, कंप्यूटर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होने लगी है और युद्ध लंबा चलने की स्थिति में मोबाइल फोन, कंप्यूटर और हर उस डिवास के दाम बढ़ सकते हैं, जिनमें इनका इस्तेमाल होता है। भारत में नोकिया इंडिया की प्रबंधक विभा मेहरा ने मंगलवार को एक रिपोर्ट जारी करने के बाद संवाददाताओं के प्रश्नों के उत्तर में बताया कि युद्ध के कारण दूसरी चीजों के साथ मेमोरी और चिपसेट की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। अभी डिवाइसों की आपूर्ति को लेकर कोई समस्या नहीं है, क्योंकि पर्याप्त इनवेंटरी उपलब्ध है, लेकिन युद्ध जारी रहा तो मध्यम अवधि (छह महीने से दो साल) में असर दिखने लगेगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मेमोरी और चिपसेट के दाम बढ़ने लगे हैं।

### कांग्रेस सांसद तिवारी ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद एवं राज्यसभा में उप नेता प्रमोद तिवारी ने केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया है कि देश में नफरत और साम्प्रदायिकता को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने मंगलवार को बयान जारी कहा कि कांग्रेस ने हमेशा नफरत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है और देश की एकता एवं अखंडता के लिए बलिदान दिया है। तिवारी ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार देश को चलना चाहिए, लेकिन भाजपा समाज में विभाजन पैदा कर रही है। जातिवाद और धर्म के नाम पर लोगों को बांटने का काम कर रही है, जिससे सामाजिक ताना-बाना कमजोर हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के बयान गैर-जिम्मेदाराना होते हैं और उन्हें अपने शब्दों पर संयम रखना चाहिए।

## सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड जरूरी: शाही

# यूपी में एमएसपी पर होगी रबी फसल की खरीद

शाह टाइम्स ब्यूरो



- किसानों को डीबीटी के माध्यम से होगा सीधा भुगतान
- फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक ( 90 दिनों ) की अवधि में की जाएगी, पेट्रोल-डीजल की अफवाह को बताया निराधार

**लखनऊ।** यूपी के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने लोक भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर किसानों के लिए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मूल्य समर्थन योजना (एमएसपी) किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य दिलाने की केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिसे राज्य स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत सरकार चना, मसूर, सरसों और तूर (अरहर) की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करेगी, जिनमें चना 5875 प्रति कुंतल, मसूर 7000 प्रति कुंतल, सरसों 6200 प्रति कुंतल, तूर (अरहर) की खरीद 8000 प्रति कुंतल की जाएगी। उन्होंने बताया कि फसलों की खरीद 2 अप्रैल 2026 से 30 जून 2026 तक (90 दिनों) की अवधि में की जाएगी। मंत्री ने बताया कि खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए सभी क्रय केंद्रों पर आधार सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई हैं। इससे किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी और भुगतान सीधे उनके आधार-लिंक्ड खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से किया जाएगा। इस वर्ष करीब 190 क्रय केंद्र खोले जाने का प्रस्ताव है। गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से 15 जून तक होगी, जबकि सरसों, चना और मसूर की खरीद 30 जून तक चलेगी। आवश्यकता पड़ने पर अरहर की खरीद अवधि भी बढ़ाई जा सकती है। मंत्री ने किसानों से अपील की है किप्रदेश में 25 लाख मीट्रिक टन से अधिक खाद का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। पेट्रोल-डीजल की कमी को लेकर फैलाई गई अफवाहों को भी उन्होंने निराधार बताया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 से 2025-26 तक किसानों को 5660.33 करोड़ की क्षतिपूर्ति दी जा चुकी है।उन्होंने बताया कि कि प्रदेश के सभी किसानों के लिए फार्मर आइडेंटिटी कार्ड बनवाना अनिवार्य कर दिया गया है। 50 लाख किसान यह कार्ड नहीं बनवा सके हैं, जिन्हें 30 अप्रैल 26 तक का समय दिया गया है।

### योगी की मां पर टिप्पणी करने वाला मौलाना बिहार में धरा गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर टिप्पणी करने वाले विवादित मौलाना अब्दुल्ला सलीम को उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के दलमालपुर गांव में छापेमारी कर हिरासत में लिया है। एसटीएफ उसे लेकर यूपी आ रही है। इस बाबत एसटीएफ के अधिकारियों का कहना है कि उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार नहीं किया गया है, बल्कि एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। मौलाना अब्दुल्ला सलीम मूल रूप से बिहार के अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत महलगांव का निवासी है। उस पर आरोप है कि उसने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनके परिवार के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

## मोदी सरकार की स्मार्ट सिटी योजना धोखा साबित: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



- परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर मोदी सरकार पर हमला करते हुए मंगलवार को इसे 'धोखा' करार दिया और कहा कि यह योजना अपने उद्देश्य से भटक गई और आम नागरिकों को इससे कोई फायदा नहीं पहुंचा।

गांधी ने एक बयान में आरोप लगाया कि परियोजना के तहत शहरों के समग्र विकास के बजाय सीमित क्षेत्रों में काम कर उसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश किया गया, जबकि जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। उन्होंने कहा ष्कोई भी शहर तब तक 'स्मार्ट' नहीं हो सकता, जब तक वह अपने नागरिकों को साफ पानी, स्वच्छ हवा और सुरक्षा जैसी बुनियादी गरिमा उपलब्ध नहीं कराता। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत करीब 48 हजार करोड़ रुपये खर्च होने और 97 प्रतिशत परियोजनाओं के पूरे होने का दावा किया गया, लेकिन वास्तविक स्थिति इससे अलग है। सवाल उठाया कि कितने शहरों में वास्तव में ठोस बदलाव आया और लोगों के जीवन में क्या सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि दूषित पानी, खुले सीवर, गिरते पुल और धंसती सड़कें इस योजना की विफलता को उजागर करती हैं।

## उप्र में पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर छापे

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सरकार ने 17000 से ज्यादा स्थानों पर की कार्रवाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने एलपीजी और पेट्रोलियम उत्पादों की कालाबाजारी पर सख्ती दिखाते हुए 12 मार्च से अब तक पूरे प्रदेश में बड़े स्तर पर कार्रवाई की है। सरकार के मुताबिक इस अवधि में 17,581 छापे और निरीक्षण किए गए, जिससे आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में मदद मिली है।

सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार इस कार्रवाई के दौरान 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सचिव के निर्देश पर सभी जिलों में प्रशासन अलर्ट मोड में है और जिला पूर्ति अधिकारी तथा अन्य अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि आम उपभोक्ताओं को समय पर गैस सिलेंडर और ईंधन मिल सके। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स के खिलाफ 33 एफआईआरकी गई हैं, जबकि अन्य मामलों में 189 एफआईआर, 17 गिरफ्तारियां और 224 लोगों के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की गई है। सरकार ने स्पष्ट किया कि प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। करीब 91,000 किलोलीटर पेट्रोल और लगभग 1.15 लाख किलोलीटर डीजल स्टॉक में उपलब्ध है। राज्य में 12,888 पेट्रोल पंप सक्रिय रूप से संचालित हैं। 27 से 29 मार्च के बीच हजारों किलोलीटर ईंधन की बिक्री दर्ज की गई, जिससे सप्लाई चेन मजबूत बनी हुई है। राज्य में 4,107 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के माध्यम से उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के अनुसार गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## अपराधियों को टिकट नहीं मिलेगा: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि चुनाव में किसी भी आपराधिक छवि वाले को पार्टी टिकट नहीं देगी। साथ ही उम्मीदवारों के चयन में सर्वसमाज को उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

रविवार को लखनऊ में बहुजन समाज पार्टी की अहम बैठक में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने संगठन को मजबूत करने और चुनावी तैयारियों को तेज करने पर जोर दिया। बैठक में मायावती ने पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों की समीक्षा करते हुए कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकारों की उदासीनता से जनता त्रस्त है और अब वह उम्मीद भरी नजरों से बसपा की ओर देख रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन के साथ काम करना होगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि खासकर उत्तर प्रदेश जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं। सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है। मायावती ने अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं। उन्होंने आत्मनिर्भरता के मुद्दे पर कहा कि यह केवल नारा नहीं बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है। इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए। उन्होंने 14 अप्रैल को भीमराव अम्बेडकर जयंती को पूरे प्रदेश में मिशनरी भावना से मनाने का आह्वान किया और लखनऊ स्थित अम्बेडकर स्मारक पर बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धांजलि देने की अपील की। आरक्षण व सामाजिक न्याय के मुद्दों पर केंद्र और राज्य सरकारों की नीतियों पर कहा कि बहुजन समाज के हितों की रक्षा के लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति जरूरी है।

## उत्तराखंड की कानून व्यवस्था हो चुकी है ध्वस्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यह अत्यंत चिंता की बात है कि शांति और सुरक्षा की पहचान रखने वाले उत्तराखंड की कानून व्यवस्था भाजपा शासन में ध्वस्त हो गई है और वहां सीमाओं की रक्षा करने वाले सैन्य अधिकारी भी सुरक्षित नहीं हैं। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट में उत्तराखंड की राजधानी देहरादून की कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह से देहरादून में अपराध बढ़ रहे हैं, उससे साबित हो गया है कि भाजपा शासन में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने लिखा- देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी के जोशी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही आज अपने शहर में ही असुरक्षित हैं, आम नागरिक और कई समुदाय डर कर जीने को मजबूर हैं। भाजपा राज में सिर्फ़ अपराधी बेखौफ और महफूज है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कभी शांति और सुरक्षा की पहचान रहा हमारा उत्तराखंड, आज भाजपा के गैर-जिम्मेदार नेतृत्व में हिंसा, हत्या और भय के साए में सिमट कर रह गया है। गौरतलब है कि राजपुर थानाक्षेत्र के जोहड़ी गांव में युवकों के दो गुटों के बीच फायरिग में सुबह की सैर पर निकले सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर जोशी की गोली लगने से मौत हो गई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# एक महीने में 11 फीसदी लुढ़का सेंसेक्स छह साल में पहली बार सालाना गिरावट

मुंबई, वार्ता



**रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे, अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की गई है**

पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च में प्रमुख सूचकांकों में 11 प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई है और कोरोना काल के बाद छह साल में पहली बार वित्त वर्ष के दौरान इसने नकारात्मक रिटर्न दिया है।

वित्त वर्ष 2025.26 के आखिरी कारोबारी दिवस पर सोमवार को बीएसई का सेंसेक्स 71,947.55 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 5,467.37 अंक यानी 7.06 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। वित्त वर्ष 2019.20 के बाद यह पहला मौका है जब सेंसेक्स ने नकारात्मक रिटर्न दिया है। कोरोना के कारण लॉकडाउन लगने से मार्च 2020 में शेयर बाजारों में भारी गिरावट रही थी और 2019.20 में सेंसेक्स 23.80 प्रतिशत टूटा था। खास बात यह रही कि पहले 11 महीने में फरवरी 2026 तक सेंसेक्स 3,872.27 अंक ऊपर था, लेकिन मार्च में यह 9,339.64 अंक यानी 11.49 प्रतिशत का गोता लगा गया। पश्चिम एशिया संकट के कारण एक तरफ निवेशक बाजार में जोखिम लेने से कतरा रहे हैं, तो दूसरी तरफ रुपया कमजोर होता जा रहा है। रुपये के लगातार गिरने से विदेशी संस्थागत निवेशक भारतीय पूंजी बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। अकेले इक्विटी में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिकवाली की है। इससे शेयर बाजार में बड़ी गिरावट देखी जा रही है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक मार्च में 2,847.25 अंक यानी 11.31 प्रतिशत लुढ़ककर 22,331.40 अंक पर बंद हुआ। पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसमें 1,187.95 अंक (5.05 प्रतिशत) की गिरावट रही। बड़ी कंपनियों के विपरीत मझौली कंपनियों ने मार्च में बड़ी गिरावट के बावजूद पूरे वित्त वर्ष के दौरान सकारात्मक रिटर्न दिया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 421.75 अंक (2.90 प्रतिशत) की बढ़त से साथ 14,983.35 अंक पर पहुंच गया। मार्च में सूचकांक 10.63 प्रतिशत टूटा है। छोटी कंपनियों के स्मॉलकैप-100 सूचकांक में सालाना 891.90 अंक यानी 5.54 प्रतिशत की गिरावट रही। मार्च में यह 10.19 फीसदी टूटा है। रुपया फिलहाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर है। यह सोमवार को पहली बार 95 रुपये प्रति डॉलर के पार निकल गया।

# ओद्यौगिक विकास में यूपी की बड़ी छलांग

### नौ साल में 17 हजार से ज्यादा नए कारखाने, 16 लाख से अधिक रोजगार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक विकास के क्षेत्र में बीते नौ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। अप्रैल 2017 से अब तक प्रदेश में 17,841 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो स्वतंत्रता के बाद 70 वर्षों (1947 से मार्च 2017) में पंजीकृत 14,178 कारखानों से भी अधिक है। सरकार की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस तरह प्रदेश में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या बढ़कर 32,019 हो गई है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीतियों, पारदर्शी प्रक्रियाओं और मजबूत कानून-व्यवस्था ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया है। सिगल विडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस, भूमि बैंक और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सुविधाओं के चलते देश-विदेश के निवेशकों ने यूपी की ओर रुख किया है। यही वजह है कि सितम्बर 2023 से अब तक 10,194 नए कारखानों का पंजीकरण हुआ, जबकि चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 इकाइयां जुड़ी हैं। नए पंजीकृत कारखानों में वर्तमान में 16,53,179 लोग कार्यरत हैं। इनमें 15,29,907 पुरुष और 1,23,272 महिलाएं शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक आर्थिक बदलाव का संकेत मानी जा रही है। आंकड़ों के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक 10,895 कारखाने पंजीकृत हुए हैं। इसके अलावा मध्य यूपी में 3,526, पूर्वी यूपी में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित किए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सरकार ने क्षेत्रीय असंतुलन को कम करते हुए सभी क्षेत्रों में उद्योगों को बढ़ावा दिया है। प्रदेश में 14,412 कारखाने ऐसे हैं, जहां 100 तक श्रमिक कार्यरत हैं, जबकि 3,213 कारखानों में 101 से 1000 श्रमिक काम करते हैं। वहीं 118 बड़े कारखानों में 1000 से अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के साथ-साथ बड़े उद्योगों को भी समान रूप से प्रोत्साहन मिला है। एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर, एयरपोर्ट और लॉजिस्टिक हब जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स ने विकास को गति दी है। अब केवल कृषि आधारित राज्य न रहकर तेजी से औद्योगिक राज्य के रूप में उभर रहा है, जहां उद्योगों के विस्तार से रोजगार और स्थानीय अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूती मिल रही है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# अमित शाह पर कांग्रेस का हमला

### जयराम रमेश ने कहा- गृह मंत्री ने लोकसभा में चमत्कार कर दिखाया

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस ने मंगलवार को गृह मंत्री अमित शाह पर तंज कसते हुए कहा कि उन्होंने लोकसभा में एक चमत्कार कर दिखाया, जब वे 90 मिनट तक लगातार बोलते रहे। इस दौरान उन्होंने एक बार भी अपने पसंदीदा गाली वाले शब्द का इस्तेमाल नहीं किया।

विपक्षी पार्टी की यह टिप्पणी शाह के उस बयान के एक दिन बाद आई, जिसमें उन्होंने घोषणा की थी कि देश अब नक्सलियों से मुक्त हो गया है, क्योंकि माओवादियों की शीर्ष संस्था और केंद्रीय ढांचा लगभग पूरी तरह से खत्म हो चुका है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाया था कि उग्रवादियों द्वारा फैलाई गई हिंसा के लंबे दौर को खत्म करने के लिए उसने कुछ भी नहीं किया। लोकसभा में देश को वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त कराने के प्रयासों पर हुई बहस का जवाब देते हुए शाह ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को कई बार सार्वजनिक रूप से नक्सलियों के हमदर्दों के साथ देखा गया और उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से माओवादियों के प्रति हमदर्दी दिखाने वाले वीडियो भी पोस्ट किए।

## यूपी में परमाणु ऊर्जा संयंत्र लगाने की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एनटीपीसी लिमिटेड ने राज्य में परमाणु ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। कंपनी ने इसके लिए प्रयागराज, ललितपुर और सोनभद्र को संभावित स्थल के रूप में चिन्हित किया है। एनटीपीसी के क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) दिवाकर कौशिक के अनुसार अंतिम निर्णय राज्य सरकार द्वारा व्यवहार्यता अध्ययन और आवश्यक मंजूरियों के बाद लिया जाएगा। परियोजना के लिए भूमि और जल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि बढ़ती ऊर्जा मांग और जलवायु लक्ष्यों को देखते हुए परमाणु ऊर्जा को कोयला आधारित बिजली के विकल्प के रूप में विकसित किया जा रहा है। हालांकि उत्तर प्रदेश जैसे घनी आबादी वाले राज्य में भूमि उपलब्धता एक बड़ी चुनौती है। संयंत्र के लिए बड़े भू-भाग के अधिग्रहण और पुनर्वास की प्रक्रिया परियोजना के क्रियान्वयन में बाधा बन सकती है। यह प्रस्ताव एनटीपीसी की 2032 तक कुल स्थापित क्षमता को 149 गीगावाट तक पहुंचाने की योजना का हिस्सा है, जिसमें 60 गीगावाट गैर-जीवाश्म स्रोतों से हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस बीच कंपनी के उत्तरी क्षेत्र ने 29 मार्च तक 1,10,992 मिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया है।

# बच्ची से रेप-हत्या के दोषी को फांसी

### समाज को झकझोरने वाला अपराध: पोक्सो कोर्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले में विशेष पोक्सो कोर्ट ने एक बहुचर्चित मामले में सख्त फैसला सुनाते हुए आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के दोषी मुकेश पटेल को फांसी की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। यह घटना प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र की है, जहां दोषी ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी।

विशेष न्यायाधीश (पोक्सो) विनोद कुमार चौरसिया की अदालत ने अपने फैसले में कहा कि यह अपराध 'अत्यंत जघन्य' है और 'समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला' है। अदालत ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कठोरतम सजा देना न्यायसंगत है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि मृत्युदंड का अर्थ है दोषी को फांसी पर लटकाकर मृत्यु देना। फैसला सुनाते समय अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष के वकीलों की दलीलों को सुनने के साथ-साथ केस से जुड़े सभी साक्ष्यों और दस्तावेजों का गहन अवलोकन किया। इसके बाद ही दोषी करार देते हुए मृत्युदंड की सजा सुनाई।

### यह था मामला

बता दें कि 3 अक्टूबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे शिवगढ़ चौराहे के पास लगे दुर्गा पूजा पंडाल में गई आठ वर्षीय बच्ची घर लौटते समय लापता हो गई थी। अगले दिन 4 अक्टूबर 2024 को बच्ची का शव गांव के मुन्ना पहलवान के धान के खेत में नग्न अवस्था में मिला। शव पर अत्यधिक क्रूरता के निशान थे, बच्ची के दोनों हाथ-पैर और सारे दांत टूटे थे, मुंह से खून झाग निकल रहा था और निजी अंग बुरी तरह क्षतिग्रस्त था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। पीड़िता की मां ने तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दोषी मुकेश पटेल ने बच्ची के साथ रेप कर क्रूरता से हत्या कर दी गई। गवाहों के बयानों के आधार पर दोषी मुकेश पटेल की पहचान और गिरफ्तारी हुई। जांच में यह सिद्ध हुआ कि दोषी ने हत्या, रेप और गंभीर यौन उत्पीड़न जैसे जघन्य अपराध किए हैं। जांच में साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर दोषी की गिरफ्तारी हुई और 10 दिसंबर 2024 को आरोप-पत्र दाखिल किया गया। अदालत ने 21 दिसंबर 2024 को आरोप तय किए और साक्ष्य परीक्षण पूरा होने के बाद 26 मार्च 2026 को दोष सिद्धि सुनाई और 30 मार्च 2026 को दंडादेश पारित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**उत्तराखंड के...** अधिकारियों के निलंबन को इसी सख्ती का उदाहरण बताते हुए उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेगी। उधर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रोकने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक आवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डे - नाइट पेट्रोलिंग के साथ ही माह्लनग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए। मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा न बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

# धामी सरकार की बड़ी उपलब्धि: ऋषिकेश बाईपास 4-लेन के लिए 1105 करोड़ मंजूर



■ मुख्यमंत्री धामी के प्रयास रंग लाए, केंद्र से मिली बड़ी सड़क परियोजना को हरी झंडी ■ ऋषिकेश में जाम से मिलेगी राहत, 12.67 किमी बाईपास निर्माण को केंद्र की स्वीकृति ■ चारधाम यात्रा और पर्यटन को मिलेगा बूस्ट, धामी सरकार की पहल से बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मंजूर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निरंतर प्रयासों और प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप ऋषिकेश बाईपास के 4-लेन निर्माण कार्य को भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से बड़ी स्वीकृति प्राप्त हुई है। मंत्रालय द्वारा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए 1105.79 करोड़ की तकनीकी, प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है।

यह बहुप्रतीक्षित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-7 पर टीनपानी फ्लाईओवर (किमी 529.750) से लेकर खरासोटे पुल (किमी 542.420) तक विकसित की जाएगी। लगभग 12.670 किलोमीटर लंबा यह बाईपास भट्टोवाला एवं ढालवाला गांवों से होकर गुजरेगा और इसे इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एवं कंस्ट्रक्शन मोड पर क्रियान्वित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने इस स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क कनेक्टिविटी को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि ऋषिकेश बाईपास परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र में यातायात का दबाव कम होगा, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ चारधाम यात्रा एवं पर्यटन गति. विधियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के समग्र विकास और बेहतर कनेक्टिविटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारी सरकार राज्य के दूरस्थ और शहरी क्षेत्रों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय के अनुसार, इस परियोजना के लिए प्रारंभिक अनुमान 1151.18 करोड़ था, जिसे संशोधित कर 1139.40 करोड़ किया गया और अंततः 1105.79 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई है।

परियोजना को तीन वर्षों की समयावधि में पूरा किया जाएगा और कार्य में किसी प्रकार की लागत या समय वृद्धि स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदाएं ई-टेंडरिंग प्रक्रिया के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी तथा सभी कार्य निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप किए जाएंगे।

इस परियोजना के लिए व्यय वित्त वर्ष 2025-26 में भारत सरकार के बजट प्रावधान के अंतर्गत किया जाएगा। देहरादून स्थित क्षेत्रीय अधिकारी को इस कार्य के लिए ड्रॉइंग एवं डिस्बर्सिंग ऑफिसर नामित किया गया है।

इस परियोजना के पूर्ण होने से ऋषिकेश क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी, जाम की समस्या में कमी आएगी तथा राज्य के आर्थिक और पर्यटन विकास को नई गति मिलेगी।

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग का अभेद्य कवच: डॉ. सुनीता

■ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम और 25 मेडिकल रिलीफ पोस्ट संभालेंगे मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी 19 अप्रैल से शुरू हो रही विश्व प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इस वर्ष श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विभाग ने अब तक की सबसे व्यापक चिकित्सा योजना तैयार की है। यात्रा मार्ग और ट्रांजिट कैंपों में चिकित्सा व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देते हुए लगभग 1350 डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती का विस्तृत रोस्टर जारी किया गया है।

महानिदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) डॉ. सुनीता टम्टा ने बताया कि चारधाम यात्रा के दौरान उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जानकारी दी कि इस बार विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं के लिए केवल सरकारी ही नहीं, बल्कि निजी मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाएं भी ली जाएंगी। ये टीमें विभिन्न पड़ावों, कैंपों एवं प्रमुख स्थलों पर 24 घंटे तैनात रहेंगी, जिससे किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को मौके पर ही त्वरित उपचार मिल सके।ऊंचाई वाले क्षेत्रों की चुनौतियों से निपटने की तैयारी यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व डॉक्टरों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों की चुनौतियों से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। राजधानी और जनपद स्तर के मेडिकल कॉलेजों में चल रहे इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य चिकित्सकों को श्हाई एल्टीट्यूड सिकनेसश जैसेख्रसांस लेने में कठिनाई, रक्तचाप असंत.ुलन, अत्यधिक थकान और हृदय संबंधी समस्याओं के त्वरित उपचार में सक्षम बनाना है।

# दून में ब्रिगेडियर की हत्या पर राहुल गांधी ने जताई चिंता



■ देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले ही असुरक्षित: गांधी ■ एक्स पर पोस्ट कर उत्तराखण्ड की कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड की अस्थाई राजधानी देहरादून के जोहड़ी में हुए गोलीकांड में सेवा. निवृत्त ब्रिगेडियर की हत्या के मामले को लेकर लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने चिंता जताई है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए उत्तराखण्ड की कानून व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और सरकार को भी घेरा।

उन्होंने एक्स पर लिखा 'देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी.के. जोशी जी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। सरहद पर देश की रक्षा में जीवन समर्पित करने वाले भी आज अपने शहर में ही असुरक्षित हैं-आम नागरिक और कई समुदाय डर कर जीने को मजबूर हैं। भाजपा राज में सिर्फ अपराधी बेखौफ और महफूज है।

कभी शांति और सुरक्षा की पहचान रहा है हमारा उत्तराखंड, आज भाजपा के गैर-जिम्मेदार नेतृत्व में हिंसा, हत्या और भय के साये में सिमट कर रह गया है'।

उन्होने कहा कि देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले एक सेवा. निवृत्त ब्रिगेडियर वी के जोशी जी की दिनदहाड़े निर्मम हत्या साफ बताती है कि उत्तराखंड की कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।

# पार्टी में पसरे मातम से ध्यान हटाने को कांग्रेस बना रही कानून व्यवस्था को मुद्दा: चौहान





■ कांग्रेस नेता राहुल गांधी का ट्वीट सुनियोजित दुष्प्रचार का हिस्सा

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि गुटबाजी के चलते पसरे मातम से ध्यान हटाने के लिए कांग्रेस कानून व्यवस्था को मुद्दा बनाकर विरोध की राजनीति कर रही है।

चौहान ने कानून व्यवस्था पर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी के ट्वीट को सुनियोजित दुष्प्रचार का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि देश के कई गैर भाजपा शासित प्रदेशों मे राष्ट्र द्रोह से लेकर आम जन कानून व्यवस्था से पीड़ित है, लेकिन वह उन पर मौन साधते रहे हैं तथा उतराखंड मे कुछ घटनाओं पर टिप्पणी करना नही भूलते। कांग्रेस उत्तराखंड मे मचे चतुर्भुज नेतृत्व मे घमासान से ध्यान भटकाने की जरूरत है। चौहान ने कहा कि भाजपा पर टिप्पणी कर रही कांग्रेस की कलई खुल गयी है। पार्टी के वरिष्ठ नेता हरीश रावत कोप भवन मे चले गए हैं और उनके समर्थक अपने हाई कमान को धमका रहे हैं। पूर्व विस अध्यक्ष भी यह कहते सुने जा रहे हैं कि हरीश रावत की अनदेखी को स्वीकार नही किया जायेगा। वहीं पार्टी मे दूसरे दलों से आ रहे लोगों की भर्ती मे भी तवज्जो न मिलने से कांग्रेस मे एक गुट नाराज है। पार्टी मे उठा यह धुँआ कितना बिकराल रूप लेगा कांग्रेस हाईकमान और रणनीतिकार चिंतित तथा परेशान हैं।

# सीएम ने चम्पावत को दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

■ मुख्यमंत्री ने किया 36.83 करोड़ की 17 योजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चम्पावत के समग्र विकास को नई दिशा देते हुए जनकल्याण एवं आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने के लिये 36.83 करोड़ की 17 योजनाओं शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इसमें 7.12 करोड़ लागत वाली 4 योजनाओं का लोकार्पण तथा 29.71 करोड़ की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा इन योजनाओं से चम्पावत के अंतिम छोर तक विकास का लाभ पहुंचेगा और जनपद तेजी से "आदर्श जनपद" के रूप में स्थापित होगा। मुख्यमंत्री ने गांधी चौक में स्थापित 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत अनावरण भी किया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता का प्रतीक है, जो प्रत्येक नागरिक में राष्ट्रसेवा का भाव जागृत करता है तथा आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड विकास और समृद्धि के नए आयाम स्थापित कर रहा है तथा चम्पावत को "आदर्श जनपद" बनाने का संकल्प इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि जनपद में 117 करोड़ से अधिक की लागत से गोलज्यू कॉरिडोर का निर्माण प्रगति पर है। स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए जिला चिकित्सालय में 20 करोड़ की लागत से 50 बेड का अत्याधुनिक क्रिटिकल केयर यूनिट स्थापित किया गया है तथा 5 करोड़ की लागत से सीटी स्कैन एवं एमआरआई जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 57 करोड़ की लागत से बन रहा साइंस सेंटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में बच्चों को आधुनिक ज्ञान से जोड़ते हुए उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा। उन्होंने बताया कि शारदा कॉरिडोर के निर्माण से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस दौरान दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सामंत, अध्यक्ष नगर पालिका चंपावत प्रेमा पांडेय, लोहाघाट गोविंद वर्मा, ब्लॉक प्रमुख अंचला बोहरा, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, व्यापार मंडल अध्यक्ष विकास शाह सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक, वीर नारियां एवं बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सीएम ने किया 55.52 करोड़ की लागत से बन रहे अत्याधुनिक साइंस सेंटर का निरीक्षण

■ कहा, विज्ञान, अनुसंधान और नवाचार का बनेगा प्रमुख केंद्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जनपद चम्पावत के भ्रमण के दौरान लगभग 55.52 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक साइंस सेंटर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रगति एवं समयबद्धता का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित वैज्ञानिक गैलरियों एवं चार मंजिला साइंस कैंपस सुविधा का अवलो. कन किया। इस कैंपस में 40 विद्यार्थियों के लिए छात्रावास, स्टाफ क्वार्टर तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं, जिससे यह केंद्र विद्यार्थियों के लिए आवासीय वैज्ञानिक शिक्षण का भी महत्वपूर्ण स्थल बनेगा। निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री ने विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया तथा नन्हे वैज्ञानिकों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर यूकॉस्ट के महानिदेशक डॉ. दुर्गेश पंत ने साइंस सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



निरीक्षण के दौरान बाल वैज्ञानिकों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री धामी।

# प्रदेश में एलपीजी की कोई किल्लत नहीं: रेखा आर्या



■ गड़बड़ करने वालों पर तुरंत होगी एफआईआर ■ खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने की हर जिले की स्थिति की समीक्षा ■ विभागीय अधिकारियों को 24 घंटे अलर्ट मोड में रहने के निर्देश

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश में घरेलू सिलेंडरों की पर्याप्त सप्लाई आ रही है और किसी भी जनपद में किल्लत जैसी स्थिति नहीं है। अगर कोई कृत्रिम अभाव पैदा करने की को. शिश करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह बात खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को एलपीजी की मांग और सप्लाई को लेकर पूरे प्रदेश की समीक्षा करने के बाद कहीं।

यह समीक्षा बैठक विधानसभा स्थित सभागार में आयोजित की गई थी। इसमें विभागीय अधिकारियों के अलावा गैस सप्लाई करने वाली सभी कंपनियों के अधिकारियों को बुलाया गया था और सभी जनपदों के जिला पूर्ति अधिकारी ऑनलाइन माध्यम से बैठक से जुड़े।

बैठक के बाद कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में 3555559 घरेलू एलपीजी कनेक्शन है जबकि कमर्शियल कनेक्शन की संख्या 60976 है। वर्तमान में प्रदेश में 80861 घरेलू गैस सिलेंडर और 12146 कमर्शियल सिलेंडर का स्टॉक मौजूद है। इसके अलावा दैनिक रूप से पर्याप्त सप्लाई पहुंच रही है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि घरेलू सिलेंडरों की डिलीवरी में कहीं कोई समस्या नहीं है। उन्होंने सभी जिला पूर्ति अधिकारियों को कहा कि किसी भी सूरत में गैस एजेंसी या स्टोर रूम से सिलेंडर न दिए जाएं बल्कि सभी उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित की गई एसओपी के मुताबिक अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थाओं को कमर्शियल गैस सिलेंडर की सप्लाई नियमित रूप से हो रही है। जो व्यवसायी कमर्शियल सिलेंडर का कनेक्शन लेना चाहते हैं, उन्हें आवे. दन के 24 घंटे के भीतर कमर्शियल कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश गैस कंपनियों को दिए गए हैं।

कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश सरकार कालाबा. जारी, जमाखोरी और मुनाफाखोरी से कड़ाई से निपट रही है। अभी तक प्रदेश में 173 जगह छापेमारी की गई है और कुल 15 एफ आई आर दर्ज कराई गई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि प्रदेश में पीएनजी के कनेक्शन तेजी से बढ़ाने पर भी जोड़ दिया जा रहा है और वह इस बारे में केंद्र को पत्र लिखकर पीएनजी लाइन के लिए जल्द से जल्द एनओसी सुनिश्चित करने का अनुरोध करेंगी। उन्होंने कहा कि अगर इस निर्देश का पालन नहीं हुआ तो केंद्र सरकार से शिकायत की जाएगी। बैठक में विभागीय सचिव एल फैनई अपर आयुक्त जीएस पांगती व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नियम तोड़ने वालों पर मुकदमा, 11 शराबी चालक गिरफ्तार

**देहरादून।** एसएसपी के निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में चलाए गए सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने निर्धारित समय के बाद भी बार खुला रखने और शराब परोसने पर दो बार संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही, नशे में वाहन चलाने वाले 11 लोगों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज कर दिए गए हैं। एसपी सिटी, एसपी ट्रैफिक, एसपी ऋषिकेश और एसपी विकासनगर के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमों ने राजपुर रोड और आसपास के भीड़-भाड़ वाले इलाकों में छापेमारी की। इस दौरान राजपुर क्षेत्र में पिरामिड बार और नुक्कड़ बार व रेस्टोरेंट निर्धारित समयावधि के बाद भी खुले पाए गए, जहाँ लोगों को शराब परोसी जा रही थी। पुलिस ने इन दोनों प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरुद्ध धारा 223/270 बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है।

# सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए आईजी गढ़वाल ने कसी कमर



■ पुलिस कप्तानों को दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** आगामी चारधाम यात्रा 2026 को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। आईजी गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने रेंज के सभी जनपद प्रभारियों (एसएसपी/एसपी) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक के दौरान आईजी ने यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आईजी गढ़वाल ने सख्त निर्देश दिए कि धामों के कपाट खुलने से पूर्व यात्रा से संबंधित सभी तैयारियां हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जनपद अपने-अपने क्षेत्रों में होल्डिंग एरिया समय से चिह्नित कर लें और संबंधित विभागों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें। इसके साथ ही, यात्रा ड्यूटी पर आने वाले अतिरिक्त पुलिस बल के रहने और अन्य मूलभूत सुविधाओं को समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में आईजी ने स्पष्ट किया कि यात्रा अवधि के दौरान सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रूप से स्वयं भ्रमणशील रहेंगे और व्यवस्थाओं का निरंतर जायजा लेते रहेंगे। सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों को रोकने के लिए आईजी ने जनपद स्तर पर स्थापित सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल को विशेष रूप से सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की गलत सूचना पर पुलिस त्वरित और सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में एसएसपी हरिद्वार नवनीत भुल्लर, एसएसपी पौड़ी गढ़वाल सर्वेश पंवार, एसएसपी टिहरी आयुष अग्रवाल, एसपी चमोली सुरजीत पंवार, एसपी रुद्रप्रयाग निहारिका तोमर, एसपी उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय और एसपी ग्रामीण देहरादून जया बलूनी उपस्थित रहे।

# आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों में एचएमआईएस व एचपीआर अनिवार्य

■ राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण सभागार में आयोजित हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम, अस्पतालों ने वर्चुअल भी किया प्रतिभाग

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण उत्तराखंड के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष्मान सूचीबद्ध अस्पतालों के प्रतिनिधियों को हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) से जोड़ने तथा हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्री (एचपीआर) बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। सभी अस्पतालों को एचएफआर हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री तथा चिकित्सा कार्मिकों एचपीआर अनिवार्य रूप से बनाने के भी निर्देश दिए गए।

राज्य मिशन निदेशक रीना जोशी के निर्देशों के अनुक्रम में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में चार दर्जन से अधिक निजी सूचीबद्ध अस्पतालों ने प्राधिकरण पहुंच कर प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया और अन्य ने वर्चुअली ही शिरकत की। प्राधिकरण के निदेशक प्रशासन डा डीपी जोशी व निदेशक क्लेम डा सरोज नैथानी की अध्यक्षता में हुए प्रशिक्षण कार्यक्रम में अस्पतालों को शत- प्रतिशत एचपीआर यथा समय बनाने व अस्पताल के एचएच आईएस को एबीडीएम से जोड़ने के निर्देश दिए गए। निदेशक क्लेम डा सरोज नैथानी ने बताया कि एचएमआईएस लागू करने के साथ ही एचपीआर, एचएफआर की शत प्रतिशत प्रगति तथा इससे संबंधित किसी भी समस्या के समाधान को तकनीकी विशेषज्ञ नामित किए गए हैं। एबीडीएम प्रबंधक प्रज्ञा पालिवाल ने पीपीटी के जरिए सभी अस्पतालों को एबीडीएम के एचएचआईएस को लागू करने तथा हेल्थ प्रोफेशनल रजिस्ट्रेशन करने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने एबीडीएम के महत्व व क्रियान्वयन के पहलुओं पर रोशनी डाली। एबीडीएम के इस प्रशिक्षण से अन्य जनपदों से अस्पताल वर्चुअली भी जुड़े रहे। इस दौरान अस्पतालों ने एबीडीएम, एचएम आईएस के क्रियान्वयन तथा एचपीआर, एचएफआर पंजीकरण को लेकर कई सवाल भी किए।

# मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं पर जताई नाराजगी





■ मुख्य सचिव ने ली सचिवालय में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर बैठक ■ शहर और आसपास के क्षेत्रों में पीक ऑवर और रात की गश्त बढ़ाई जाए: मुख्य सचिव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने मंगलवार को सचिवालय में शहर में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर गृह और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली। मुख्य सचिव ने रोड रेज और हुड़दंग की घटनाओं के बढ़ने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए ऐसी घटनाओं रो. कने के लिए निगरानी बढ़ाए जाने और हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने कहा कि देहरादून शहर और उसके आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एसएसपी देहरादून को अपने सभी थानेदारों को पीक ऑवर में गस्त बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि डे - नाईट पेट्रोलिंग के साथ ही मॉर्निंग पेट्रोलिंग को भी बढ़ाया जाए।

मुख्य सचिव ने बार और रेस्टोरेंट क्लोजिंग के लिए निर्धारित समय को कठोरता से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि सप्ताहांत में देहरादून को पार्टी और हुड़दंगियों को अड्डा ना बनने दिया जाए, इसके लिए हुड़दंगियों पर कठोर कार्रवाई किए जाने के साथ ही बार संचाल. कों को भी इसके लिए जागरूक करते हुए समय पर बार बंद कराये जाने को एनफोर्स कराया जाए।

मुख्य सचिव ने बार संचालन के नियमों का पालन ना करने वाले बार और अवैध बार संचालकों पर भी कठोर कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अपनी ड्यूटी को मुस्तेदी से ना करने वाले लाप. रवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि शहर के आसपास के क्षेत्रों में खुले होम स्टे पर भी निगरानी किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए होम स्टे की मैपिंग की जाए एवं निगरानी रखी जाए कि ये होम स्टे जो टूरिज्म प्रमोशन के लिए बने थे, कहीं लगातार बार लाइसेंस लेकर इसका दुरुपयोग तो नहीं कर रहे हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि दिल्ली-देहरादून हाईवे खुलने के बाद सप्ताहांत के लिए और भी अधिक तैयार रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस के लिए अभी से तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने हुड़दंगियों की पहचान हो सके इसके लिए किरायेदारों और पीजी में रहने वालों का भी सघन सत्यापन अभियान चलाया जाए।

इस अवसर पर डीजीपी दीपम सेठ, सचिव गृह शैलेश बगौली, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, आईजी गढ़वाल राजीव स्वरूप, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, एसएसपी देहरादून प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# खेतों से शुरू हुआ क्रिकेट का सिलसिला ग्राउंड तक पहुंचा

## बच्छणस्यूं पट्टी के पणधारा की सभ्या नेगी का उत्तराखंड अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में चयन

■ क्षेत्र में खुशी का माहौल, बधाई देने वालों का लगा तांता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** कहते हैं "मंजिल उन्हीं को मिलती है, जिनके सपनों में जान होती है, पंख से कुछ नहीं होता, हौसलों से उड़ान होती है। इस कहावत को चरितार्थ किया है रुद्रप्रयाग जिले के दूरस्थ क्षेत्र पणधारा की सभ्या नेगी ने। खेतों में क्रिकेट खेलने से शुरू हुआ सफर अब राज्य टीम तक पहुंच गया है। सभ्या का चयन उत्तराखंड अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में होने से क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। उनके गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने जहां उनका जोरदार स्वागत किया, वहीं ग्रामीणों को अब उम्मीद जगी है कि उनके क्षेत्र की बालिका का नाम रोशन होने से क्षेत्र का विकास होगा। महिला क्रिकेटर के गांव तक पहुंचने के लिए 5 से 6 किमी का सफर तय करना पड़ता है।

बता दें कि रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक की बच्छणस्यूं पट्टी के मढ़गांव (पणधारा) की रहने वाली सभ्या नेगी की एक उभरती हुई होनहार क्रिकेटर हैं, जिनका चयन उत्तराखंड सीनियर महिला क्रिकेट टीम में हुआ है। सभ्या ऑलरउंडर खिलाड़ी हैं। उत्तराखंड महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलाई थी। सीनियर महिला क्रिकेट टीम में उनके चयन से जिले के साथ प्रदेश में खुशी का माहौल है और उन्हें एक प्रेरणादायक खिलाड़ी माना जा रहा है। सभ्या ने बताया कि अब तक टी 20 के 5 मैच खेलकर 8 विकेट लिए, जबकि ओडीआई के भी 5 मैच खेलकर 8 विकेट लिए गए हैं। बताया कि पुणे, रांची और केरल में मैच खेल चुकी हैं, जिनमें टी 20 केरल और ओडीआई रांची में खेला गया।

सभ्या के परिवार में माता-पिता और चार भाई-बहिन हैं। उनकी दो बड़ी बहिनों की शादी हो चुकी है, जबकि तीसरे नम्बर की वह हैं और एक छोटा भाई है। सभ्या के पिता पोस्ट मास्टर हैं।

सभ्या के पिता दरवान सिंह नेगी ने बताया कि बचपन में खेतों में बल्ला लेकर खेलती थी। राइंका खेड़ाखाल में शिक्षक प्रभात पुंडीर ने सभ्या को अच्छे से खेलना सिखाया और मार्ग-दर्शन किया। पूर्व प्रमुख जगमोहन रौथाण ने भी सहयोग किया। बेटी की उपलब्धि से गांव और जिले में खुशी का माहौल बना है। ऐसा सोचा भी नहीं था कि बेटी की वजह से आज इतना बड़ा गर्व महसूस होगा।

बेटी को सम्मानित करने के लिए जगह-जगह से फोन आ रहे हैं। वहीं, ग्रामीण युवा गोपी रौथाण ने बताया कि सभ्या ने कम संसाधनों में इतना बड़ा मंच हासिल किया है। बच्छणस्यूं पट्टी का नाम रोशन हुआ है। कई लोगों के पास संसाधन नहीं होते हैं। उत्तराखण्ड सरकार से निवेदन है कि ग्रामीण इलाकों में भी सुविधाएं दी जाएं।

### कैबिनेट मंत्री ने अपने कैंप कार्यालय में किया स्वागत



**रुद्रप्रयाग।** जिले के बच्छणस्यूं (पणधारा) की होनहार क्रिकेटर सभ्या नेगी के उत्तराखंड अंडर-23 महिला क्रिकेट टीम में चयन होने पर कैबिनेट मंत्री भरत सिंह चौधरी ने उन्हें अपने कैंप कार्यालय में सम्मानित किया। इस अवसर पर मंत्री ने सभ्या का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सभ्या ने अपनी मेहनत, लगन और काबिलियत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो जिले और प्रदेश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभ्या का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वह इसी तरह कड़ी मेहनत जारी रखें और भविष्य में भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्थान बनाकर प्रदेश का नाम रोशन करें। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम कठैत, बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष विजय कप्रवाण, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत भूषण भट्ट सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

### गांव तक पहुंचने के लिए नापनी पड़ती है 5 से 6 किमी दूरी: सभ्या

**रुद्रप्रयाग।** महिला क्रिकेटर सभ्या नेगी ने बताया कि आज भी वह जब अपने गांव पहुंचती हैं तो उन्हें बहुत दुख होता है। गांव में बुजुर्ग लोग रहते हैं, जबकि महिलाएं भी बड़ी संख्या में हैं। जिन्हें सड़क के अभाव में 5 से 6 किमी की पैदल दूरी नापनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि उनके गांव में सड़क नहीं होने से बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सरकार और शासन-प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

### सतपुली में धूमधाम से मनाया गया बालिका जन्मोत्सव

**सतपुली।** विकासखंड द्वारीखाल के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र सतपुली में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिका जन्मोत्सव कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना एवं उनके जन्म को उत्सव के रूप में मनाने का संदेश देना रहा। इस अवसर पर तीन नवजात बालिकाओं मनस्वी, रामिया एवं वामिका का जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। साथ ही लाभार्थियों को बेबी किट वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलबी मनीष खुगशाल द्वारा महिला अपराध, बाल संरक्षण एवं कानूनी अधिकारों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी। उन्होंने उपस्थित महिलाओं को जागरुक करते हुए विभिन्न कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया।

## डायट चढ़ीगांव में कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति, ईसीसीई पाठ्यक्रम 2024 आदि विषयों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददता**

**श्रीनगर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान चढ़ीगांव में पांच दिवसीय कोलोकेटेड आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य स्वराज सिंह तोमर ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को पूरे मनोयोग से ग्रहण कर अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में प्रभावी रूप से लागू करें, जिससे बच्चों के समग्र विकास में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, ईसीसीई पाठ्यक्रम 2024, आधारशिला सीखने के प्रतिफल एवं जादुई पिटारा आदि विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही समावेशी शिक्षा, बालवाटिका में समुदाय की सहभागिता एवं बाला विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। तृतीय दिवस पर बुनियादी साक्षरता के घटक, मौखिक भाषा विकास एवं ध्वनि जागरूकता पर फोकस किया गया। मौके पर कार्यक्रम संयोजक जगमोहन सिंह कठैत, समन्वयक डॉ. अरविंद सिंह, प्रवक्ता रेणु, विमल ममगाईं, विनय किमोठी सहित मास्टर ट्रेनर के रूप में हेमलता बिष्ट, सुषमा गुसाईं एवं पुनम गुसाईं सहित आदि मौजूद थे।

# लाखों की साइबर ठगी करने वाला युवक पुणे से गिरफ्तार

■ विदेशी मुद्रा को कस्टम से छुडाने के नाम पर की थी लाखों की साइबर ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** साइबर ठगी के मामले में कोतवाली श्रीनगर पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली श्रीनगर के अपर उपनिरीक्षक बीरेंद्र बृजवाल ने बताया कि कोतवाली श्रीनगर में 22 नवम्बर 2025 में एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया था। शिकायती पत्र में बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा विदेशी मुद्रा को कस्टम विभाग से छुड़ाने के नाम पर उनसे 05.15 लाख की साइबर धोखाधड़ी की गई है। बताया कि पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। बताया कि पुलिस द्वारा बैंक डिटेल, मोबाइल नंबर और अन्य जानकारी जुटाई गयी तो एक संदिग्ध खाताधारक 24 वर्षीय राजेन्द्र शिरसाट पुत्र राजेन्द्र बाबूराव शिरसाट निवासी 1/3 ओमकार सोसायटी थाना- मानपाडा, जिला- थाणे महाराष्ट्र, हाल- पता मयुर दर्शन, ग्राउंड फ्लोर रुम न0-3, नियर बाई मुद्रा होटल आजदेगांव, थाना- मनपाडा, जिला- पुणे महाराष्ट्र की पहचान की गई। जिसके खाते में साइबर धोखाधडी की यह रकम ट्रांसफर हो रखी थी। बताया कि आरोपी की पहचान कर पुलिस महाराष्ट्र, पुणे पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा दबिश दी गयी तो आरोपी उक्त पते पर निवासरत होना नहीं पाया गया। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा पुन: अभियुक्त के विषय में जानकारी और आवश्यक बैंकिंग अभिलेख एवं प्रमाण पत्र एकत्र किए गए तो यह तथ्य सामने आये कि अभियुक्त पुणे में अलग-अलग कई पतों पर निवास करता है और एक जगह पर लंबे समय तक नहीं रहता है। बताया कि पुलिस टीम के लगातार प्रयासों, कड़ी मेहनत और चुनौतियों को दरकिदार करते हुए मुखबिर खास की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार कर बैंक खाते में 4 लाख 9 लाख 250 रूपये की धनराशि का प्राप्त होना एवं उक्त धनराशि का उपयोग किया जाना स्वीकार किया गया। बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। जबकि मामले में एक और आरोपी रोहित रमेश सुतार, निवासी-वाल्हेकरवाडी, चिंचवड, पुणे के विरुद्ध 35 (3) बी.एन.एस.एस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गयी है। पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक बीरेन्द्र बृजवाल, हर्षवर्धन राणा आदि मौजूद थे।

### एक नजर .......

### डीएम ने किया कोषागार का निरीक्षण



**चमोली।** जिलाधिकारी गौरव कुमार द्वारा मंगलवार को मुख्य कोषागार गोपेश्वर चमोली का निरीक्षण किया गया इस दौरान उनके द्वारा वित्तीय नियमों में प्राविधानित व्यवस्था के तहत सदर कोषागार गोपेश्वर के दो तालक कक्ष का वार्षिक सत्यापन/निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने मुख्य कोषाधिकारी सुश्री मामूर जहाँ को निर्देश दिये कि कोषागार के दो तालक कक्ष में अधिक समय से रखी गयी निर्वाचन सम्बन्धित सामाग्री एवं अन्य बहुमूल्य वस्तुओं को यथाशीघ्र संबंधित विभागों को वापस किये जाने सम्बन्धी आवश्यक कार्यवाही करें, साथ ही उन्होंने कोषागार के दो.तालक कक्ष में अधिक मात्रा में भंडारित न्यायिक एवं गैर न्यायिक स्टाम्पों को स्टाम्प डिपो को वापस प्रेषित किये जाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य कोषाधिकारी, सुश्री मामूर जहाँ, कोषाधिकारी श्री राजीव कान्त, श्री विनोद कुमार सहायक कोषाधिकारी रोकड़ और कोषागार के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

### दुगड्डा ब्लॉक के सेवानिवृत्त जूनियर शिक्षकों को दी भावभीनी विदाई

**कोटद्वार।** शैक्षिक सत्र 2025- 26 में विभिन्न राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों से अधिवर्षता आयु पूर्ण करने वाले 15 शिक्षकों को जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की ब्लॉक दुगड्डा कार्यकारिणी द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दी गई।

देवी मंदिर पदमपुर सुखरो स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र में आयोजित सम्मान एवं विदाई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कार्यालय उप शिक्षा अधिकारी दुगड्डा के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सूरज मोहन रावत ने विकास खंड से सेवानिवृत्त होने वाले 6 प्रधानाध्यापकों एवं 9 सहायक अध्यापकों को शॉल एवं विदाई सम्मान पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों में प्रधानाध्यापक हीरा सिंह नेगी, मोहन सिंह पटवाल, कमला धूलिया, सुशीला शर्मा, चंद्रप्रभा नेगी और सुनीता डबराल तथा सहायक अध्यापक वीरेंद्र प्रकाश पंत, प्रकाश चौधरी, राजेश रावत, विनोद काला, ओम प्रकाश तिवारी, राकेश वर्मा, ताहिर हुसैन, सुदेश नेगी, अर्पणा राणा शामिल रहे। इस अवसर पर शिक्षक संघ के जिलामंत्री भोपाल सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष बिपिन चौहान, उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह रावत, कोषाध्यक्ष उमा बुड़ाकोटी, वरिष्ठ अध्यापक सुभाष बडोनी, इंदु गौड़, जयचंद्र आर्य, कैलाश कुकरेती, सोम प्रकाश, मंजू खर्कवाल, सुमनलता, शिवप्रकाश सैलवाल, महिमानंद जखमोला, बिंदु चंदोला, जयपाल सिंह भंडारी, अरुण कुकरेती, सुरेंद्र सिंह, जागृति कुकरेती सहित विभिन्न शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। मंच संचालन सुरदीप गुसाईं द्वारा किया गया।

### नि:शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर सफलतापूर्वक आयोजित

**कोटद्वार।** घमंडपुर कोटद्वार में अमित नेगी पार्षद घमंडपुर के आग्रह पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय द्वारा एक दिवसीय नि:शुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परामर्श शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन नित्यम योगशाला में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनीता रावत सामाजिक कार्यकर्ता पत्नी शैलेन्द्र सिंह रावत नगर निगम महापौर, पार्षद जनसेवक अमित नेगी, योगशाला योगाचार्य शोभा रावत, आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ सुमित प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया । मुख्य अतिथि अनीता रावत ने शिविर में मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धति के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सुलभ चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन संजीव चंद्र ने किया। चिकित्सकों की टीम में अमित कंडवाल, सतीश कोहली, सुनील कुमार और साथ ही जन हित सहयोग में उम्मेद सिंह नेगी, रोशन सिंह, उर्मिला देवी, कृष्णा देवी, धीरेन्द्र पटवाल आदि उपस्थित रहे।

### चमोली गैस गोदाम और होटलों में प्रशासन का छापा

**कर्णप्रयाग।** उपभोक्ताओं को सुरक्षित और पारदर्शी गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सोमवार को चमोली प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह रांगण और पूर्ति विभाग की टीम ने सिमली स्थित इंडेन गैस गोदाम कर्णप्रयाग का औचक निरीक्षण किया और क्षेत्र के कई व्यापारिक प्रतिष्ठानों में छापेमारी की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने स्टॉक की सघन जांच की। स्टॉक में 14.2 किग्रा, 10 किग्रा और 5 किग्रा के घरेलू व कमर्शियल सिलेंडर मानक के अनुसार भरे हुए पाए गए। हालांकि, वजन और गुणवत्ता में कोई कमी नहीं मिली, लेकिन एरिया मूवमेंट प्लान और वितरण पर्चियों के रिकॉर्ड में भारी अव्यवस्था पाई गई।

## किसान अदरक, हल्दी, रोजमेरी को मुख्य आय का स्रोत बनाएं

■ मसाला एवं सुगंधित पौधों पर आधारित कृषि वानिकी मॉडल पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के वानिकी एवं प्राकृतिक संसाधन विभाग ने भारत सरकार के सुपारी एवं मसाला विकास निदेशालय द्वारा वित्तपोषित परियोजना गढ़वाल हिमालय में आय सृजन के लिए मसाला एवं सुगंधित पौधों पर आधारित कृषि वानिकी मॉडल के अंतर्गत एक दिवसीय किसान जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में थाती डागर, पिल्खी, मढ़ी, चौकी, मरगांव, धरकोट, सुपाना, उलाना, मालूपानी, लूसी, जाखी, धल्टुग, मंगसू, सिल्काखाल, बड़ियारगढ़ एवं कंडोली गांवों के 70 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग लिया। गढ़वाल हिमालय की पारिस्थितिकी के अनुरूप उच्च मूल्य वाली मसाला एवं सुगंधित फसलों-विशेष रूप से अदरक, हल्दी, रोजमेरी एवं तेजपत्ता को कृषि वानिकी प्रणाली में वैज्ञानिक ढंग से एकीकृत कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजित की गई।

परियोजना अन्वेषक प्रो. मुनेश कुमार ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अदरक एवं हल्दी जैसी पारंपरिक मसाला फसलें, तथा रोजमेरी एवं तेजपत्ता जैसे सुगंधित एवं औषधीय पौधे, गढ़वाल क्षेत्र की जलवायु एवं भू-आकृतिक परिस्थितियों के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। गढ़वाल विवि के डीन नियुक्ति एवं प्रमोशन प्रो एमएस पंवार एवं एफआरआई से सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. सुभाष नौटियाल ने अदरक और हल्दी जैसी फसलों को वृक्षों के साथ समेकित कर बहु-स्तरीय कृषि प्रणाली विकसित की जा सकती है, जिससे भूमि की उत्पादकता बढ़ने के साथ-साथ किसानों को वर्षभर विविध स्रोतों से आय प्राप्त हो सकती है। मौके पर डॉ. विष्णुदत्त कुकरेती, डॉ. प्रीति सिंह, नीरज बलूनी, प्रो एके नेगी, डॉ. डीके राणा, डॉ. तेजपाल बिष्ट, डॉ. विजयकांत पुरोहित, डॉ. आरएस नेगी, डॉ. हिमसिखा गुसाईं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### केदार मोहल्ला और डांग में गैस की आपूर्ति न होने पर रोष

**श्रीनगर।** नगर निगम क्षेत्रांतर्गत केदार मोहल्ला और डांग में एलपीजी गैस सिलेंडरों कि आपूर्ति न होने पर मंगलवार को महिलाओं ने कड़ा रोष व्यक्त किया। पार्षद मीना असवाल के नेतृत्व में पहुंची महिलाओं ने श्रीनगर गैस एजेंसी सर्विस कार्यालय में प्रबंधक से वार्ता की गई। वार्ता के दौरान नियमित एलपीजी गैस आपूर्ति न होने के पर नाराजगी व्यक्त कर क्षेत्र में शीघ्र गैस सप्लाई किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर मीना असवाल ने कहा कि एजेंसी द्वारा विभिन्न वार्डों में गैस सप्लाई की जा रही है, जबकि उक्त आपूर्ति के दौरान विभिन्न वार्डों के उपभोक्ताओं द्वारा गैस आपूर्ति का लाभ लिया जा रहा है। कहा कि जिस वार्ड को गैस सप्लाई होनी है ,उसी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करवाएं जाने की मांग की है। इस मौके पर ज्योति रावत, बबीता रावत, उषा गुसाईं ,कमला पवार, सुनीता नयाल सहित आदि मौजूद थे।

## धारी देवी मंदिर क्षेत्र में युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

■ युवाओं ने एकत्र किया लगभग 100 किलो कूड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रीनगर। कलियासौड़ स्थित सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर क्षेत्र में चले स्वच्छता अभियान में बड़ी संख्या में कूडा करकट और शराब बोतले मिली है। पवित्र स्थल की इस स्थिति को देखते हुए ऋषिकेश से पहुंचे युवाओं ने लगभग 100 किलो कूड़ा एकत्र किया। साथ ही दुकान संचालकों, श्रद्धालुओं को भी मंदिर परिसर के आस-पास स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया। द हिमाद्री फाउंडेशन से जुड़े युवाओं ने धारी देवी मंदिर क्षेत्र में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान मंदिर मार्ग और अलकनंदा नदी किनारे से भारी मात्रा में शराब की बोतलें और प्लास्टिक कचरा एकत्र किया गया। अभियान से जुड़े अनुरिमा नौटियाल, शगुन उनियाल का कहना है कि वे कुल कूड़े का दस प्रतिशत भी साफ नहीं कर पाए, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि क्षेत्र में कितना अधिक कचरा फैला हुआ है। अभियान के दौरान युवाओं ने उपजिलाधिकारी श्रीनगर से मंदिर परिसर में शराब सेवन करने और कूड़ा फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## विधानसभा अध्यक्ष ने गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ की बैठक



■ गैस सिलेंडरों का डोर-टू-डोर वितरण सुनिश्चित किया जाए: ऋतु खण्डूडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** विधानसभा अध्यक्ष उत्तराखंड एवं विधायक कोटद्वार ऋतु खण्डूडी भूषण ने मंगलवार को अपने कोटद्वार स्थित कैंप कार्यालय में क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों एवं गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने गैस वितरण व्यवस्था को लेकर स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व की भांति ही गैस सिलेंडरों का डोर-टू-डोर वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों एवं एजेंसी संचालकों को सख्त निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी ने कहा कि गैस एजेंसियां उपभोक्ताओं की आवश्यकता के अनुरूप ही सिलेंडर उपलब्ध कराएं, जिससे अनावश्यक भंडारण या कमी की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने पारदर्शिता एवं समयबद्ध वितरण प्रणाली पर विशेष जोर देते हुए कहा कि आमजन की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पीएम ने अपने मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए स्पष्ट कहा है कि देश में गैस की कोई भी कमी नहीं है, अत: उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। बैठक में उपजिलाधिकारी कोटद्वार संदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार मनोज ठाकुर, निरीक्षक कोटद्वार प्रदीप नेगी, खाद्य निरीक्षक कोटद्वार करण क्षेत्री सहित कोटद्वार की सभी गैस एजेंसियों के मालिक एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे समय-समय पर व्यवस्था की निगरानी करते रहें तथा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## ग्रामीण महिलाओं ने रोका रेलवे टनल का कार्य, प्रशासन के फूले हाथ-पांव



■ रेलवे टनल कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त हुआ था स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र ■ रुद्रप्रयाग जिले के घोलतीर-मरोड़ा में प्राथमिक स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की मांग ■ दस दिन का मिला आश्वासन, स्थगित किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** बद्रीनाथ हाईवे से सटे घोलतीर-मरोड़ा में रेलवे टनल का कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान ब्लास्टिंग करने से मरोड़ा स्थित प्राथमिक स्कूल के साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र को भारी नुकसान पहुंचा, जिसके बाद यहां पर टिनशेड का निर्माण किया गया है। आरवीएनएल की ओर से ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि जल्द ही यहां पर स्कूल का पक्का निर्माण किया जाएगा, लेकिन चार साल बीत जाने के बाद भी स्कूल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मरोड़ा में रेलवे टनल के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और कहा कि जब तक मांगों पर कार्यवाही नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

ग्रामीणों के टनल के बाहर धरना देने से जिला प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। आनन-फानन में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही आरवीएनएल के अधिकारी भी ग्रामीणों से मिलने पहुंचे। रेलवे श्रमिक हित संघर्ष समिति अध्यक्ष सुनील रावत, हरीश नेगी, अक्षय, वीरेन्द्र, माया देवी, लक्ष्मी देवी ने कहा कि रेलवे टनल निर्माण से क्षेत्र को बहुत ज्यादा नुकसान पहुंच रहा है। गांव के पैदल मार्ग, स्कूल क्षतिग्रस्त हो गए हैं। जिनके ट्रीटमेंट को लेकर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि आरवीएनएल के अधिकारी और जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी बार-बार बेवकूफ बना रहे हैं। स्कूल के पक्के भवन निर्माण को लेकर आरवीएनएल ने एक करोड़ की धनराशि दी है, लेकिन यह धनराशि जिला प्रशासन के पास है और प्रशासन की ओर से इस मामले में चुप्पी साधी हुई है।

जिला प्रशासन से कार्यवाही के लिए कहने पर निर्माण कार्य के चार सौ मीटर दायरे में फ्रीज जोन का बहाना बना दिया जाता है, जबकि निर्माण कार्य के आस-पास कई कार्य किए गए हैं।

वहीं, मौके पर पहुंचे उप जिलाधिकारी एसएस सैनी ने लिखित आश्वासन दिया कि दस दिन के भीतर स्कूल भवन का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित किया। ग्रामीणों ने साफ कहा कि जल्द ही इस मामले में कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलन को उग्र किया जाएगा। इस मौके पर आरती देवी, कविता देवी, पिंकी भट्ट, राखी देवी, अक्षय, नरेंद्र, गौरव चौधरी, सुनील, वीरेंद्र चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**निविदा विस्तारीकरण**

इस कार्यालय के पत्रांक 878/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 11.03.2026 द्वारा निविदा संख्या 21/25–26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 28.03.2026 थी, एवं निविदा खुलने की तिथि 30.03.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुन: विक्रय की तिथि 09.04.2026 एवं खुलने की तिथि 10.04.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 1234/वि०वि०ख०ब०/टी–7 दिनांक : 30.03.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

# चारधाम यात्रा: स्वास्थ्य व सड़क सुरक्षा पर महामंथन आज

## राज्यपाल, सीएम धामी और कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल रहेंगे मौजूद, विशेषज्ञ देंगे अहम सलाह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। चारधाम यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में 1 अप्रैल को लोकभवन देहरादून में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। एचएनबी उत्तराखंड मेडिकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी द्वारा "चारधाम यात्रा के दौरान मेडिकल समस्याएं एवं सड़क दुर्घटना सुरक्षा उपाय" विषय पर यह कार्यक्रम लोक भवन ऑडिटोरियम में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। इसमें शासन, प्रशासन और चिकित्सा क्षेत्र के विशेषज्ञ एक मंच पर नजर आएंगे। कार्यक्रम में उत्तराखंड के राज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री सुबोध उनियाल भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस दौरान सरकार की ओर से चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण प्रक्रिया से होगी। राज्यपाल के आगमन पर वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद दीप प्रज्वलन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) भानु दुग्गल स्वागत भाषण देंगी और कार्यक्रम की रूपरेखा तथा उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

**■ यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों की दी जाएगी जानकारी**

### हर साल सामने आती हैं स्वास्थ्य और दुर्घटना की चुनौतियां

चारधाम यात्रा के दौरान हर वर्ष लाखों श्रद्धालु उत्तराखंड पहुंचते हैं। इस दौरान यात्रियों को ऊंचाई से जुड़ी बीमारियों, ऑक्सीजन की कमी, थकान, अचानक स्वास्थ्य खराब होने और सड़क दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन्हीं चुनौतियों के समाधान और जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### विशेषज्ञ देंगे सड़क सुरक्षा और प्राथमिक उपचार की जानकारी

कार्यक्रम के पहले सत्र में जीएमसी हल्द्वानी के ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुरक्षित ड्राइविंग और दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार के उपायों पर जानकारी देंगे। यह सत्र यात्रियों और वाहन चालकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### हिमालयी क्षेत्रों की बीमारियों पर होगा फोकस

दूसरे सत्र में उच्च हिमालयी क्षेत्रों में होने वाले न्यूरोलॉजिकल विकारों और उनकी जटिलताओं पर चर्चा की जाएगी। विशेषज्ञ इन बीमारियों के लक्षणों और समय रहते बचाव के उपायों पर विस्तृत जानकारी देंगे, ताकि यात्रियों को जोखिम से बचाया जा सके।

### हाई एल्टीट्यूड सिकनेस पर विशेष सत्र

तीसरे सत्र में पद्मश्री प्रो. (डॉ.) एस.सी. मंचंदा हाई एल्टीट्यूड सिकनेस से बचाव, यात्रा से पहले की तैयारी, जरूरी स्वास्थ्य जांच, यात्रा के दौरान सावधानियां और शुरुआती लक्षणों की पहचान पर विस्तार से मार्गदर्शन देंगे। यह सत्र खास तौर पर यात्रियों के लिए बेहद उपयोगी साबित होगा।

### 'सेफ चारधाम यात्रा' पुस्तिका का होगा विमोचन

कार्यक्रम के दौरान "सेफ चारधाम यात्रा" विषय पर आधारित तीर्थ शिक्षा पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। इस पुस्तिका में यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सुरक्षा, ऊंचाई से जुड़ी समस्याओं से बचाव और दुर्घटना की स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई है।

### विशेषज्ञों का होगा सम्मान

चारधाम यात्रा में बढ़ती भीड़ और चुनौतियों के बीच यह कार्यक्रम बेहद अहम माना जा रहा है। इससे यात्रियों को स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूकता मिलेगी, साथ ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर यात्रा को और अधिक सुरक्षित और सुगम बनाया जा सकेगा। समारोह में विभिन्न विशेषज्ञों और वक्ताओं को राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद राज्यपाल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे और यात्रा से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में एचएनबी मेडिकल एजुकेशन यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. आशीष उनियाल धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे। समापन सत्र में वंदे मातरम् और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन होगा।

# रोजगार मेले से पॉलीटेक्निक छात्रों के करियर को लगेंगे पंख

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के लिये रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। प्राविधिक शिक्षा विभाग पॉलीटेक्निक छात्र-छात्राओं के कैम्पस प्लेसमेंट के लिये वृहद स्तर पर रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है। जिसके तहत गढ़वाल व कुमाऊं मण्डल में पृथक-पृथक रोजगार मेले आयोजित किये जायेंगे। इन विशेष रोजगार मेलों में 70 बहुराष्ट्रीय कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। गढ़वाल मंडल के अंतर्गत आगामी 02 अप्रैल को राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान पित्थुवाला देहरादून में संयुक्त कैम्पस प्लेसमेंट शिविर लगेगा, जिसमें पॉलीटेक्निक संस्थानों में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विभिन्न ट्रेडों के 1200 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगी।

प्राविधिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विभागीय मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशों पर छात्र-छात्राओं को रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इसके लिये गढ़वाल व कुमाऊं मण्डल में दो बड़े रोजगार मेले आयोजित किये जा रहे हैं। जिसमें प्रदेशभर के राजकीय एवं सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक संस्थानों में अंतिम वर्ष में अध्ययनरत विभिन्न ट्रेडों के छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे ताकि उन्हें अपने कौशल के अनुरूप बेहतर रोजगार मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि आगामी 02 अप्रैल को राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थान पित्थुवाला देहरादून में मेगा कैम्पस प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। जिसमें गढ़वाल मंडल के 39 राजकीय एवं सहायता प्राप्त पॉलीटेक्निक कॉलेजों में संचालित सिविल, मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल, इलैक्ट्रानिक्स, इलैक्ट्रीकल, आईटी, सीएसई, फार्मेसी, सीसीएन, एआईएमएल, इन्सट्रूमेंट एंड कन्ट्रोल आदि पाठ्यक्रमों के अंतिम वर्ष के 1200 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। जिसमें से लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने अपना पंजीकरण करा लिया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि रोजगार मेले में टीवीएस मोटर्स, रिलाइंस जियो, एस्कॉर्ट्स कुबोटा, अपोलो फर्मेसी, अकम्स ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स, एटीएल बैटरी टेक्नोलॉजी, हॉयर अप्लायंसेज, आशेका ली-लैंड, हैवल्स जैसी 70 प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।



**■ 2 अप्रैल को देहरादून में आयोजित मेले में 70 प्रतिष्ठित कम्पनियां होंगी शामिल**

# लंबित विवेचनाओं का पुलिस करे शीघ्र निस्तारण: आईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप ने मंगलवार को जनपद के महत्वपूर्ण थाने श्कोतवाली नगर का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को जनता के प्रति शालीन व्यवहार अपनाने और अपराध नियंत्रण के लिए रात्रि गश्त को और अधिक प्रभावी बनाने के कड़े निर्देश दिए।

मंगलवार को कोतवाली पहुंचे आईजी गढ़वाल को सबसे पहले पुलिस गार्द द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात उन्होंने कोतवाली में तैनात सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। निरीक्षण की कड़ी में उन्होंने थाने के महत्वपूर्ण अभिलेखों, जिनमें अपराध रजिस्टर, ग्राम अपराध रजिस्टर, मालखाना और आगंतुक रजिस्टर शामिल हैं, का बारीकी से अवलोकन किया। मालखाने में रखे माल-मुकदमाती के निस्तारण की स्थिति और सरकारी संपत्ति के प्रबंधन पर उन्होंने संतोष प्रकट किया।

सुरक्षा उपकरणों की जांच करते हुए आईजी ने कोतवाली में मौजूद सभी अस्लाहों का सूची से मिलान किया और उनके रखरखाव को परखा। उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों से आपदा प्रबंधन उपकरणों के उपयोग और शस्त्रों को चलाने के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि पुलिस बल इन उपकरणों का नियमित अभ्यास जारी रखे।

तकनीकी निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोतवाली परिसर और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति जांची। साथ ही सीसीटीएनएस कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों से पोर्टल की कार्यप्रणाली के संबंध में पूछताछ कर प्रविष्टियों की गुणवत्ता को परखा। आईजी ने स्पष्ट किया कि विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

अंत में उन्होंने लंबित मुकदमों की विवेचनाओं में तेजी लाने और गुण-दोष के आधार पर उनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने आने वाले प्रत्येक फरियादी की बात सुनी जाए और उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार हो। क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए चेकिंग, पिकेट और रात्रि गश्त को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया।

**■ पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र ने किया नगर कोतवाली का निरीक्षण**

# मसूरी में अवैध निर्माण पर एमडीडीए का शिकंजा, कैमल बैक रोड स्थित भवन सील

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने अवैध निर्माण के खिलाफ अपने अभियान को तेज करते हुए मसूरी के प्रमुख क्षेत्र कैमल बैंक रोड में एक भवन को सील कर दिया। प्राधिकरण द्वारा की गई इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण कराने वालों में हड़कंप मच गया है। एमडीडीए ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे निर्माण कार्यों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी। प्राधिकरण को मिली शिकायतों और नियमित निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि कैमल बैंक रोड स्थित वेलमाउंट कॉटेज के पास, चाह इन्दारा जुबली के पीछे मकान संख्या 2152 में रेनु सिंह पत्नी हरि सिंह द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के निर्माण कार्य किया जा रहा है। जांच में यह पाया गया कि निर्माण कार्य प्राधिकरण की निर्धारित नियमावली के विपरीत है और इसके लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त नहीं की गई थीं।

इस प्रकरण में एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से भवन को सील कर दिया।



**■ बिना मानचित्र स्वीकृति निर्माण पर कार्रवाई, टीम के साथ पुलिस बल रहा मौजूद**

कार्रवाई के दौरान सहायक अभियंता अजय मलिक, संबंधित सुपरवाइजर तथा पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। टीम ने आसपास के क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त चेतावनी दी।

प्राधिकरण ने कहा कि मसूरी जैसे पर्यावरणीय दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में अनियंत्रित और अवैध निर्माण न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे क्षेत्र की पारिस्थितिकी और प्राकृतिक सौंदर्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसी को ध्यान में रखते हुए एमडीडीए "जीरो टॉलरेंस" नीति के तहत लगातार कार्रवाई कर रहा है।

### बिना स्वीकृति निर्माण पर सख्त कार्रवाई तय: बंशीधर तिवारी



मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि प्राधिकरण क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मसूरी जैसे संवेदनशील हिल स्टेशन में नियमों की अनदेखी कर निर्माण करना गंभीर विषय है, जो पर्यावरणीय संतुलन को भी प्रभावित करता है। एमडीडीए द्वारा लगातार निगरानी और निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत चिन्हित अवैध निर्माणों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी बिना स्वीकृति निर्माण कार्य पाया जाएगा, वहां सीलिंग और आवश्यकतानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आम नागरिकों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण शुरू करने से पहले प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। नियमों के अनुरूप विकास ही सुरक्षित और स्थायी विकास का आधार है। उन्होंने यह भी कहा कि अवैध निर्माण पर पूरी तरह रोक लगाने के लिए भविष्य में कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।

### शिकायत और निरीक्षण के आधार पर हो रही कार्रवाई : बर्निया

एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा अवैध निर्माण के विरुद्ध नियमित अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मसूरी क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों और फील्ड निरीक्षण के आधार पर संबंधित भवन में बिना अनुमति निर्माण की पुष्टि हुई, जिसके बाद नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरती जाएगी और ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्राधिकरण के नियमों का पालन करें और किसी भी अवैध निर्माण की जानकारी तुरंत एमडीडीए को दें। प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुव्यवस्थित, सुरक्षित और नियमों के अनुरूप विकास सुनिश्चित करना है।

## एक नजर .......

### जोशी ने की शौर्य सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक



**देहरादून।** सूबे के कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री ने 09 अप्रैल को खटीमा में प्रस्तावित सीएसडी कैंटीन के लोकार्पण अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में वर्चुअल बैठक को सम्बोधित किया। विदित हो कि पूर्व सैनिक सुबेदार स्वर्गीय शेर सिंह धामी की स्मृति में 09 अप्रैल को शौर्य सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गलेन्ट्री अवार्डी सैनिकों, दिव्यांग सैनिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित करना है। कार्यक्रम में पॉच हजार से अधिक पूर्व सैनिक, शहीद आश्रितों एवं उनके परिजनों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। बैठक में कुमाऊ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ऊधमसिंहनगर नितिन भदौरिया, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, निदेशक सैनिक कल्याण श्याम सिंह सहित सैनिक कल्याण विभाग के अधिकारीगण, पूर्व सैनिक संगठन के प्रतिनिधिगण तथा आयोजन समिति के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हरीश रावत के 15 दिन के अवकाश के फैसले से धीरेंद्र प्रताप दुखी

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के उस फैसले पर दुख जताया है जिसमें उन्होंने 15 दिन के अवकाश की बात कही है और अवकाश पर चले गए है। धीरेंद्र प्रताप ने कहा किसी भी परिवार के मुखिया का छुट्टी पर जाना पूरे परिवार के लिए चिंता का विषय होता है। यह सही है कि हर व्यक्ति को आराम की आवश्यकता है, मगर हरीश रावत का जिस तरह का सक्रिय राजनीतिक जीवन रहा है उसमें उनका एक पल भी पार्टी की गति. विधि से दूर रहना असंभव दिखाई देता है। उन्होंने कहा उनके अवकाश के पीछे उन्हें पीड़ा के संकेत मिले हैं। जिसको पार्टी आलाकमान को दूर करना चाहिए।

### छात्राओं को दिया गया कौशल प्रशिक्षण

**देहरादून।** रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय में महिंद्रा एंड महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सीएसआर पहल के तहत आयोजित गर्ल्स एम्प्लॉयबिलिटी स्किल ट्रेनिंग प्रोग्राम का 'सर्टिफिकेट वितरण व पुरस्कार समारोह संपन्न हुआ। यह छह दिवसीय कार्यक्रम 25 से 31 मार्च तक चला और इसमें छात्राओं को रोजगारोन्मुखी कौशल, पेशेवर दक्षता और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. हिमांशु ऐरन रहे।

# पढ़ाई की आड़ में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस कसेगी नकेल: एसएसपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी में पढ़ाई की आड़ में हुड़दंग, मारपीट और अवांछनीय गतिविधियों में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की। बैठक में जनपद के समस्त पीजी और हॉस्टल संचाल. कों के लिए नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की गई है, जिसका उल्लंघन करने पर संचालकों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी।

**■ पीजी और हॉस्टल संचालकों के लिए नई एसओपी जारी**

गोष्ठी के दौरान एसएसपी ने स्पष्ट किया कि हाल के दिनों में छात्रों के बीच विवाद और अनुशासनहीनता की घटनाएं बढ़ी हैं। इसे देखते हुए अब हॉस्टल और पीजी में रह रहे सभी छात्र-छात्राओं का शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। सत्यापन की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित प्रतिष्ठान संचालक की होगी। यदि कोई संचालक बिना सत्यापन के छात्र रखता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

एसओपी के तहत सभी संच. ालकों को अपने संस्थानों में रहने वाले छात्र-छात्राओं का पूर्ण विवरण, जिसमें आईडी, स्थायी पता, मोबाइल नंबर और अभिभावकों की जानकारी शामिल है, डिजिटल और भौतिक रूप से सुरक्षित रखना होगा। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर यह विवरण तत्काल उपलब्ध कराना होगा। एसएसपी ने सभी थाना प्रभारियों और बीट अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्षेत्रों के हॉस्टल और पीजी का समय-समय पर औचक निरीक्षण करें।

# दिनदहाड़े रिटायर्ड ब्रिगेडियर की हत्या सुरक्षा व्यवस्था पर काला धब्बा: आर्य

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने देहरादून में मॉर्निंग वॉक पर निकले सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर वी.के. जोशी की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह घटना प्रदेश की कानून-व्यवस्था के पूरी तरह ध्वस्त होने का प्रमाण है और सुरक्षा व्यवस्था पर एक काला धब्बा है।

यशपाल आर्य ने कहा कि जिस सैनिक ने अपना पूरा जीवन देश की सीमाओं की रक्षा में लगाया, वही अपने ही शहर में सुरक्षित नहीं है। इसे उन्होंने सरकार की सबसे बड़ी विफलता बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और कानून का कोई डर नहीं रह गया है। उन्होंने सीधे तौर पर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हत्या, लूट और अन्य आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जबकि सरकार और प्रशासन निष्क्रिय बने हुए हैं। उनके अनुसार पुलिस तंत्र पंगु हो चुका है और अपराधियों को खुला संरक्षण मिल रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि उत्तराखंड, जो कभी शांति और सुरक्षित जीवन का प्रतीक था, अब अराजकता और भय का केंद्र बनता जा रहा है।

आर्य ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। उन्होंने कहा कि अब उत्तराखंड की जनता अन्याय के खिलाफ आवाज उठाकर जवाब देगी।



**■ प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद, हत्या, लूट व आपराधिक घटनाएं लगातार बढ़ रही**

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग

देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# रेशम बीज उत्पादन में उत्तराखण्ड को मिला स्कोच अवार्ड

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने रेशम विभाग को राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित स्कोज अवार्ड मिलने पर विभागीय अधिकारियों को बधाई दी। कृषि मंत्री ने रेशम विभाग को मिले स्कोच अवार्ड के लिए रेशमकीट बीज उत्पादन कार्य से जुड़े समस्त अधिकारियों व कर्मचारियो को बधाई दी। साथ ही रेशम विभाग के रेशम कीट बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने पर पुरस्कृत होने को उत्तराखण्ड राज्य के लिये बडी उपलब्धि व गर्व का अवसर बताया।

मंगलवार को देहरादून के न्यू कैंट रोड़ स्थित कैम्प कार्यालय में रेशम विभाग के निदेशक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों ने विभाग को प्राप्त स्कोच अवार्ड को कृषि मंत्री को समर्पित किया। उन्होंने बताया कि विभाग को यह पुरस्कार उत्तराखण्ड में रेशम बीज उत्पादन के लिए दिया गया है। कृषि मंत्री की प्रेरणा व मार्गदर्शन में विभाग द्वारा किये जा रहे रोजगारपरक कार्यो के सफल सम्पादन के लिए आभार प्रकट किया गया। निदेशक द्वारा अवगत कराया कि रेशम कीट बीज उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत उच्च गुणवत्ता के रेशम कीट बीजों का उत्पादन कर प्रदेश के समस्त जनपदों के कीटपालको को उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही कीट बीज उत्पादन से जुड़े लगभग 100 कृषकों को आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है।

इस अवसर पर सहायक निदेषक विनोद तिवारी, डॉ बीपी गुप्ता, उम्मेद सिंह, वीरेन्द्र कुमार सकलानी, सुप्रिया रावत, ऑचल, सावित्री देवी, बसंती देवी उपस्थित रहे।



# इंदिरा मार्केट पुनर्विकास कार्य ठप प्रभावितों का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** इंदिरा मार्केट पुनर्विकास योजना का कार्य लंबे समय से ठप होने के विरोध में प्रभावित व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने मंगलवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण से कार्य में तेजी लाने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम अपूर्वा सिंह को ज्ञापन सौंपकर योजना में हो रही देरी और उससे उत्पन्न समस्याओं से अवगत कराया। ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2016 में एमओयू के बाद तत्कालीन सरकार ने दो वर्षों में योजना पूरी करने का आश्वासन दिया था, मगर अभी तक यह योजना वर्षों से लटकी हुई है। बताया गया कि वर्ष 2022 में वर्तमान सरकार ने योजना का दोबा. रा शुभारंभ करते हुए डेढ़ वर्ष में विस्थापन पूरा करने का लक्ष्य रखा था, जिसे बाद में दिसंबर 2026 तक बढ़ाया गया। इसके बावजूद पिछले तीन माह से वित्तीय संकट के चलते कार्य पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे व्यापारियों का रोजगार प्रभावित हो रहा है। इस दौरान सीपीएम सचिव अनंत आकाश, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष अशोक सचदेवा समेत प्रभावित लोग मौजूद रहे।

**■ पिछले तीन माह से वित्तीय संकट के चलते कार्य पूरी तरह बंद: आकाश**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

निविदा विस्तारीकरण

इस कार्यालय के पत्रांक 857/वि०वि०ख०ब०/दिनाँक 11.03.2026 द्वारा निविदा संख्या 39/25–26 जिनकी निविदा विक्रय की तिथि 27.03.2026 एवं निविदा खोले जाने की तिथि 28.03.2026 थी, को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है। अब निविदा पुनः विक्रय की तिथि 09.04.2026 एवं खुलने की तिथि 10.04.2026 को उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत् रहेंगे।

पत्रांक : 1232/वि०वि०ख०ब०/टी–7 दिनांक : 29.03.2026 अधिशासी अभियंता

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

यूजेवीएन लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्यालय "उज्ज्वल" महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी०आई०एन० सं० U40101UR2001SGCO25866 वेबसाइट : www.ujvnl.com

पत्र सं0: 262 दिनांक: 31/03/2026

निविदा सूचना

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0) ढालीपुर विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित करता है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**निविदा सं0– 20/EE/M&G/DLR/ 2025-26 :** विभिन्न प्रकार के अग्निशमन यत्रों की रि–फिलिंग हेतु

**कार्य की अनुमानित लागत :** रू0 5,52,375/– (जीएसटी अतिरिक्त),

**निविदा की उपलब्धता की तिथि :** 31.03.2026 प्रातः 11:00 बजे

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 20.04.2026 को 16:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेवसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेवसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते है।

(अधिशासी अभियन्ता)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

यूजेवीएन लिमिटेड
मुख्यालय 'उज्ज्वल' महारानी बाग, जी०एम०एस० रोड, देहरादून–248006
दूरभाष: 0135–2763808, फैक्स– 0135–2763508
सी०आई०एन० सं०: U40101UR2001SGC025866 | वेबसाइट: www.ujvnl.com

पत्रांक–265 निविदा सूचना दिनांक– 31/03/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0), ढकरानी विद्युत गृह, इच्छुक निविदादाताओं से निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**1. निविदा सं0.: 29/अ0अ0(अनु0 एवं उत्पा0)/ढ0वि0गृ0/2025–26 :** 33 केवी सर्किट ब्रेकर की आपूर्ति, स्थापना, टेस्टिंग एवं कमीशनिंग का कार्य।

**अनुमानित लागत:** रू 24.89 लाख + जीएसटी

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:** 31.03.2026 को 17:00 बजे से

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :** 22.04.2026 को 13:00 बजे तक

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वेबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट "www.ujvnl.com" से डाउनलोड किये जा सकते है।

अधिशासी अभियन्ता (अनु0 एवं उत्पा0)

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

# एलपीजी संकट के समाधान को लेकर पहल, होटल व धर्मशालाओं को पीएनजी कनेक्शन लेने की अपील

## नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन और धर्मशाला प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जनपद में होटल और धर्मशालाओं में सामने आ रही एलपीजी गैस की समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने अब पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) कनेक्शन को बढ़ावा देने की पहल शुरू कर दी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देश पर नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन और धर्मशाला प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान ने सभी होटल संचालकों और धर्मशाला पदाधिकारियों से अपील की कि वे एलपीजी पर निर्भरता कम करते हुए जल्द से जल्द पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए आवेदन करें। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा को सुचारु रूप से संचालित करने के लिए समय रहते गैस आपूर्ति की व्यवस्था मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने एसोसिएशन पदाधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि वे आपसी समन्वय बनाकर पीएनजी कनेक्शन के प्रति व्यापक प्रचार-प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक व्यवसायिक प्रतिष्ठान इस सुविधा से जुड़ सकें। नगर मजिस्ट्रेट ने पीएनजी गैस प्रबंधन को निर्देश दिए कि जिन होटल, धर्मशालाओं और अन्य प्रतिष्ठानों द्वारा आवेदन किया जाए, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही इंडियन ऑयल और बीपीसीएल गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि वे व्यावसायिक उपभोक्ताओं की मांग के अनुसार एलपीजी गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करें। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अधिकारी मयंक कुमार ने बताया कि वर्तमान में गैस एजेंसियों में एलपीजी की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि होटल और धर्मशालाओं को अपनी गैस आवश्यकता और संबंधित एजेंसी का विवरण उपलब्ध कराना होगा, जिसके आधार पर उन्हें नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, जिला पूर्ति अधिकारी मुकेश पाल, बीपीसीएल के अश्वनी कुमार, पीएनजी प्रबंधक प्रांशु वालियान, धर्मशाला समिति के महेश गौड़, बजट होटल एसोसिएशन के कुलदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्कूल में चोरों ने की चोरी, लैब और अभिलेखों को नुकसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**पथरी।** थाना क्षेत्र के गांव रानी माजरा में राजकीय उच्चतर प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर अंदर रखा सामान तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया विद्यालय के प्रधानाचार्य ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव रानीमाजरा में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है चोरों ने विज्ञान लैब में रखे अलमारी को पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। अलमारी में रखा कुछ जरूरी सामान भी उठा ले गए। इससे पहले भी 26 मार्च की रात को कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने परीक्षा कक्ष का ताला तोड़कर पुस्तकालय एवं शौचालय को सतिग्रस्त किया गया था। अलमारी के ताले तोड़े गए तथा जरूरी अभिलेख उठा ले गए इसकी सूचना भी पुलिस को दी गई थी इस दौरान चौकी प्रभारी ने मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया और कार्यवाई का आश्वासन दिया था। स्कूल प्रधानाचार्य ने पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाई की गुहार लगाई है। फेरुपुर चौकी प्रभारी नवीन कुमार ने बताया स्कूल में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है मामले में तहरीर आई है। जांच कर कार्यवाई की जाएगी।

# बीडीएस व डॉग स्कवायड टीम ने मंशा देवी व चंडी देवी मंदिर में चलाया चेकिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बुधवार को बम निरोधक दस्ते व डॉग स्कवायड टीम ने मंशा देवी व चंडी देवी मंदिर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान बीडीएस व डॉग स्कवायड ने मंदिर का चप्पा चप्पा खंगाला। क्राइम मीटिंग में एसएसपी नवनीत सिंह ने चारधाम यात्रा के दृष्टिगत सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के अनुपालन करते हुए पुलिस, बीडीएस व डॉग स्क्वायड टीमों द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर लगातार चौकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को बीडीएस व डॉग स्कवायड टीम मनसा देवी व चंडी देवी मंदिर पहुंची और मंदिर परिसर व मार्ग पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहनों को चेक किया।

# आज से जनपद में चलेगा वृहद स्वच्छता अभियान

## हाईवे, रेलवे स्टेशन, नगर क्षेत्र, धार्मिक स्थल, अस्पताल व निजी विद्यालय भी शामिल

**37 विभागों के अधिकारियों को बनाया नोडल अधिकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चारधाम यात्रा की तैयारियों के क्रम में हरिद्वार जिले में बृहष्पतिवार 1 अप्रैल से वृहद स्वच्छता अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान को प्रभावी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने 37 विभागों के अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है। अभियान के तहत नगर निगम, नगर पालिकाएं, रेलवे स्टेशन, राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख सड़कें, वन क्षेत्र, पर्यटन स्थल, धार्मिक स्थल, आश्रम, चिकित्सालय, आंगनबाड़ी केंद्र, औद्योगिक क्षेत्र एवं समस्त शैक्षणिक संस्थानों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि 19 अप्रैल से चारधाम यात्रा शुरू हो रही है। हरिद्वार जनपद चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार है। ऐसे में स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखी जानी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में शुरू किया जा रहा स्वच्छता अभियान केवल औपचारिकता न रहकर जनसहभागिता से जन आंदोलन का रूप ले, जिसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने कार्यक्षेत्र में स्थानीय निकायों, स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित करें। जिलाधिकारी ने विशेष निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा से पूर्व सभी प्रमुख हाईवे, मार्गों एवं सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही जनपद के सभी निजी विद्यालयों को अभियान से जोड़ते हुए विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता विकसित की जाए, ताकि स्वच्छता का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, स्वयंसेवकों एवं संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिससे अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। जिलाधिकारी ने सभी विभागों, संगठनों एवं आमजन से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हरिद्वार को स्वच्छ, सुंदर एवं आदर्श प्रवेश द्वार बनाया जा सकता है, जिससे चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को एक सकारात्मक और यादगार अनुभव प्राप्त हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों से अपेक्षा की है कि जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में अभियान को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.आरके सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी नरेश कुमार हल्दयानी, सहायक परियोजना निर्देशक नलिनीत घिल्डियाल, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रमोद पांडे, उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, जिला पंचायत राज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह, स्वजल चंद्रकांत मणि त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डीके चंद सहित सभी तहसीलों एवं विकास खंडों के नोडल अधिकारी वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

# स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली का आरोप लगाते हुए जिला महानगर कांग्रेस कमेटी ने भूपतवाला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान जिला महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग और स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मुरली मनोहर ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई है। पिछले 2 साल से भूपतवाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की कमी के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक अस्पताल में व्यवस्थाएं सुचारू नही होती हैं। कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। वरिष्ठ नेता अशोक शर्मा और पूर्व पार्षद कैलाश भट्ट ने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य व्यवस्था पीपीपी मोड पर चल रही है। जनता की गाढ़ी कमाई से ठेकेदार मौज कर रहे हैं। पार्षद महावीर वशिष्ठ और पार्षद हिमांशु गुप्ता ने कहा कि भाजपा सरकार का गरीबों से कोई सरोकार नहीं है। यह सरकार महज पूंजीपतियों की सरकार बनकर रह गई है। वरिष्ठ नेता सुभाष कपिल और पार्षद सोहित सेठी ने कहा कि भाजपा सरकार का ध्यान सिर्फ अवैध खनन और भूमाफिया को संरक्षण देने में है। शिक्षा, स्वास्थ्य से सरकार को कोई मतलब नहीं है। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से बलराम गिरी कड़क, सतीश गुजराल, ओम मलिक, संजय सैनी, नितिन यादव, पार्षद सुनील कुमार सिंह, ऋषभ वशिष्ठ, शुभम जोशी, करन सिंह राणा, बादल गोस्वामी, मधुकांत गिरी, संदीप चौधरी, पवन शर्मा, भोपाल सिंह बिष्ट, नरेश ठाकुर, वेदांत उपाध्याय, हिमांशु राजपूत, सुनील कुमार प्रजापति, सत्यम शर्मा, जगदीप असवाल, राजेन्द्र कश्यप, गणेश दत्त, निखिल सौदाई, गगन अग्रवाल, आदि कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बहादराबाद।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय नंबर 7, विकासखंड बहादराबाद में आज बच्चों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ वजन, ऊंचाई, आंखों की जांच सहित विभिन्न आवश्यक परीक्षण किए, जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य का आकलन किया जा सके।

जांच के दौरान कई बच्चों में दांतों से संबंधित समस्याएं सामने आईं। इस पर चिकित्सकों ने बच्चों को नियमित रूप से सुबह-शाम ब्रश करने और रात में सोने से पहले गुनगुने पानी से कुल्ला करने की सलाह दी, ताकि दांत स्वस्थ रहें और संक्रमण से बचाव हो सके। इस अवसर पर डॉ. विनय सिंह ने कहा कि बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा, "प्रारंभिक अवस्था में बीमारियों की पहचान होने से उनका उपचार आसान हो जाता है। स्वस्थ बच्चा ही देश का उज्ज्वल भविष्य होता है, इसलिए अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए।" उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार लेने, स्वच्छता बनाए रखने और नियमित रूप से हाथ धोने की आदत अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। डॉ. सुषमा मिश्रा ने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण के महत्व के बारे में जानकारी दी, जबकि फार्मेसिस्ट वीरेंद्र दत्त चमोली ने दवाइयों के सही उपयोग और समय पर सेवन के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय स्टाफ ने चिकित्सकीय टीम का आभार व्यक्त किया।

# स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली पुलिस ने स्मैक समेत एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 10.08 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकद्मा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसएसपी के निर्देशों पर नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नहर पटरी मायापुर स्थित श्रीराम घाट के पास चेकिंग के दौरान रईस पुत्र करामत निवासी ग्राम रतनपुर थाना बहारदाबाद को स्मैक समेत दबोच लिया। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, एसएसआई नन्दकिशोर ग्वाड़ी, एसआई आशीष नेगी, कां. अनिल कुमार, आनन्द तोमर व अर्जुन सिंह शामिल रहे।

## भाजयुमो पदाधिकारियों ने अखाड़ा परिषद अध्यक्ष से लिया आशीर्वाद

# राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर कार्य करें युवा : रविंद्रपुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने निरंजनी अखाड़ा पहुंचकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी से आशीर्वाद लिया। श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने सभी पदाधिकारियों का मां मनसा देवी की चुनरी और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और आशीर्वाद देते हुए कहा कि भाजपा सरकार सनातन के संरक्षण के लिए लगातार कदम उठा रही है। युवा कार्यकर्ता राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर कार्य करें। युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भोला शर्मा व जिला महामंत्री सूर्यकांत सैनी ने कहा कि अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी सनातन संस्कृति को आगे बढ़ाने के साथ मानव कल्याण के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। कोरोना काल में जरूरतमंदों की सेवा में किया गया उनका योगदान सभी को सदैव स्मरणीय रहेगा। जिला मंत्री अर्श नैयर व मोर्चा सदस्य कृष्णा गुजराल ने कहा कि संत महापुरूषों के आशीर्वाद से जनसेवा की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि श्रीमहंत रविंद्रपुरी के नेतृत्व में जिस प्रकार प्रयागराज महाकुंभ मेला सफलता पूर्वक संपन्न हुआ है। उसी प्रकार अगले वर्ष हरिद्वार में होने वाला कुंभ मेला भी दिव्य व भव्य रूप से संपन्न होगा। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी संतोषानंद, श्रीमहंत रामरतन गिरी, महंत राज गिरी, सुमित अदलक्खा भी मौजूद रहे।

# करौली शंकर महादेव का भव्य पट्टाभिषेक समारोह सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** श्री करौली शंकर महादेव धाम मिश्री मठ के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव का पट्टाभिषेक समारोह श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में भव्य रूप से आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न अखाड़ों के प्रतिनिधि, संत-महंत और गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के पदाधिकारियों, मुखिया महंत भगतराम, मुखिया महंत आकाश मुनि, मुखिया महंत मंगलदास, अध्यक्ष महंत धूनी दास, सचिव मुखिया महंत जगतार मुनि और अध्यक्ष महंत गोपाल दास ने विधि-विधान के साथ तिलक, चादर एवं पट्टाभिषेक की रस्में सम्पन्न कराईं। समारोह को संबोधित करते हुए मुखिया महंत भगतराम ने कहा कि करौली शंकर महादेव योग, मंत्र दीक्षा, ध्यान साधना और भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वे अखाड़े की परंपराओं का पालन करते हुए उसकी मान-मर्यादा को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। सचिव मुखिया महंत जगतार मुनि ने कहा कि महामंडलेश्वर के रूप में करौली शंकर महादेव, भगवान श्रीचन्द्र के विचारों और परंपराओं को आत्मसात करते हुए अखाड़े की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाएंगे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि करौली शंकर महादेव एक विलक्षण संत हैं, जिन्होंने सदैव मानवता की सेवा को प्राथमिकता दी है। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा के श्रीमहंत ज्ञानदेव सिंह महाराज ने कहा कि उन्हें महामंडलेश्वर बनाकर संत समाज को नई ऊर्जा मिली है। समारोह का संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने किया। इस अवसर पर देशभर से आए अनेक संत-महंत, अधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पार्षदों ने मांस, मछली, अंडा बेचने वाले होटलों को शहर से बाहर करने का किया विरोध

**निगम बोर्ड के प्रस्ताव को एजेंडे से हटाया जाए : अहसान अंसारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** मीट, मछली, अंडों के होटल में पके खाने की वस्तुओं पर नगर निगम की आगामी बोर्ड बैठक में रोक लगाए जाने की खबर पर पार्षदों ने मेयर किरण जैसल से भेंटवार्ता कर प्रस्ताव पर रोक लगाए जाने की मांग की और पत्र सौंपा। त्रिमूर्ति नगर वार्ड 44 के पार्षद अहसान अंसारी ने कहा कि मीट की दुकान नगर निगम क्षेत्र से बाहर करने का प्रस्ताव लाया गया था। दुकानों का निर्माण भी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कच्चे मांस की दुकानों को शहर से बाहर निकालने के प्रस्ताव पर हम सहमत हैं। लेकिन होटल ढाबों एवं दुकानों पर बन रहे मांस मछली अंडे की दुकानें शहर में ही संचालित रहनी चाहिए। पके हुए मीट, अंडे व मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाना जनहित में उचित नहीं है। इस प्रस्ताव के लागू होने से एक लाख से अधिक की आबादी प्रभावित होगी। हजारों लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो जाएगा। अहसान अंसारी ने कहा कि नगर निगम बोर्ड के इस प्रस्ताव को एजेंडे से हटाया जाए। कच्चे मीट की दुकानें ही शहर से बाहर शिफ्ट होनी चाहिए। पूर्व राज्य मंत्री हाजी नईम कुरैशी ने कहा कि हिंदू समाज की भावनाओं का हम सम्मान करते हैं। लेकिन शहर में हजारों दुकानें होटल ढाबों पर अंडा मांस मछली की बिक्री होती है। होटल ढाबों को शहर से बाहर करना उचित नहीं है। इससे रोजगार भी प्रभावित होगा। उन्होंने कहा कि कच्चे मीट की बिक्री के लिए नगर निगम द्वारा दुकानों का निर्माण कराया गया है। उन दुकानों पर ही कच्चा मीट बिकना चाहिए। लेकिन होटल को शहर से बाहर करना न्याय संगत नहीं है। हाजी नईम कुरैशी ने यह भी कहा कि हिंदू और मुस्लिम दोनों वर्ग के लोग मीट व अंडे की दुकानें चला रहे हैं। किसी का रोजगार समाप्त करने का कोई अधिकार नहीं है। यह लोगों के अधिकारों का भी उल्लंघन है।हाजी इरफान अंसारी ने कहा कि ज्वालापुर उपनगरी कुंभ क्षेत्र से भी बाहर है। उन्होंने सुझाव दिया कि अंडा मांस मछली के होटल ढाबों से साफ सफाई एवं ब्लैक शीशे लगाकर दुकानें संचालित करने का भी आग्रह किया जा सकता है। पार्षद अरशद ख्वाजा, पार्षद सुनील कुमार एवं विवेक भूषण विक्की ने कहा कि कुछ लोग भ्रम फैला कर माहौल खराब करते हैं। लाखों लोगों का रोजगार इस व्यापार से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि रोजगार समाप्त करना कोई हल नहीं है। सभी एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हैं। होटल ढाबे एवं दुकानों को शहर से बाहर करने के निर्णय पर विचार करना जनहित में होगा। इस दौरान मेयर किरण जैसल कहा कि मीट अंडा आदि बेचने वाली दुकानों को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। उसके बाद ही कोई निर्णय होगा। मेयर प्रतिनिधि सुभाषचंद ने कहा कि बातचीत से समस्या का हल किया जाएगा। कच्चे मांस की दुकानों को जल्द ही शहर से बाहर सराय में शिफ्ट किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने वालों में मोमिन अंसार ज्वालापुर के सदर हाजी इरफान अंसारी ,पार्षद प्रतिनिधि शहाबुद्दीन अंसारी, पार्षद हिमांशु गुप्ता, विवेक भूषण विक्की, सुनील कुमार, अकरम अंसारी, आरिफ, वाजिद अली, पुनीत कुमार आदि शामिल रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कोतवाली नगर पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में फरार चल रहे आरोपित को उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के बरसाना से गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवलोक कालोनी निवासी गजेंद्र सिंह ने बीते वर्ष 12 जून को कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर संजीत कुमार पुत्र रामपाल निवासी ग्राम नारनौंद थाना नारनौंद जिला हिसार हरियाणा पर बिजनेस के नाम पर बीस लाख की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। लेकिन वह हाथ नहीं आया। आरोपी के लगातार फरार रहने पर एसएसपी के दिशा निर्देशों पर नगर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मोबाइल नंबरां की लोकेशन व मुखबिर की सूचना के आधार पर सुरागरसी पतारसी करते हुए आरोपी संजीत को मथुरा जिले के बरसाना से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एसएसआई नन्दकिशोर ग्वाड़ी, एसआई हाकम सिंह, कांस्टेबल निर्मल रांगण, अजीत तोमर शामिल रहे।

# धूम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल में नन्हे विद्यार्थियों का भव्य स्वागत

**विद्यारंभ पूजा के साथ नए सत्र की शुरुआत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** धूम सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल, सीतापुर ज्वालापुर में प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नए शैक्षिक सत्र के अवसर पर अभिविन्यास कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। इस दौरान विद्यालय परिवार ने नए प्रवेश लेने वाले नन्हे विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों का गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में नए माहौल को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। उन्होंने विद्यालय परिसर का आनंद लिया, नए मित्र बनाए और अपनी शैक्षिक यात्रा की नई शुरुआत का अनुभव किया। इस शुभ अवसर पर विद्यारंभ पूजा का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। पूरे विद्यालय में आध्यात्मिक ऊर्जा, सकारात्मकता और ज्ञान के प्रति सम्मान का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और प्रार्थना से हुई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पूरे मनोयोग से भाग लेकर ज्ञान, सफलता और उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक मुकुल चौहान ने अपने संदेश में कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जन का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का आधार भी है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं, विद्यालय की प्रमुख साधना भाटिया ने कहा कि विद्यालय बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें सकारात्मक व प्रेरणादायी वातावरण देने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण संभव है। यह अवसर शिक्षा, संस्कार और एकता की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ। विद्यालय परिवार ने आशा जताई कि नया शैक्षिक सत्र विद्यार्थियों के लिए सीखने, विकास और नई उपलब्धियों से भरपूर रहेगा।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हरिद्वार

पत्रांकः– 847/निविदा/11 — **अल्पकालीन निविदा सूचना** — दिनांकः–31.03.2026

अध्यक्ष, उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, हरिद्वार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम के अन्तर्गत कॉलम 8 में वर्णित श्रेणी अथवा उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नानुसार आमंत्रित निविदायें निम्नानुसार दिनांक 15.04.2026 तक विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 16.04.2026 समय 3:00 बजे तक कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हरिद्वार में जमा की जायेगी। (किसी कारण वश अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस पर) जोकि उसी दिन 3:30 बजे कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण शाखा, उत्तराखण्ड पेयजल निगम, हरिद्वार में मनोनीत समिति एवं ठेकेदारो अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खोली जायेगी।

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | कार्य की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं टैक्स | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 |
| 01 | वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत रूड़की विकास खण्ड में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 60,000.00 | 12 माह | 2000+18% जी0एस0टी0 | हैण्डपम्पों में डी अथवा उच्च श्रेणी |
| 02 | वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत भगवानपुर विकास खण्ड में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 60,000.00 | 12 माह | 2000+18% जी0एस0टी0 | हैण्डपम्पों में डी अथवा उच्च श्रेणी |
| 03 | वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत लक्सर एवं खानपुर विकास खण्ड में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 60,000.00 | 12 माह | 2000+18% जी0एस0टी0 | हैण्डपम्पों में डी अथवा उच्च श्रेणी |
| 04 | वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत बहादराबाद विकास खण्ड में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 60,000.00 | 12 माह | 2000+18% जी0एस0टी0 | हैण्डपम्पों में डी अथवा उच्च श्रेणी |
| 05 | वर्ष 2026–27 के अन्तर्गत नारसन विकास खण्ड में इण्डिया मार्क–।। हैण्डपम्पों का अधिष्ठापन एवं तत्सम्बन्धित कार्य। | 60,000.00 | 12 माह | 2000+18% जी0एस0टी0 | हैण्डपम्पों में डी अथवा उच्च श्रेणी |

निविदा की शर्ते कार्यालय के नोटिस बोर्ड अथवा शाखा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(आर0के0 गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें।

**सैफ सलमानी**
ब्यूरो चीफ
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
कार्यालय : रामनगर, तहसील के पीछे, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो.: 9639554327, ई-मेल : shahtimeshr2026@gmail.com

# 'शी फॉर स्टेम' कार्यक्रम से सशक्त होंगी बेटियां: धामी



■ विज्ञान-तकनीक से आगे बढ़ेगा उत्तराखंड
■ कहा - विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान और प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**चंपावत।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गोरलचौड़ सभागार, चम्पावत में आयोजित शी फॉर स्टेम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करते हुए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने राज्य की 50 मेधावी छात्राओं को प्रति छात्रा 10,000 की छात्रवृत्ति प्रदान की तथा विभिन्न छात्र-छात्राओं को स्टेम लैपटॉप वितरित कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने चम्पावत में 'विज्ञान रेडियो' की स्थापना किये जाने, जनपद को आदर्श के साथ 'रेजिलिएंट' जनपद के रूप में विकसित किये जाने, महिला प्रौद्योगिकी केंद्र के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराये जाने के साथ 'आपदा प्रबंधन केंद्र' की स्थापना के लिए केंद्र सरकार से अनुरोध किये जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय विज्ञान और नवाचार का है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश की प्रत्येक बेटी विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि समस्याओं के समाधान और प्रगति का सबसे सशक्त माध्यम है। जब बेटियाँ विज्ञान के क्षेत्र में नेतृत्व करेंगी, तभी एक सशक्त और समृद्ध उत्तराखंड का निर्माण संभव होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार नवाचार को बढ़ावा देने और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रही है।

केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के माध्यम से बालिकाओं में वैज्ञानिक सोच का विकास हो रहा है तथा प्रदेश में विकसित हो रहे साइंस एवं इनोवेशन केंद्र भविष्य में विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सिद्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान शिक्षा से छात्राओं में तार्किक क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना करने और स्वरोजगार के अवसर सृजित करने में सक्षम बनती हैं। उन्होंने चम्पावत में निर्माणाधीन साइंस सेंटर का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र युवाओं में विज्ञान एवं अनुसंधान को नई दिशा देगा। कार्यक्रम के दौरान महिला उद्यमियों ने विज्ञान एवं तकनीकी प्रशिक्षण से हुए सकारात्मक बदलावों को साझा किया। ग्राम कांडा की श्रीमती दिया ने फूड प्रोसेसिंग के क्षेत्र में अपने अनुभव बताए, वहीं ग्राम भिंगराड़ा की ग्राम प्रधान श्रीमती गीता भट्ट ने पिरूल ब्रिकेटिंग यूनिट के माध्यम से रोजगार और पर्यावरण संरक्षण के सफल प्रयासों की जानकारी दी। श्रीमती कमला पांगती ने जूट बैग निर्माण, फूड प्रोसेसिंग, कैंडी निर्माण एवं मधुमक्खी पालन जैसे प्रशिक्षणों से हुए लाभों को साझा किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सीमांत क्षेत्रों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार को बढ़ावा देने के साथ महिलाओं को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। चम्पावत को आदर्श जनपद बनाने की दिशा में विभिन्न योजनाएँ संचालित की जा रही हैं तथा यूकॉस्ट के माध्यम से मातृशक्ति के लिए महिला प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना भी की गई है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि महिला उद्यमियों को हस्तशिल्प, ऐपण कला, मंडुवा उत्पाद, सैनेटरी पैड निर्माण, औषधीय मशरूम उत्पादन एवं एरोमा मिशन के तहत सुगंधित पौधों की खेती जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और कोरोना वैक्सीन, चंद्रयान-3 तथा आदित्य एल1 जैसी उपलब्धियाँ इसका प्रमाण हैं। किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास पर निर्भर करती है।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष चम्पावत आनंद सिंह अधिकारी, दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पाण्डे, यूकॉस्ट के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत, विज्ञानशाला इंटरनेशनल की संस्थापक डॉ. दर्शना जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष गोविंद सिंह सामंत, भाजपा प्रदेश मंत्री निर्मल मेहरा, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुड़िया, जिलाधिकारी मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## केनरा बैंक ने मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 लाख का चेक किया भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में केनरा बैंक के प्रति. निधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान बैंक की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि का चेक भेंट किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने इस सहयोग के लिए केनरा बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री राहत कोष आपदा, दुर्घटना एवं अन्य आपात स्थितियों में प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार का सहयोग समाज के प्रति संवे. दनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है, जो जरूरतमंदों तक समय पर सहायता पहुंचाने में सहायक सिद्ध होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है और इस दिशा में विभिन्न संस्थाओं एवं संगठनों का सहयोग सराहनीय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी केनरा बैंक इसी प्रकार सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत योगदान देता रहेगा। इस अवसर पर केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक श्री संगमेश पड़नाड सहित बैंक के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने किया कार्यालयों का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने मंगलवार को दस बजे से पहले किया कई कार्यालय का औचक निरीक्षण इस दौरान उन्होंने मुख्य कोषागार नई टिहरी का वार्षिक निरीक्षण के साथ ही सूचना कार्यालय, अभियोजन सदर मालखाना, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सहित पुनर्वास कार्यालय का भी किया औचक निरीक्षण। निरीक्षण के दौरान कोषागार में उन्होंने डबल लॉक में रखे ई-स्टाम्प, सामान्य स्टाम्प, नोटरी स्टाम्प, कोर्ट शुल्क, राजस्व स्टाम्प, अधिवक्ता कल्याण स्टाम्प का सत्यापन किया। उन्होंने मुख्य कोषाधिकारी से बहुमूल्य वस्तुओं, चुनाव संबंधी सामग्री एवं बक्सों की भी जानकारी ली तथा दर्ज पंजिका से मिलान करते हुए सत्यपन्न हस्ताक्षर किए गए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को कार्यालय में संबंधित अभिलेखों को लिपिबद्ध एवं पारदर्शिता के साथ रखने, कार्यालय में विशेष सफाई व्यवस्था करने, समय पर कार्यालय में उपस्थित होने एवं आम जनमानस के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय पर करने के सख्त निर्देश दिए।

इस मौके पर वरिष्ठ कोषाधिकारी मनोज कुमार पाण्डेय, कोषाधिकारी अंजली भारती, सहायक कोषाधिकारी किशोरी भट्ट एवं प्रशान्त शर्मा, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी कलेम्ट्रेट धीरेन्द्र पुण्डीर, लेखाकार मनोज लखेड़ा आदि मौजूद रहें।

# परीक्षा परिणाम उत्सव में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता



**चकराता।** चकराता विकास खंड के राजकीय इंटर कॉलेज खरोड़ा और किशोरी लाल सरस्वती शिशु मंदिर, चकराता में परीक्षा परिणाम उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेज खरोड़ा कक्षा 6 से 11 तक के छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रत्येक कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय में कक्षा 6 से कुलदीप, कक्षा 7 से कृष, कक्षा 8 से अमित, कक्षा 9 से राजेंद्र तथा कक्षा 11 से रोहन डिमरी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। समग्र रूप से विद्यालय में प्रथम स्थान कक्षा 7 के कृष तथा द्वितीय स्थान कक्षा 6 के कुलदीप ने हासिल किया, जिन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त इंस्पायर अवार्ड के लिए आइडिया चयनित होने पर कक्षा 10 की आयुषी और कक्षा 9 के राजेंद्र को भी सम्मानित किया गया। इंस्पायर अवार्ड के संयोजक मनीष कुमार ने चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उन्हें आगे की तैयारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डा. उमेश चमोला, सतपाल चौहान, सतबीर सिंह, प्रेम राणा, इंदु कार्की, ममता कुकरेती तथा राधा डोभाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

# आम-जनमानस के अनुकूल करें निर्माण कार्य:डीएम

■ जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के कार्यों की समीक्षा



शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के कार्यों की समीक्षा मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी एवं विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी ने रेल परियोजना के अधिकारियों से डंपिंग यार्ड, मलेथा, नैथाणा के भूमि मुआवजा संबंधी प्रकरणों, नैथाणा मोटर मार्ग, वीर शिरोमणि माधौ सिंह भंडारी की मलेथा रेलवे स्टेशन पर भव्य मूर्ति उनके जीवन वृतांत को प्रदर्शित करने के अलावा अन्य कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। जिलाधिकारी ने मलेथा, नैथाणा के भूमि मुआवजा संबंधी प्रकरणों, के तत्काल निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी कीर्ति नगर को गठित कमेटी के साथ तत्काल पुनरू पारदर्शिता के साथ सत्यापित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए ताकि संबंधित को समय पर मुआवजे की धनराशि वितरण कराई जा सके। समीक्षा के दौरान नैथाणा सड़क मार्ग हेतु धनराशि मिलने के उपरांत लोक निर्माण विभाग द्वारा किसी टेक्निकल के कारण कार्य प्रारंभ न होने पर पुनरू आरडब्ल्यूडी घनशाली को कार्य कार्यदाई संस्था बनने पर विशेष चर्चा की गई, साथ ही रेल परियोजना निर्माण की कार्यक्षेत्र पर प्रकाश व्यवस्था, पानी का छिड़काव, नैथाणा के अंतर्गत पुलों का निर्माण,रानीहार देवली के अंतर्गत लाइट व्यवस्था, निर्माण के दौरान मेटरेल का सही रखरखाव आदि पर गहनता से चर्चा करते हुए संबंधित कंपनी एवं अधिकारियों को कार्यों में पारदर्शिता,ससमय एवं आम जनमानस के अनुकुल निर्माण कार्य करने के सख्त निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख देवप्रयाग विनोद बिष्ट व कीर्तिनगर अचला खण्डेलवाल, आरबीएनएल के प्रोजेक्ट मैनेजर डीएन कुमार, डीजीएम भूपेन्द्र सिंह, निर्देशक जीवीके सन्तोष रेडडी, जीएमएचआर अरुण कुमार सिंह, तहसीलदार मौ. सादब सहित सम्बधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व निर्माणदायी कम्पनी के कार्मिक उपस्थित रहे।

## एक नजर .......

### शराब के साथ एक पुरुष व महिला गिरफ्तार

**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 5 लीटर कच्ची शराब के साथ 1 व्यक्ति बीरू पुत्र फूल सिंह निवासी शेरपुर सहसपुर को सभावाला क्षेत्र और एक महिला कमलेश पत्नी जय सिंह निवासी बद्रीपुर थाना सहसपुर को धर्मावाला क्षेत्र से 5 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनो के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। पुलिस टीम में सिपाही गब्बर सिंह, राजवीर, अजीत व बीना शामिल रहे।

### एयरटेल ने की नेक्स्ट्रा में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की घोषणा

**देहरादून।** भारती एयरटेल (एनएसई: भारतीएयरटेल) ("एयरटेल") ने घोषणा की है कि अल्फा वेव ग्लोबल, कार्लाइल (नैस्डैक: सीजी) और एंकरेज कैपिटल अपने सहयोगी संस्थानों के माध्यम से नेक्स्ट्रा डेटा लिमिटेड ("नेक्स्ट्रा") में एक बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश करेंगे। नेक्स्ट्रा, एयरटेल की सहायक कंपनी है जो डेटा सेंटर के कारोबार में काम करती है। इस निवेश का उद्देश्य पूरे भारत में नेक्स्ट्रा के नेटवर्क का विस्तार करना और इसकी वृद्धि को तेज करना है। इस निवेश दौर में एयरटेल भी भागीदारी करेगी। इस समझौते के तहत अल्फा वेव ग्लोबल 435 मिलियन अमेरिकी डॉलर, कार्लाइल 240 मिलियन अमेरिकी डॉलर और एंकरेज कैपिटल 35 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश अपने सहयोगी संस्थानों के माध्यम से करेंगे। शेष रकम का निवेश एयरटेल द्वारा किया जाएगा। निवेशकों की अंतिम हिस्सेदारी डील पूरी होने के बाद होने वाले अंतिम समायोजनों पर निर्भर करेगी। नेक्स्ट्रा में एयरटेल का नियंत्रणकारी हिस्सा बना रहेगा।

### मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न विकास योजनाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में विश्वविद्यालय की चाहरदीवारी निर्माण कार्यदायी संस्था द्वारा गठित आंगणन को नियोजन विभाग द्वारा संस्तुत धनराशि 8.62 करोड के सापेक्ष संगत मद में अवशेष एवं उपलब्ध बजट 1.50 करोड, शहरी विकास विभाग के अन्तर्गत जनपद देहरादून के डाण्डा लखौण्ड सहस्त्रधारा रोड में शहरी विकास निदेशालय के कार्यालय भवन निर्माण के लिए लागत 62.64 करोड की स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष में 5.00 करोड तथा उच्च शिक्षा विभाग के अन्तर्गत सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय के लक्ष्मण सिंह महर पिथौरागढ़ परिसर में विधि संकाय भवन के निर्माण हेतु नियोजन विभाग द्वारा संस्तुत धनराशि 17.48 करोड के सापेक्ष संगत मद में अवशेष एवं उपलब्ध बजट 3.13 करोड स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद देहरादून के विधान सभा क्षेत्र रायपुर के विकासखण्ड रायपुर में कालंगा नहर खुली नहर पर कवरिंग कार्य के लिए प्रथम किश्त में 42.18 लाख, जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत्त राज्य मार्ग-70 सत्रहमील से नानकसागर प्रभाग का 1.5 लेन में उच्चीकरण किये जाने के लिए 34.44 करोड तथा जनपद एवं विकासखण्ड चम्पावत के ग्राम नीड से नैनी ग्रामीण मोटर मार्ग के निर्माण नई ग्रामीण सड़क योजना के विस्तृत आगणन की धनराशि 6.58 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। राज्य अतिथि गृह, उत्तराखण्ड निवास नई दिल्ली के विद्युत अनुरक्षण/मरम्मत सम्बन्धी कार्यों के लिए 2.73 करोड़ स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन किया गया है।

# फार्मास्यूटिकल रिसर्च में आईपीआर पर मंथन

■ जिज्ञासा यूनिवर्सिटी में जुटे फार्मा विशेषज्ञ
■ आईपीआर के जरिए शोध को बढ़ावा देने पर जोर



शाह टाइम्स संवाददाता

**विकासनगर।** जिज्ञासा यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज द्वारा "फार्मास्यूटिकल साइंसेज में बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) नवीन प्रवृत्तियां, उभरते नवाचार एवं उच्च शिक्षा में शोध व शैक्षणिक प्रक्रियाओं पर प्रभाव" विषय पर यूकॉस्ट प्रायोजित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. फारूक, प्रेसिडेंट, हिमालय वेलनेस कंपनी, देहरादून ने अपने संबोधन में कहा कि फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बौद्धिक संपदा अधिकारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आईपीआर न केवल शोधकर्ताओं को उनके आविष्कारों का अधिकार दिलाता है, बल्कि उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को भी मजबूत करता है। उन्होंने युवाओं को नवाचार और पेटेंट के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. (डॉ.) शंकर रामामूर्ति के मार्गदर्शन में किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शोध की गुणवत्ता और उसके संरक्षण के लिए आईपीआर की समझ अनिवार्य हो गई है। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं को छात्रों और शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए निरंतर ऐसे प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

इस अवसर पर एम. एल. जोशी, पूर्व रजिस्ट्रार, उत्तराखंड फार्मेसी काउंसिल, प्रो. (डॉ.) शिवानंद पाटिल, ईसी सदस्य, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, तथा त्रिभुवन सेमवाल, जनरल मैनेजर (प्रोडक्शन), यूनि मेडिकोलैब्स, देहरादून ने आईपीआर की प्रासंगि. कता पर अपने विचार साझा किए।

कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ताओं प्रो. (डॉ.) अतुल कौशिक, डॉ. राहुल तनेजा, राम किशोर कुशवाहा एवं हिमांशु गोयल, कार्यक्रम संयोजक डा. अमनदीप सिंह, प्राचार्य स्कूल आफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, रजिस्ट्रार इंचार्ज डॉ. योगेश नंदा सहित निदेशक आईक्यूएसी प्रो. (डॉ.) मनीष शर्मा, विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के डीन एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

# पुलिस ने ऑपरेशन नाइट वॉच के तहत की चालानी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**सहसपुर।** हुड़दंगी छात्रों/युवकों पर नकेल कसने के लिए एसएसपी दून के निर्देशों पर शुरू हुआ दून पुलिस का 'ऑपरेशन नाइट वॉच'। जिसके तहत सहसपुर पुलिस ने रात्रि में चौकिंग अभियान चलाते हुए बड़े स्तर पर कार्यवाही की। थाना सहसपुर द्वारा 'ऑपरेशन नाइट वॉच' अभियान के अंतर्गत रेश ड्राइविंग करने वाले वाहन का एमवी एक्ट तथा देर तक खुलने वाले ढाबों का 83 पुलिस एक्ट में चालान किया।

एसएसपी देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में रात्रि को अनावश्यक रूप से घूम रहे हुड़दंगी छात्रों पर नकेल कसने तथा रात्रि में लगातार सघन चेकिंग अभियान चलाते हुए संदिग्धों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। विश्वविद्यालय/कॉलेजो मे पढ़ने के नाम पर युवकों को रात्रि में अनावश्यक रूप से घूमने, हुड़दंग करने या कोई अपराध करना किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, ऐसे सभी युवकों के विरुद्ध सख्त से सख्त 'कानूनी कार्रवाई की जाएगी, यदि किसी भी कॉलेज/यूनिवर्सिटी का छात्र अनावश्यक रूप से ग्रुप मे घूमते हुए/ हुड़दंग या कोई अपराध करते हुए पाए जायेगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई के साथ साथ सुनिश्चित किया जाएगा कि संबंधित कॉलेज/यूनिवर्सिटी से उनका निष्कासन भी कराया जायेगा। इसी क्रम में बीते रोज थाना सहसपुर पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही के अंतर्गत रैश ड्राइविंग में 6 वाहन सीज किए, मॉडिफाइड साइलेंसर 3, बिना हेलमेट के 10, 5 कोर्ट चालान काटे, इसके अलावा 83 पुलिस एक्ट में 3, 81 पुलिस एक्ट में 2 चालान काटें।

# सरस्वती इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**विकासनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विक. ासनगर में वार्षिक परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पंकज जोशी, अनिल कुमार जैन (पूर्व अध्यक्ष कृषि मंडी समिति विक. ासनगर) विद्यालय प्रबंधक सुशील अग्रवाल आदि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने स्वागत गीत, एकल गीत तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। विद्यालय के परीक्षा प्रभारी सुभाष चमोली ने परीक्षाफल घोषित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 94.24 प्रतिशत रहा। पूर्व प्राथमिक वर्ग में इशिता कक्षा (एलकेजी) 97.08 प्रतिशत, प्राथमिक वर्ग में काव्या राणा (तृतीय) 96.83 प्रतिशत, जूनियर वर्ग में अथर्व प्रताप सिंह (सप्त 94. 65 प्रतिशत, कक्षा नवम में (अन्वेषा सिंह) 96.2 प्रतिशत, कक्षा एकादश में ऋषभ डिमरी 88. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान पर रहे। कक्षा 11 की अना. मिका नेगी को विद्यालय रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष भर में विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे निबंध, सर्वाधिक उपस्थिति, आदर्श छात्र, संस्कृति ज्ञान परीक्षा आदि में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। सत्र भर की विभिन्न सांस्कृतिक, बौद्धिक, शारीरिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर गुरु गोविंद सिंह सदन (प्रथम) वीर केसरी चंद्र सदन (द्वितीय) तथा वीर सावरकर सदन तृतीय स्थान हेतु पुरस्कृत किये गये। इस अवसर पर विपिन, मुकेश कुमार, शोभा सिंह, विकास नगर बाज सिंह, गुलजार सिंह, छत्रपाल सिंह, चंद्रप्रकाश शर्मा, अभिभावक, आगंतुक तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# वार्षिक परिणाम दिवस पर झूम उठा विद्यालय परिसर

■ छात्र छात्राओं, अभिभावकों व शिक्षकों ने की शिरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**चकराता।** किशोरी लाल सरस्वती शिशु मंदिर, चकराता में कक्षा नर्सरी से कक्षा 5 तक सत्र 2025-26 का वार्षिक परिणाम दिवस बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं शिक्षकगण की सक्रिय सहभागिता से विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य खजान सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सदाचार का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम केवल अंक नहीं, बल्कि पूरे वर्ष की मेहनत, लगन और सीख का प्रतिबिंब होता है।

इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्थापक विकास अग्रवाल एवं अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह नेगी ने भी कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, कठोर परिश्रम करने तथा भारतीय संस्कारों को अपनाने की सीख दी।

# किड्स फ्यूचर ऐकडमी का वार्षिक समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई टिहरी।** पट्टी ओण के रमोलगांव में किड्स फ्यूचर ऐकडमी का वार्षिक समारोह रंगा. रंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बिक्रम सिह नेगी ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

किड्स फ्यूचर एकेडमी प्रांगण मे आयोजित वार्षिक समारोह मे विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गढ़वाली, हिंदी एवं भोजपुरी गीत, संगीत और नृत्य की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई समारोह को संबोधित करते हुए विधायक बिक्रम सिह ने कहा कि विद्यालय ज्ञान के भंडार मां सरस्वती का पवित्र मंदिर होता है जहाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास की नींव रखी जाती है इसलिए अभिभावकों और शिक्षकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के कार्य करना चाहिए ताकि नौनिहाल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बुनियादी शिक्षा को मजबूती मिल सकें इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख मनीषा पंवार, ज्येष्ट प्रमुख प्रकाश चंद रमोला, विधालय के प्रबंधक राहुल रमोला, प्रधानाचार्य विचित्र चौहान, हीरा मंतवाणी, सज्जन सिह, जयेंद्र सिह, रमोलगांव प्रधान रजमा देवी, प्रधान डांग कविता देवी, शिव सिह पोखरियाल, त्रैपन रौतेला, महिताव सिह थलवाल, महेश चंद रमोला, महेश चंद रमोला ,भगवान चंद रमोला, गजेंद्र रावत, दर्शन चंद रमोला, प्रीति, अर्चना ,शिवानी, सुि. चता, निकिता, अमीषा, मोनिका, राजमोहन रावत, शंकर सिह राणा, विनय देवी, प्रमोद मिश्रवाण, सौणा सिह पंवार आदि मौजूद थे।

# नॉर्थ ईस्ट सहित सभी छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सीएम

**एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत नॉर्थ ईस्ट के युवाओं से सीएम धामी ने किया संवाद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में "एक भारत श्रेष्ठ भारत" अभियान के अंतर्गत उत्तर-पूर्वी राज्यों के युवाओं ने संवाद किया। ये युवा देहरादून से उत्तरकाशी की यात्रा पर तीन दिवसीय राज्य भ्रमण कार्यक्रम के तहत आए हुए हैं। इस दौरान विभिन्न उत्तर-पूर्वी राज्यों के छात्रों ने मुख्यमंत्री से कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका मुख्यमंत्री ने विस्तारपूर्वक आत्मीयता के साथ उत्तर दिया।

त्रिपुरा की एक छात्रा द्वारा छात्रों की सुविधा और सुरक्षा के संबंध में पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में देश-विदेश से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते हैं और उनकी सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अरुणाचल प्रदेश के एक छात्र द्वारा उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्यों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि दोनों क्षेत्रों की भौगोलिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियाँ काफी हद तक समान हैं, जिससे "एक भारत श्रेष्ठ भारत" की भावना को और मजबूती मिलती है। उत्तराखंड में महिलाओं की भूमिका पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में 2 लाख 65 हजार से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं तथा महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने 19 हजार करोड़ रुपये का जेंडर बजट निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री धामी ने उत्तर-पूर्वी राज्यों से आए सभी छात्र-छात्राओं का देवभूमि उत्तराखंड में स्वागत करते हुए कहा कि देश के "अष्टलक्ष्मी" कहे जाने वाले उत्तर-पूर्वी राज्यों एवं लद्दाख जैसे हिमालयी क्षेत्रों से आए युवाओं के बीच उपस्थित होकर उन्हें अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि ये सभी युवा अपने-अपने राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विशिष्ट पहचान के साथ उत्तराखंड को और अधिक समृद्ध बनाने आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न वेशभूषा, भाषाएं, परंपराएं और जीवनशैली भारत की "विविधता में एकता" की भावना को साकार करती हैं और यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने उत्तर-पूर्वी राज्यों की प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख करते हुए कहा कि अरुणाचल प्रदेश की बर्फीली चोटियाँ, असम के चाय बागान, मणिपुर की लोकतक झील, मेघालय के पर्वत, मिजोरम की वादियां, नागालैंड की परंपराएं, सिक्किम की कंचनजंगा, त्रिपुरा की विरासत और लद्दाख की हिमालयी सुंदरता भारत की विविधता को विशेष पहचान देती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के तहत ये युवा वास्तव में देश के सच्चे ब्रांड एंबेसडर हैं, जो विभिन्न संस्कृतियों और परंपराओं को जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड और उत्तर-पूर्वी राज्य प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध हैं और दोनों क्षेत्रों में पहाड़, नदियां, जंगल और जनजातीय जीवनशैली का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की तरह ही उत्तर-पूर्वी राज्यों में भी लोक संस्कृति पूरी जीवंतता के साथ संरक्षित है। उत्तराखंड के पारंपरिक मेले-त्योहारों की तरह उत्तर-पूर्व में मनाए जाने वाले बिहू, शाद सुक माइनसिएम, चेरी ब्लॉसम फेस्टिवल और नोंगक्रेम जैसे त्योहार सांस्कृतिक समृद्धि के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में कर्नल अजय कोठियाल की भी उपस्थिति रही।

# यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल ने नई परियोजनाओं के निर्माण वाले प्रस्तावों को दी मंजूरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**देहरादून।** यूजेवीएन लिमिटेड के निदेशक मंडल की 133वीं बैठक मंगलवार को मुख्य सचिव व अध्यक्ष यूजेवीएन लिमिटेड आनंद वर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में आयोजित की गई। बैठक में निद. ेशक मंडल द्वारा निगम के विभिन्न विषयों से जुड़े अनेक प्रस्तावों पर विचार.विमर्श किया गया।

निदेशक मंडल द्वारा राज्य में नई परियोजनाओं के निर्माण से संबंधित कई प्रस्तावों को स्वीकृत किया गया। सीमांत जनपद पिथौरागढ़ में प्रस्तावित 120 मेगावाट की सिरक. ारी भ्योल रूपसियाबगड़ जल विद्युत परियोजना के सिविल कार्यों को प्रारंभ करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई। निदेशक मंडल के इस निर्णय से निश्चित रूप से इस महत्वपूर्ण परियोजना के कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही जनपद देहरादून में 600 मेगावाट की इछाड़ी पंप स्टोरेज परियोजना के निविदा प्रपत्र तैयार करने हेतु सक्षम स्तर से ही स्वीकृत करने के निर्देश दिए गए। इसी के टौंस नदी पर जनपद देहरादून में प्रस्तावित 72 मेगावाट की त्यूणी पलासू परियोजना के सिविल तथा हाइड्रो-मैकेनिकल निर्माण कार्य आवंटित करने के प्रस्ताव को भी निदेशक मंडल द्वारा स्वीकृत कर दिया गया। निदेशक मंडल द्वारा पबर नदी पर प्रस्तावित 81 मेगावाट की आराकोट त्यूणी जल विद्युत परियोजना की डी.पी.आर. की स्वीकृति के लिए भी दिशानिर्देश दिए गए।

बैठक में प्रमुख सचिव ऊर्जा डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव वित्त दिलीप जावलकर के साथ ही स्वतंत्र निदेशक इंदु कुमार पांडेय, बी.पी. पांडेय, पराग गुप्ता के साथ ही यूजेवीएन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए.के.सिंह, निदेशक परियोजनाएं सुरेश चन्द्र बलूनी, अधिशासी निदेशक सुधाकर बडोनी, आशीष जैन उपस्थित रहे।

# भाजपा परिवार जनसहभागिता से व्यापक स्वरूप में मनाएगा स्थापना दिवस

**'गांवों, बूथों पर विचारधारा के साथ सरकार के कामों को आगे बढ़ाएंगे कार्यकर्ता**

**मुख्यमंत्री, सांसद समेत जनप्रतिनिधियों की सहभागिता में होंगे कार्यक्रम**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा परिवार अपने संगठन के स्थापना दिवस को बूथ एवं गांव स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक स्वरूप में मनाने जा रही है। मुख्यमंत्री एवं सभी पार्टी जनप्रतिनिधि की सहभागिता से होने वाले इन कार्यक्रमों को पार्टी विचारधारा को आगे बढ़ाने के साथ, डबल इंजन सरकार के कामों का लाभ जनता को दिलाने की दृष्टि से किया जाएगा। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी दी कि 6 अप्रैल को भाजपा अपने सांगठनिक स्थापना दिवस को भव्य एवं व्यापक स्वरूप में मनाने जा रही है। देश की तरह प्रदेश में भी कोने-कोने में लाखों कार्यकर्ता, स्थापना दिवस को विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से मनाएंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन और प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद श्री महेंद्र भट्ट के निर्देश पर 5 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव स्तर बड़े कार्यक्रमों के साथ बूथ स्तर पर स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगी। कार्यक्रम को लेकर अपने संदेश में प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि, पार्टी की विशिष्ट विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लो. कप्रियता तथा कार्यकर्ताओं के त्याग और परिश्रम से समाज के प्रत्येक वर्ग का अपार जन समर्थन हमे मिल रहा है तथा लगातार पार्टी का विस्तार हो रहा है। आज भाजपा विकास का पर्याय है, विश्वास का पर्याय है, नए विचार का पर्याय है और देश की विजय का पर्याय है। भाजपा की कार्यशैली सर्वसमावेशी है, सर्वस्पर्शी है, सर्वजन का हित करने वाली है। भारतीय जनता पार्टी एक दल नहीं, एक विचार है जिसका ध्येय राष्ट्र निर्माण है, जन कल्याण है। भाजपा मतलब मिशन, भाजपा मतलब समाज सेवा, भाजपा मतलब सशक्तिकरण, भाजपा मतलब नए भारत का निर्माण। चौहान ने जानकारी दी कि प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रमों के समन्वय के लिए प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट को संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। उनके साथ प्रदेश समिति में प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, गुंजन सुखीजा एवं गौरव पाण्डे को सह-संयोजक के रूप कार्य करेंगे। इसी तरह जिला स्तर कार्यक्रमों की योजना एवं क्रियान्वयन के लिए 3 सदस्यीय समिति बनाई गई है।

## एसएसपी के हंटर से टूटी वाहन चोरों की कमर, दो शातिर गिरफ्तार

**देहरादून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत दून पुलिस ने वाहन चोरी की दो बड़ी घटनाओं का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गई दो स्कूटियां बरामद की हैं।

पहली घटना कोतवाली पटेलनगर की है, जहाँ इंदिरा एनक्लेव निवासी मोहम्मद मुर्तजा ने अपनी स्कूटी चोरी होने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, दूसरी घटना ऋषिकेश की है, जहाँ वादी अनूप सिंह ने होटल नीरज नेचर, वीरभद्र रोड से अपनी स्कूटी चोरी होने की तहरीर दी थी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने बीएनएस की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू की थी।एसएसपी के कड़े निर्देशों के बाद गठित पुलिस टीमों ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और पुराने वाहन चोरों का भौतिक सत्यापन किया।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना सरकार का मुख्य उद्देश्य : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

देहरादून। सूबे के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के कुठालगेट स्थित स्वामी रामतीर्थ मिशन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत मसूरी विधानसभा के शहीद दुर्गामल्ल मंडल के प्रशिक्षण वर्ग में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से पार्टी कार्यकर्ताओं को विस्तारपूर्वक बताया। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश में डबल इंजन सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन और समग्र विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार द्वारा संचा. लित विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से इन योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सरकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अनेक ऐसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनसे गरीब, किसान, महिला, युवा एवं श्रमिक वर्ग को सीधे लाभ मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। कैबिनेट मंत्री ने विशेष रूप से कृषि और सैनिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।



**कैबिनेट मंत्री ने दी प्रशिक्षण महाअभियान के तहत शहीद दुर्गामल्ल मंडल में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी**

इस अवसर पर विभिन्न सत्रों में मुख्य वक्ता के तौर पर सरकार में दायित्वधारी ज्योति प्रसाद गैरोला, भगवत प्रसाद मकवाना, अनिल गोयल, अनूप रावत, गौरव सिंह, बीजेपी प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

## युवा कलमकार प्रतियोगिता मे जय प्रकाश पांडेय रहे प्रथम

**देहरादून।** उत्तराखण्ड भाषा संस्थान देहरादून की और से आयोजित "युवा कलमकार प्रतियोगिताख्र2025" में पिथौरागढ़ निवासी युवा साहित्यकार जय प्रकाश पांडेय ने कविता विधा (आयु वर्ग 26ख्र35) में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रदेश स्तर पर अपनी सशक्त साहित्यिक उपस्थिति दर्ज कराई है। राज्यस्तरीय इस प्रतियोगिता में कहानी, कविता एवं यात्रा-वृत्तांत सहित विभिन्न विधाओं में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में प्रविष्टियाँ प्राप्त हुईं। गहन एवं बहुस्तरीय मूल्यांकन प्रक्रिया के पश्चात जय प्रकाश पांडेय की कविता "धराली ख्र पहाड़ का आखघ्रि खघ्त" को निर्णायक मंडल द्वारा सर्वश्रेष्ठ कृति के रूप में चयनित किया गया। यह कविता पहाड़, प्रकृति और बदलते सामाजिक यथार्थ की संवेदनशील अभिव्यक्ति के कारण विशेष रूप से सराही गई। देहरादून स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जय प्रकाश पांडेय को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, मंत्री खजान दास, प्रख्यात लेखक डॉ. जितेन ठाकुर तथा सचिव भाषा उमेश नारायण पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए साहित्यकारों, शिक्षाविदों एवं युवा रचनाकारों ने सहभागिता की। पांडेय को इससे पूर्व अपने चर्चित कहानी संग्रह "भूले बिसरे मतवाले" के माध्यम से भी साहित्यिक जगत में अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं। जिसका विमोचन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा किया गया था। वे निरंतर पत्र-पत्रिकाओं एवं सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय रहते हुए समसामयिक विषयों पर लेखन करते हैं। उनके लेखन में सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय सरोकारों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है।

## प्रशासनिक अव्यवस्थाओं पर कांग्रेस नाराज एडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जिला कांग्रेस कमेटी उत्तरकाशी ने जनपद की तहसीलों एवं उप-तहसीलों में व्याप्त प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नाराजगी जताई। ज्ञापन में कांग्रेसजनों ने आरोप लगाया कि अधिकांश तहसीलों एवं उप-तहसीलों में एसडीएम और तहसीलदार नियमित रूप से कार्यालयों में उपस्थित नहीं रहते, जिसके चलते आम जनता के राजस्व संबंधी कार्य लंबित पड़े हैं। इससे खासकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कांग्रेस ने पटवारी चौकियों की बदहाल स्थिति पर भी चिंता जताई। बताया गया कि कई पटवारी चौकियां या तो बंद पड़ी हैं या जर्जर अवस्था में हैं, जबकि पटवारी भी अपने कार्यस्थलों पर नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। इसके चलते दूरदराज क्षेत्रों से आने वाले ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। कांग्रेसजनों ने राज्य सरकार पर जनहित की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि विकास के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है, जबकि जमीनी स्तर पर हालात चिंताजनक हैं। ज्ञापन में कांग्रेस ने प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि सभी तहस. ीलों में अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, पटवारी चौकियों को पुनः सक्रिय किया जाए तथा जर्जर भवनों का शीघ्र पुनर्निर्माण कराया जाए। इस दौरान विजेंद्र नौटियाल, कनकपाल सिंह परमार, नवीन भंडारी, पपेंद्र नेगी, सूर्यबल्लभ नौटियाल, विपिन नौटियाल, कविता जोगेला, एकादशी, राखी राणा, सुधीश पंवार, भगवान चंद्र, रमन कटैथ, सुनील रावत, प्रकाश सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## नशे पर पुलिस का कड़ा प्रहार, 400 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**उत्तरकाशी।** जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तरकाशी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसओजी एवं धरासू पुलिस की संयुक्त टीम ने 400 ग्राम अवैध चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमलेश उपाध्याय के निर्देशन में जिलेभर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार रात्रि को पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक मनोज असवाल और एसओजी प्रभारी निखिल देव चौधरी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान ब्रह्मखाल क्षेत्र में सुलभ शौचालय के पास से पुलिस टीम ने सुनील शाह (30 वर्ष), निवासी धरासू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 400 ग्राम चरस बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 80 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोतवाली धरासू में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में नशे के अवैध कारोबार को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
विद्युत वितरण खण्ड, बड़कोट
CAN- UA 40109 UP 2001 SGC 025867

**शुद्धि-पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 25/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनाँक 05.01.2026 में अंकित धरोहर धनराशि में उल्लेखित रू० 14000 के स्थान पर रू० 17000 एवं निविदा शुल्क रू० (500+जी०एस०टी०) के स्थान पर निविदा शुल्क रू० (1000+जी०एस०टी०) पढ़ा जाए। अन्य नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

पत्रांक : 1239/वि०वि०ख०ब०/टी-7 दिनाक : 31.03.2026 **अधिशासी अभियंता**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" "टोल-फ्री नं० -1912"

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग**
email id:-npprudraprayag6@gmail.com, Tel. 8791041698

पत्रांक : 1699/ठेकेदारी पंजी./नवीनीकरण/2025-26 दिनांक 31.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**

नगर पालिका परिषद् रूद्रप्रयाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के विकास/निर्माण कार्यो को कराये जाने के लिए ठेकेदारो का पंजीकरण/नवीनीकरण किया जाना है। इस हेतु इच्छुक ठेकेदार दिनांक 01.04.2026 से 31.05.2026 तक किसी भी कार्यालय दिवस में निर्धारित शर्तो के अनुसार अपना नवीनीकरण/पंजीकरण करवा सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी ठेकेदार का पंजीयन/नवीनकरण किया जाना संभव नही होगा।

**अधिशासी अधिकारी** — **नगर पालिक परिषद रूद्रप्रयाग**
**अध्यक्ष** — **नगर पालिक परिषद रूद्रप्रयाग**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी**
दूरभाष नं.-0135-2632251 फैक्स सं. 0135-2632039
E-mail:- nppmussoorie@gmail.com

पत्रांक:-3511(I) अधि०अधि० / 2025-26 दिनांक :-31.03.2026

**निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मसूरी के पंजीकृत ठेकेदारों पालिका निधि से निम्न कार्य हेतु दिनांक 17.4.26 को सांय 3:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 16.4.26 को दोपहर 2:00 बजे तक निर्धारित शुल्क पर क्रय किये जा सकते है। निविदा के साथ 2 प्रतिशत अग्रिम धनराशि एफ०डी०आर०/सी०डी०आर० जो कि अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद मसूरी के नाम प्लेज्ड हो संलग्न करनी आवश्यक है। निविदायें दिनांक 17.4.26 को सांय 4:00 बजे उपस्थित निविदा/कोटेशन दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। नगर पालिका परिषद मसूरी के पास किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा निरस्त एंव स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | अनुमानित आगणन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि GST अतिरिक्त | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पालिका सभागार को आधुनिकिकरण करने का कार्य। | 24,58,000.00 | 50,500.00 | 2000.00 | 2 माह |

**नोट :**
1. निविदा प्रपत्र कय करने से पूर्व 2 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करने पर ही निविदा जारी किये जायेगें।
2. व्यापार कर अतिरिक्त ।
3. काली सूची में दर्ज न होने का शपथ पत्र धनराशि रू0 10.00 का जनरल स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है।
4. धनराशि रु0 100-00 का स्टाम्प पेपर पर निविदा की वैधता हेतु रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर कर सलंग्न करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी**

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन कॉवली रोड, देहरादून - 248001
Corporate Identity No. U40109UR2001SGC025867/2358 दूरभाष: 91-135-2763672-76 फैक्स-91-135-2760289 वेबसाईट www.uktenders.gov.in

**ई-निविदा सूचना**

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि0, देहरादून निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित करता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम | निविदा विशिष्टीकरण संख्या | मात्रा | अनुमानित लागत (₹ में) | विगत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्न ओवर i.e. 2022-2023, 2023-2024 & 2024-2025 (₹ में) | धरोहर राशि (₹ में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹ में) | आनलाईन माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | ऑनलाईन एवं ऑफलाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डिस्क फीटींग (बी एण्ड एस टाईप) डॉग/रैकून 70 के0एन0 | सी सी पी-I /31/2025-2026 | 20,000 नग | 87,42,000.00 | 1,74,84,000.00 | 1,75,000.00 | 5,900.00 | 08.04.2026 को 12:00 बजे | 20.04.2026 को 17:00 बजे तक | 21.04.2026 के 15:30 बजे |
| 2. | 11 के०वी० पोलीमर पिन इन्सूलेटर पिन सहित | सी सी पी-I /32/2025-2026 | 1,50,000 नग | 2,31,30,000.00 | 4,00,00,000.00 | 4,62,600.00 | 11,800.00 | | 20.04.2026 को 17:00 बजे तक | 21.04.2026 के 15:45 बजे |
| 3. | 8 मीटर लम्बे स्टील ट्यूवलर पोल एस पी -10 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी सी पी-I /33/2025-2026 | 8,000 नग | 5,09,39,440.00 | 7,64,10,000.00 | 10,19,000.00 | 23,600.00 | | 22.04.2026 को 17:00 बजे तक | 23.04.2026 के 15:30 बजे |
| 4. | 8.5 मीटर लम्बे स्टील ट्यूवलर पोल एस पी -21 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी सी पी-I /34/2025-2026 | 18,000 नग | 21,43,59,300.00 | 32,15,39,000.00 | 42,88,000.00 | 29,500.00 | | 22.04.2026 को 17:00 बजे तक | 23.04.2026 के 15:45 बजे |
| 5. | 11 मीटर लम्बे स्टील ट्यूवलर पोल एस पी -55 (Bottom portion hot dip galvanized) | सी सी पी-I /35/2025-2026 | 6,000 नग | 12,36,01,380.00 | 18,54,03,000.00 | 24,73,000.00 | 29,500.00 | | 22.04.2026 को 17:00 बजे तक | 23.04.2026 के 16:00 बजे |

अन्य विवरण के लिए कृपया वेबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें ।

No. : 208/EE(CM)/UPCL /A-2 Date : 31.03.2026

**अधीक्षण अभियन्ता**
**कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)**

"राष्ट्र हित में बिजली बचायें" बिजली बचाने हेतु एल0ई0डी0 बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं0 1912)
विद्युत बिलों के 24x7 आनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएँ
(विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं0 1800 180 4185 / फैक्स संख्या 0135-2760911 पर दें)

# IPL: गुजरात ने पंजाब को 163 का टारगेट दिया

## शुभमन गिल ने 39, बटलर ने 38 रन बनाए, विजय कुमार वैशाख ने 3 विकेट लिए

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल के चौथे मैच में गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को 163 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर में पंजाब ने बालिंग चुनी। गुजरात ने 6 विकेट खोकर 162 रन बनाए। कप्तान शुभमन गिल ने 39 और जोस बटलर ने 38 रन बनाए। पंजाब से विजयकुमार वैशाख ने 3 और युजवेंद्र चहल ने 2 विकेट लिए।



अर्शदीप सिंह ने 20वें ओवर में 11 गेंदें फेंकी। ओवर में 4 वाइड और 1 नो-बाल शामिल रहीं। यह आईपीएल के किसी एक ओवर में सबसे ज्यादा गेंदें फेंकने के रिकार्ड की बराबरी रही। 19वें ओवर में विजयकुमार वैशाख ने 2 विकेट लिए। ओवर की आखिरी गेंद पर उन्होंने शाहरुख खान को अर्शदीप सिंह के हाथों कैच कराया। शाहरुख 4 रन ही बना सके। वैशाख ने वाशिंगटन सुंदर और ग्लेन फिलिप्स को भी पवेलियन भेजा। 19वें ओवर में गुजरात ने पांचवां विकेट गंवाया। ओवर की पहली बाल विजयकुमार वैशाख ने स्लोअर बाउंसर फेंकी। वाशिंगटन सुंदर ने शाट खेला, लेकिन एक्स्ट्रा कवर्स पोजिशन पर कैच हो गए। वे 18 रन ही बना सके। 18 ओवर के बाद गुजरात ने 4 विकेट खोकर 144 रन बना लिए। टीम से वाशिंगटन सुंदर और शाहरुख खान पिच पर मौजूद रहे। 16वें ओवर में गुजरात ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फेंकी। जोस बटलर ने आगे निकलकर बड़ा शाट खेला, लेकिन लान्ग आन पर जैवियर बार्टलेट के हाथों कैच हो गए। बटलर ने 38 रन बनाए। 14वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। ओवर की आखिरी बाल विजयकुमार वैशाख ने फुलर लेंथ फेंकी। ग्लेन फिलिप्स ने सामने की ओर शाट खेला, लेकिन लान्ग आफ पर मार्को यानसन के हाथों कैच हो गए। फिलिप्स ने 17 गेंद पर 25 रन बनाए। 12वें ओवर में गुजरात टाइटंस ने अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। ग्लेन फिलिप्स ने युजवेंद्र चहल के खिलाफ चौका लगाया और टीम के 100 रन पूरे करा दिए। 10वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवा दिया। ओवर की तीसरी बाल युजवेंद्र चहल ने गुड लेंथ पर फ्लाइटेड फेंकी। शुभमन गिल ने स्लाग स्वीप खेला, लेकिन डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। शुभमन ने 39 रन बनाए। युजवेंद्र चहल ने मिडिल ओवर्स में पंजाब को पहला विकेट दिलाया। गुजरात टाइटंस ने 7वें ओवर में पारी का पहला छक्का लगाया। जोस बटलर ने विजयकुमार वैशाख की स्लोअर गेंद को सामने की दिशा में बाउंड्री के बाहर भेज दिया। गुजरात टाइटंस ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली। टीम ने 6 ओवर में एक भी छक्का लगाए बिना 54 रन बना लिए। जोस बटलर और कप्तान शुभमन गिल पिच पर मौजूद रहे। वहीं साई सुदर्शन 13 रन बनाकर आउट हुए। चौथे ओवर में पहली बार बालिंग करने आए मार्को यानसन ने पंजाब को पहला विकेट दिलाया। ओवर की चौथी बाल उन्होंने गुड लेंथ पर फेंकी। साई सुदर्शन हवा में शाट खेलने गए, लेकिन मिड आफ पर कैच हो गए। उन्होंने 11 गेंद पर 13 रन बनाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने 3 ओवर में 35 रन बना लिए। शुभमन गिल और साई सुदर्शन हर ओवर में औसतन 12 रन बना रहे हैं। गुजरात टाइटंस के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन ओपनिंग करने उतरे। दोनों ने अर्शदीप सिंह के खिलाफ पहले ओवर में 9 रन बनाए।

# फखर पर बॉल टैंपरिंग के लिए लगा दो मैच का बैन

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमान को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2-14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है। यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना, जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई। सुनवाई करने वाले मैच रेफरी रोशन महानामा ने सबूतों की समीक्षा करने और फखर की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुनाया। लाहौर कलंदर के कप्तान शाहीन शाह अफरीदी, टीम डायरेक्टर समीन राणा और मैनेजर फारूक अनवर कार्रवाई के दौरान मौजूद थे। लेवल 3 के नियम तोड़ने पर कम से कम एक मैच का बैन से लेकर ज्यादा से ज्यादा दो मैच का बैन लग सकता है, जिसमें फखर को पेनल्टी की ऊपरी लिमिट दी जाती है। अब वह 3 अप्रैल को लाहौर में मुल्तान सुल्तांस के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के आने वाले मैच और 9 अप्रैल को कराची में इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ मैच नहीं खेल पाएंगे।

# आज पावरप्ले का फायदा उठाने का मौका था: वैभव सूर्यवंशी

**गुवाहाटी, वार्ता।** अपने 15वें जन्मदिन के तीन दिन बाद वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल 2026 सीजन की शुरुआत 15 गेंदों में अर्धशतक से की, जो इसलिए भी खास था क्योंकि उसी पिच पर चेन्नई सुपर किंग्स सिर्फ 127 रन पर ऑलआउट हो गई थी। सूर्यवंशी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स की योजना पावरप्ले का पूरा फायदा उठाने की थी, इसलिए उन्होंने आक्रामक अंदाज अपनाया।



राजस्थान की आठ विकेट की जीत के बाद सूर्यवंशी ने कहा कि हमारी योजना थी कि हम पावरप्ले को अच्छी तरह एगजिक्यूट करें। शुरुआत में विकेट थोड़ा धीमा लग रहा था, लेकिन बाद में गेंद पुरानी होने पर बल्ले पर अच्छे से आने लगी। मैं डिफेंस के बारे में भी सोचता हूं, लेकिन आज हमारा प्लान पावरप्ले में खेलने का था। छोटे टारगेट में मैच पावरप्ले में ही तय हो जाता है। अगर बॉलिंग टीम पावरप्ले में अच्छा करती, तो मैच उनके पक्ष में जा सकता था। लेकिन हम सभी ने पूरी तरह अटैक किया और हमारा पावरप्ले अच्छा गया। सूर्यवंशी को पहली ही गेंद पर सीएसके के डेब्यू खिलाड़ी कार्तिक शर्मा ने कैच छोड़ दिया था, जो डीप मिडविकेट पर एक मुश्किल मौका था। उन्होंने पावरप्ले खत्म होने तक 16 गेंदों में 52 रन बना लिए, जिसमें पांच छक्के और चार चौके शामिल थे। आरआर का स्कोर 6 ओवर में 70 रन था। उन्होंने कहा कि आरआर मैनेजमेंट ने उन्हें अपना नेचुरल गेम खेलने की आजादी दी और सीजन से पहले उनकी तैयारी भी अच्छी रही। उन्होंने बस कहा कि हम तुम्हें सपोर्ट कर रहे हैं, तुम अपना नेचुरल गेम खेलो।

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार हैं: चावला

**गुवाहाटी, वार्ता।** रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, वाह, ए कैसे करता है? वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू - ईएसपीएन क्रिकइंफो स्टूडियो से मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज्यादा दूर नहीं है। चावला ने कहा कि वह सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे,

जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा षनिश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।ष आईपीएल के बाद भारत को अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज खेलना है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट हिंदी शो में रायुडू ने कहा कि सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। जिस तरह वह बल्लेबाजी कर रहे हैं और जिस आजादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीजों को जिटल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिग और जिस आसानी से वह गें. दबाजों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है। रायुडू ने कहा, ष्मेरे हिंसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है।

### खेल विशेष

## क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नामीबिया के कप्तान होंगे स्मिट

**विडहोक, वार्ता।** क्रिकेट नामीबिया ने कन्फर्म किया है कि ऑलराउंडर जोहान्स जोनाथन स्मिट आने वाली आईसीसी मेन्स क्रिकेट वर्ल्ड कप लीग 2 ट्राई-सीरीज में नेशनल टीम के कप्तान होंगे, जो 2 से 12 अप्रैल तक यहां होगी। नामीबिया वनडे इंटरनेशनल सीरीज में ओमान और स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा, जो वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफिकेशन का एक अहम रास्ता है। स्मिट, जो वाइस-कैप्टन के तौर पर काम कर रहे थे, यह रोल तब संभालेंगे जब लंबे समय से कप्तान गेरहार्ड इरास्मस कप्तानी की ड्यूटी से ब्रेक लेंगे। स्मिट ने कहा कि मैं बस मैदान पर जाकर अपने क्रिकेट का मजा लेना चाहता हूं, और मुझे उम्मीद है कि यह आराम मेरी सबसे ज्यादा काबिलियत को बाहर निकाल पाएगा। मेरा टैक्टिकल इनपुट अभी भी उपलब्ध रहेगा, और मैं टीम को सपोर्ट करने के लिए वहां रहूंगा।

## वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप में चीन ने 13 गोल्ड जीते

**तियानजिन, वार्ता।** 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग,13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा। इस साल के इवेंट में 78 देशों और क्षेत्रों के कुल 1,179 पार्टिसिपेंट्स ने हिस्सा लिया, जो इसे टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा बनाता है। 16 डेलीगेशन्स ने गोल्ड मेडल जीते, जबकि 29 पोडियम पर पहुंचे, जो इस खेल की बढ़ती ग्लोबल पहुंच और बढ़ते कॉम्पिटिटिवनेस को दिखाता है। इंटरनेशनल वुशु फेडरेशन के सेक्रेटरी-जनरल झांग यूपिग ने कहा कि दुनिया भर के युवाओं के बीच वुशु की पॉपुलैरिटी और असर एक नए लेवल पर पहुंच गया है।

# 'सीएसके छोड़ना इमोशनल था': जडेजा

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा आईपीएल 2026 के अपने पहले गेम में आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। जियो हॉटस्टार के 'गूगल सर्च एआई मोड मैच सेंटर लाइव' पर बात करते हुए, आरआर के रवींद्र जडेजा ने जियो स्टार एक्सपर्ट अनिल कुंबले और सुरेश रैना से सीएसके से बाहर होने, आरआर की शुरुआती बॉलिंग और टीम की ऑलराउंड ताकत पर अपने विचार साझा किए।



जडेजा ने सीएसके से अपने इमा. ेशनल जाने के बारे में कहा, ष्मुझे पिक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मजाक कर रहा हूं। जाहिर है, सीएसके जैसी फेंचाइजी छोड़ना, जहां मैंने 12-13 साल खेला था, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। यह बहुत इमोशनल था। लेकिन मैंने खुद से कहा कि इस तरह के बदलाव भी सफर का हिस्सा हैं। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था। वह याद हमेशा मेरे साथ रही है, कि अंडर-19 वर्ल्ड कप के बाद, मैंने अपना आईपीएल करियर वहीं से शुरू किया था और अपने पहले ही सीजन में टाइटल जीता था। मैंने उन यादों को एक पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ाया है, और मेरा मकसद नए ग्रुप के साथ जितना हो सके उतना सीखना और टीम के साथ अपना एक्सपीरियंस शेयर करना है। गुवाहाटी के विकेट पर और शिवम दुबे का बड़ा विकेट लेने के लिए अपनी लाइन को एडजस्ट करने पर जडेजा ने कहा, षविकेट थोड़ा चिपचिपा था, इसलिए यह मेरी तरह की बॉलिंग के लिए सही था।

मेरा काम बस सही एरिया में बॉलिंग करना था। जब आप थोड़ी सी मजबूत विकेट पर सही एरिया में बॉलिंग करते हैं, तो बॉल पकड़ती है और धीमी आती है, जो एक बॉलर के तौर पर अच्छा लगता है। पहले ही मैच में बॉलिंग के लिए ऐसी सतह मिलने से एक बॉलर के तौर पर आपका कॉन्फिडेंस बढ़ता है। मैं स्टंप्स पर बॉलिंग करने के बारे में सोच रहा था, क्योंकि मैं चांस लेना चाहता था कि अगर वह मिडिल में न जाए। लेकिन जब उसने मुझे छक्का मारा, तो मैंने तुरंत अपनी स्ट्रेटेजी बदलकर वाइड बॉलिंग कर ली, क्योंकि वह मुझे सीधी लाइन पर मारता रहता। इसलिए, मैंने पांचवें-छठे स्टंप की लाइन पर फिनिश करने का फैसला किया, यह सोचकर कि अगर वह क्रॉस गया, तो शायद उसकी टाइमिग सही न हो, और वही हुआ, यह हमारे लिए एक बड़ा विकेट था। जडेजा ने शिवम दुबे को आउट करने के बाद अपने जबरदस्त सेलिब्रेशन पर कहा, ष्जब मैं सीएसके के लिए खेलता था।

# सुरक्षा प्रोटोकॉल उल्लंघन: शाहीन अफरीदी पर लगा जुर्माना

**लाहौर, वार्ता।** लाहौर कलंदर्स ने 28 मार्च को टीम होटल में सुरक्षा प्रोटोकॉल के कथित उल्लंघन की अंदरूनी जांच के बाद शाहीन शाह अफरीदी पर 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया है।

हालांकि, टीम ने इस घटना को ष्पब्लिक बातचीत में असल संदर्भ से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया बताया। इस घटना की रिपोर्ट सामने आने के तुरंत बाद फ्रेंचाइजी ने जांच शुरू की, जिसमें यह पता लगाया गया कि क्या किसी काम ने पाकिस्तान सुपर लीग को चलाने वाले नियमों का उल्लंघन किया है। फ्रेंचाइजी ने कहा कि यह जुर्माना, जिसे अपनी मर्जी से और पहले से किया गया, कदम बताया गया, अनुशासन को मजबूत करने और जवाबदेही दिखाने के लिए लगाया गया था। कलंदर्स की एक रिलीज में कहा गया, 'डिसिप्लिन बनाए रखने और जिम्मेदारी दिखाने के लिए, फ्रेंचाइजी ने शाहीन शाह अफरीदी पर उनकी संलिप्तता के लिए 1 मिलियन पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाकर अपनी मर्जी से और प्रोएक्टिव कदम उठाया है। लाहौर कलंदर्स ने इस मामले पर अपनी राय के साथ पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को औपचारिक रूप से एक विस्तृत जवाब भी दिया है। बयान में आगे कहा गया, फ्रेंचाइजी ने सिक्योरिटी कर्मचारियों की कोशिशों की दिल से तारीफ की, खिलाड़ियों, अधिकारियों और दर्शकों के लिए एक सुरक्षित माहौल पक्का करने में उनकी जरूरी भूमिका को पहचाना।


## उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (रायपुर) 359/2, धर्मपुर देहरादून-248001
फोन न०. (0135) 2679495

पत्रांक: 2022-EDD(R)/UPCL दिनांक: 31.03.2026

### निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें दो भागों में "जो कि 06 माह तक वैध हो" मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं व्यापार कर / आयकर विभाग में पंजीकृत फर्मों से निविदा विवरण के सम्मुख अंकित दिनांक को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त निविदाओं के निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष 15.30 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा विवरण के सम्मुख अंकित दिनांक को अपरान्ह 16.00 बजे तक निर्धारित नगद शुल्क के माध्यम से जमाकर प्राप्त किये जा सकते है। धरोहर धनराशि एफ०डी०आर० / सी०डी०आर० के रूप में एवं निविदा प्रकाशित होने की दिनांक के बाद की तिथि की होनी अनिवार्य है। निविदा में वही निविदादाता भाग ले सकेंगे जो कर्मचारी भविष्यनिधि योजना एवं जी०एस०टी० के अन्तर्गत पंजीकृत हों। निविदा क्रय करने के आवेदन पत्र के साथ वैध कर्मचारी भविष्यनिधि योजना एवं सक्रिय जी०एस०टी० में पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। निविदा खुलने की तिथि में अवकाश होने / अधोहस्ताक्षरी के मुख्यालय से बाहर होने पर अगले कार्य दिवस को निविदा खोली जाएगी।

| निविदा संख्या | निविदा का विवरण | धरोहर धनराषि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा क्रय करने की अन्तिम तिथि | निविदा प्रपत्र कार्यालय में प्राप्त करने की अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 33/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-आराघर के अन्तर्गत प्रणाली सुधार मद में बेयर कण्डक्टर के स्थान पर बंच केबिल डालने एवं सिंगल फेज लाईन को थ्री फेज लाईन में परिवर्तित करने का कार्य। | 39,000.00 | 1,180.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |
| 34/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-आई0टी0 पार्क के अन्तर्गत ओ0एण्डएम0 मद में 33/11 के0वी0 विद्युत उपसंस्थान चालांग में पॉवर परिवर्तक के अनुरक्षण का कार्य। | 6,500.00 | 295.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |
| 35/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-बालावाला के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में ओ0एण्डएम0 मद में वितरण परिवर्तकों की मरम्मत एवं फेंसिंग करने का कार्य। | 33,000.00 | 1,180.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |
| 36/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-बालावाला के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में ओ0एण्डएम0 मद में जंक लगे एवं तिरछे पोलों को बदलने एवं मरम्मत का कार्य। | 37,000.00 | 1,180.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |
| 37/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-बालावाला के अन्तर्गत ओ0एण्डएम0 मद में विभिन्न क्षेत्रों में 100 से 250 के0वी0ए0 के अतिरिक्त वितरण परिवर्तकों की स्थापना का कार्य। | 38,500.00 | 1,180.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |
| 38/2025-26 | विद्युत वितरण उपखण्ड-बालावाला के अन्तर्गत ओ0एण्डएम0 मद में उपसंस्थान स्पोर्टस कालेज के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त ए0बी0 केबिल को बदलने का कार्य। | 25,000.00 | 590.00 | 16.04.2026 | 17.04.2026 |

अधिशासी अभियन्ता

(राष्ट्र हित में बिजली बचावें) टोल फ्री न0 1800 419 0405
विद्युत चोरी की सूचना हेतु सतर्कता अधिकारी से फैक्स 0135-2760911 एवं मोबाइल +91-8958811999 पर एस0एम0एस0 द्वारा रिपोर्ट करें।



## ओमकारा असेट्स रिकन्सट्रक्शन प्राईवेट लिमिटेड

**कॉर्पोरेट कार्यालय:** कोहिनूर स्क्वायर, 47वीं मंजिल, एन. सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई – 400028। **दूरभाष:** 022-69231111

**प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(13) के अंतर्गत सूचना**
**बिना किसी पूर्वाग्रह के**
**स्पीड पोस्ट ए.डी./ईमेल के माध्यम से**

**संदर्भ क्रं.: OMKARA/MUMBAI/R3417/2025-26** **दिनांक: 25.02.2026**

**सेवा में**
1 **मेसर्स गुरु नानक देव एजुकेशनल सोसाइटी (ऋणी), (एक ट्रस्ट, जो पूर्व में स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा वारने द्वारा प्रतिनिधित्वित था, जो अब दिवंगत हैं, वर्तमान में उनके विधिक उत्तराधिकारी श्री गुरुदेव सिंह वारने द्वारा प्रतिनिधित्वित)** सहारनपुर रोड, मोहब्बेवाला, देहरादून, उत्तराखंड – 248001
2. **श्री गुरुदेव सिंह वारने (सचिव एवं सह-ऋणी) (स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा वारने के विधिक प्रतिनिधि एवं विधिक उत्तराधिकारी),** सेवला कलां, गौतम विहार, चंद्रबनी रोड, मोहब्बेवाला, देहरादून, उत्तराखंड – 248002
3. **स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा वारने (सह-ऋणी) – दिवंगत, उनके विधिक उत्तराधिकारी के माध्यम से: श्री गुरुदेव सिंह वारने, निवासी:** सहारनपुर रोड, मोहब्बेवाला, देहरादून, उत्तराखंड – 248001
4. **स्वर्गीय श्रीमती पुष्पा वारने के अन्य सभी विधिक उत्तराधिकारी** (नाम एवं पते अज्ञात)

**विषय: प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) सहपठित धारा 13(13) के अंतर्गत मांग सूचना – मेसर्स गुरु नानक देव शैक्षणिक सोसाइटी एवं श्री गुरुदेव सिंह वारने – ऋण खाता संख्या 09700008572**

1. यह आपके संज्ञान में लाया जाता है कि अनुसूची-I में वर्णित विभिन्न ऋण सुविधाएँ/वित्तीय सहायता (जिन्हें आगे .ऋण. कहा जाएगा), उपर्युक्त ऋण खाता संख्या एवं आवेदन संख्या के संदर्भ में, आपको, उपर्युक्त उल्लिखित ऋणी (जिसे आगे .आप. कहा जाएगा) को, विविध ऋण एवं प्रतिभूति अनुबंधों/दस्तावेजों (जिनका विस्तृत विवरण अनुसूची-खख में दिया गया है) के अंतर्गत, आपके/सह-ऋणी/प्रतिभूति प्रदाता(ओं) तथा पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड) (जिसे आगे मूल ऋणदाता/हस्तांतरणकर्ता. कहा जाएगा) के बीच निष्पादित शर्तों एवं नियमों के अनुसार प्रदान की गई थीं।
2. उक्त ऋण के प्रतिफलस्वरूप, अनुसूची-II में वर्णित कुछ परिसंपत्तियों पर, हस्तांतरणकर्ता/मूल ऋणदाता के पक्ष में सुरक्षा हित सृजित किया गया था।
3. आपने ऋण की मूलधन एवं ब्याज की किश्तों के भुगतान में चूक की है तथा बकाया राशि का भुगतान करने में विफल एवं उपेक्षा की है, जिसके परिणामस्वरूप उक्त ऋण को 09.06.2025 को, राष्ट्रीय आवास बैंक एवं/अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी परिसंपत्ति वर्गीकरण संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुसार, हस्तांतरणकर्ता के अभिलेखों में अनुत्पादक परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया।
4. तत्पश्चात, उक्त ऋण तथा उससे संबंधित सभी सुरक्षा हित, अधिकार, शीर्षक एवं हित, सारफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत, दिनांक 29 मार्च 2023 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के माध्यम से, अरन्या ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्यरत जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड (जिसे आगे .जेएमएफएआरसी. कहा जाएगा) के पक्ष में हस्तांतरित किए गए।
5. इसके उपरांत, जेएमएफएआरसी द्वारा दिनांक 12.11.2024 को सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 5 के अंतर्गत, ओमकारा पीएस 05/2024-25 ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्यरत ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड (जिसे आगे .ओएआरपीएल. कहा जाएगा) के पक्ष में असाइनमेंट एग्रीमेंट निष्पादित किया गया, जिसके माध्यम से उक्त वित्तीय सहायता, सुरक्षित परिसंपत्तियों, गारंटी एवं अन्य सभी अंतर्निहित सुरक्षा हितों से संबंधित अपने समस्त अधिकार, शीर्षक एवं हित ओएआरपीएल/सुरक्षित ऋणदाता के पक्ष में हस्तांतरित कर दिए गए। उपर्युक्त हस्तांतरणों के परिणामस्वरूप, ओएआरपीएल ने हस्तांतरणकर्ता का स्थान ग्रहण कर लिया है तथा वह उक्त वित्तीय परिसंपत्तियों के संबंध में दायर/लंबित विधिक कार्यवाहियों को जारी रखने तथा विधि अनुसार सुरक्षा हित प्रवर्तन द्वारा या अन्य वैधानिक उपायों से ऋण की वसूली करने हेतु पूर्णतः अधिकृत है। साथ ही, ओएआरपीएल, सारफेसी अधिनियम, 2002 के अंतर्गत विधिसम्मत .सुरक्षित ऋणदाता. है तथा धारा 13(2) एवं अन्य लागू प्रावधानों को लागू करने का पूर्ण अधिकार रखता है।
6. हम, ओएआरपीएल, जो कि कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत निगमित तथा भारतीय रिजर्व बैंक में प्रतिभूतिकरण एवं आस्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है, तथा ओमकारा पीएस 05/2024-25 ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्यरत है, जिसका पंजीकृत कार्यालय कार्यालय सं. 9, एम.पी. नगर प्रथम स्ट्रीट, कोंगु नगर एक्सटेंशन, कोयंबटूर, तिरुपुर, तमिलनाडु – 641607 तथा कॉर्पोरेट कार्यालय 47वीं मंजिल, एन. सी. केलकर मार्ग, आर. जी. गडकरी चौक, दादर (पश्चिम), मुंबई – 400028 स्थित है, दिनांक 12.11.2024 के असाइनमेंट एग्रीमेंट के अनुसार, जिसके तहत जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा, पीरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (मूल ऋणदाता/हस्तांतरणकर्ता) द्वारा आपको प्रदान की गई वित्तीय सहायता तथा उससे संबंधित सुरक्षा हित एवं अधिकार ओएआरपीएल को हस्तांतरित किए गए, इस द्वारा आप सभी को यह सूचना प्रदान करते हैं।
7. चूंकि उक्त ऋण अब ओएआरपीएल को हस्तांतरित हो चुका है तथा आपने देय राशि का भुगतान नहीं किया है, अतः सारफेसी अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत, आप सभी को यह नोटिस दिया जाता है कि आप 25-02-2026 तक देय कुल राशि .17,05,07,908/- (रुपये सत्रह करोड़ पाँच लाख सात हजार नौ सौ आठ मात्र) का भुगतान, साथ ही 26-02-2026 से पूर्ण भुगतान/वसूली तक अनुबंधित दर से ब्याज एवं अन्य देय राशियाँ, जो अनुसूची-I में उल्लिखित हैं, इस नोटिस की तिथि से 60 दिनों के भीतर करें।
8. यदि आप उक्त 60 दिनों की अवधि में भुगतान करने एवं अपनी देयताओं का निर्वहन करने में विफल रहते हैं, तो हम, ओएआरपीएल, सुरक्षित ऋणदाता के रूप में, बिना किसी अन्य अधिकार एवं उपायों को प्रभावित किए, सारफेसी अधिनियम की धारा 13(4) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत, अनुसूची में वर्णित सुरक्षित परिसंपत्तियों के प्रवर्तन हेतु न्यायालय/अधिकरण के हस्तक्षेप के बिना कार्यवाही करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी समस्त लागत एवं परिणामों के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे
9. आगे, सारफेसी अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, इस नोटिस की प्राप्ति के पश्चात, आप बिना हमारी पूर्व लिखित स्वीकृति के, अनुसूची-खख में वर्णित सुरक्षित परिसंपत्तियों का विक्रय, पट्टा, किराया, हस्तांतरण अथवा अन्य किसी प्रकार से निपटान नहीं कर सकते। किसी भी उल्लंघन की स्थिति में, आप (तथा आपके प्रत्येक निदेशक/अधिकारी/विधिक उत्तराधिकारी) अधिनियम के अंतर्गत दंड/जुर्माने के लिए उत्तरदायी होंगे
10. कृपया यह भी ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(5) तथा सारफेसी अधिनियम की धारा 13(8) के अनुसार, आप सुरक्षित परिसंपत्तियों की बिक्री सूचना के प्रकाशन से पूर्व, संपूर्ण बकाया राशि एवं व्यय का भुगतान कर, परिसंपत्तियों को मुक्त कराने के हकदार हैं। अन्यथा, उक्त अधिकार समाप्त हो सकता है
11. कृपया ध्यान दें कि यह नोटिस OARPL के पास उपलब्ध अन्य किसी भी अधिकार एवं उपायों को प्रभावित किए बिना जारी किया गया है तथा इसे OARPL के उपलब्ध अन्य अधिकारों एवं उपायों के परित्याग के रूप में नहीं माना जाएगा। लागू विधि के अंतर्गत, OARPL को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह आप में से किसी एक या सभी के विरुद्ध, उपयुक्त न्यायालय/फोरम/अधिकरण के समक्ष, संपूर्ण बकाया राशि या उसके किसी भाग की वसूली के लिए, देय ब्याज एवं व्यय सहित तथा लागू विधि के अंतर्गत उपलब्ध अन्य राहतों हेतु कार्यवाही कर सके
12. अतः आपको परामर्श दिया जाता है कि आप इस नोटिस का पालन करें, अन्यथा SARFAESI Act तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के अंतर्गत आगे की कार्यवाही की जाएगी, जिसका समस्त खर्च एवं परिणामों का जोखिम पूर्णतः आपका होगा, जिसे आप सभी कृपया संज्ञान में लें
13. इस नोटिस के जारी किए जाने के साथ ही, OARPL इस संबंध में असाइनर द्वारा पूर्व में जारी किए गए सभी नोटिसों को, यदि कोई हों, वापस लेता है
14. इस नोटिस के संबंध में किसी भी पत्राचार हेतु, आप ओएआरपीएल के अधिकृत अधिकारी से निम्न पते पर संपर्क कर सकते हैं: 47वीं मंजिल, कोहिनूर स्क्वायर, एन. सी. केलकर मार्ग, राम गणेश गडकरी चौक, शिवसेना भवन के सामने, दादर (पश्चिम), मुंबई – 400028
15. यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 28 दिसंबर 2023 को जेएम फाइनेंशियल एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड द्वारा जारी मांग सूचना (धारा 13(2) के अंतर्गत) को निरस्त/वापस लिया जाता है तथा उसे विधि में शून्य एवं अप्रभावी माना जाएगा।

**भवदीय,**
**ओमकारा एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के लिए**
**(ओमकारा पीएस 05/2024-25 ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्यरत)**
**अधिकृत अधिकारी– अक्षय शाह – मुख्य प्रबंधक**

**अनुसूची–I**
**ऋण का विवरण**

| स. क्रं. | ऋण खाता नं. | आवेदन क्रमांक | सुविधा का प्रकार | ब्याज दर | वार्षिक अवधि | समान मासिक किस्त (ईएमआई) राशि | ऋण वितरण राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09700008572 | 01780435 | SME | 11.52% | 10 | 2130014 | 148373178 |

**अनुसूची–II**
**ऋण का विवरण**

खसरा संख्या 15 (मिन), 18, 15 (मिन) 12, 19, 15 (मिन ), खा, सेवला कलां, परगना केंद्रीय दून, देहरादून, उत्तराखंड – 248001

**अनुसूची– III**
**बकाया का विवरण**

| ऋण खाता क्रं. 09700008572 | |
|---|---|
| विवरण | राशि (रुपये में ) |
| बकाया मूलधन | 13,7307,216.00 |
| ईएमआई/पीईएमआई बकाया | 2,34,30,154.00 |
| ईएमआई/पीईएमआई बकाया पर अतिरिक्त ब्याज | 96,75,635.00 |
| अन्य शुल्क (चेक/ईसीएस/अन्य अनादर/रिटर्न शुल्क) | 94,903.00 |
| दिनांक 25-02-2026 तक कुल बकाया | 17,05,07,908.00 |

ऋण दस्तावेजों में उल्लिखित अनुबंधित दर के अनुसार देय आगे का ब्याज तथा अन्य राशियों सहित, एवं किए गए सभी व्यय, शुल्क एवं खर्चों के साथ।

**सीईआरएसएआई पंजीकरण विवरण :**

| खाते का नाम | असेट्स आईडी | सिक्योरिटी आईडी |
|---|---|---|
| मेसर्स गुरुनानक देव एजुकेशनल सोसायटी | 200068463717 | 400067417388 |

# नगर निगम बोर्ड बैठक में जमकर नोक-झोंक, हुआ हंगामा

## एक साल तक भी समितियों का गठन न होने पर नाराज पार्षदों ने कई मुद्दों पर मेयर व नगर आयुक्त को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर निगम सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक हंगामेदार रही। बैठक शुरू होते ही पार्षद समितियों के गठन की मांग को लेकर अड़ गए। उनका कहना था कि एक वर्ष बीत जाने के बावजूद समितियों का चुनाव न होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हंगामे के बीच मेयर ने समितियों के लिए पार्षदों से नाम मांगे, जिसके बाद कार्यवाही आगे बढ़ सकी।



बैठक के दौरान 28 लाख रुपये के स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग प्रस्ताव का पार्षद राकेश गर्ग ने जोरदार विरोध किया। उन्होंने कहा कि एक लाइट की मरम्मत पर 800 रुपये दर्शाना उचित नहीं है और इसमें पारदर्शिता होनी चाहिए। वहीं कुछ पार्षदों ने आरोप लगाया कि बोर्ड बैठक से पहले ही बिना जानकारी के तीन ट्रैक्टर खरीद लिए गए, जिस पर उन्होंने मेयर और अधिकारियों से जवाब मांगा। पार्षद संजीव तोमर ने पनियाला रोड पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नाला निर्माण की मांग उठाई। पार्षद कुलदीप तोमर ने पिछले बोर्ड में स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। निर्माण अनुभाग द्वारा एजेंडे में शामिल 80 विकास कार्यों के प्रस्तावों पर भी पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिकतर कार्यों की जानकारी उन्हें नहीं दी गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि वार्ड से जुड़े किसी भी कार्य से पहले संबंधित पार्षद को विश्वास में लिया जाए। इस पर नगर आयुक्त राकेश तिवारी ने भविष्य में पार्षदों को विश्वास में लेने का आश्वासन दिया। बैठक में शॉपिंग मॉल निर्माण और नगर निगम द्वारा पेट्रोल पंप खोले जाने के प्रस्ताव पर भी कुछ पार्षदों ने विरोध दर्ज कराया। चंद्रशेखर चौक पर घंटाघर बनाए जाने के प्रस्ताव का पार्षद प्रतिनिधि सूरज नेगी ने कड़ा विरोध करते हुए चेतावनी दी कि यदि वहां घंटाघर बनाया गया तो धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं पार्षद चंद्रप्रकाश बाटा और शिवम अग्रवाल ने रामदयाल चौक पर घंटाघर निर्माण की मांग रखी। एबीसी सेंटर की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे। पार्षदों ने कहा कि कुत्तों को पकड़ने और नसबंदी के लिए शुरू किया गया एबीसी सेंटर प्रभावी ढंग से कार्य नहीं कर रहा है, जबकि शहर में कुत्तों की संख्या और काटने की घटनाएं बढ़ रही हैं। नगर आयुक्त ने बताया कि सेंटर में एक समय में 30 कुत्ते रखे जाते हैं और संचालित करने वाली कंपनी को प्रति कुत्ता 1079 रुपये दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि शहर में लगभग नौ हजार कुत्ते हैं और चरणबद्ध तरीके से कार्रवाई की जा रही है।बैठक में मेयर अनीता अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि संजय प्रजापति, रुड़की विधायक प्रतिनिधि विवेक चौधरी सहित कई पार्षद और अधिकारी मौजूद रहे।

विधायक प्रतिनिधि के रूप में फिर सक्रिय दिखे विवेक चौधरी-गत बोर्ड में तेज-तर्रार पार्षद रहे विवेक चौधरी इस बार कैबिनेट मंत्री प्रदीप बत्रा के प्रतिनिधि के रूप में बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर परिपक्वता के साथ अपनी बात रखी, जिसे पार्षदों और अधिकारियों ने गंभीरता से सुना। यूनीपोल टेंडर में राजस्व हानि का मुद्दा गरमाया-पार्षदों ने आरोप लगाया कि पिछले सात वर्षों से एक ही कंपनी को यूनीपोल टेंडर दिए जा रहे हैं और कंपनी ने दो प्रतिशत स्टाम्प ड्यूटी जमा नहीं की, जिससे निगम को भारी राजस्व नुकसान हुआ। मामले में संबंधित कंपनी पर कार्रवाई की मांग की गई। इसके साथ ही 25 यूनीपोल मात्र एक लाख रुपये में दिए जाने के प्रस्ताव का भी विरोध दर्ज कराया गया।बोर्ड बैठक में कई मुद्दों पर तीखी बहस और विरोध के बीच नगर निगम की कार्यप्रणाली और पारदर्शिता को लेकर गंभीर सवाल उठे।

### राजा पहलवान ने किया रुड़की का नाम रोशन

# मार्शल आर्ट्स में जीता गोल्ड मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजा पहलवान ने शिक्षा नगरी का नाम एक बार फिर खेल जगत में रोशन हुआ है। मिक्स मार्शल आर्ट्स इंडिया कॉम्बैट लीग नेशनल गेम्स में नगर के उभरते खिलाड़ी राजा पहलवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मेरठ में आयोजित हुई, जिसमें देशभर से खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

77 किलोग्राम भार वर्ग में उतरे राजा पहलवान ने पहली ही फाइट में मेरठ आर्मी के खिलाड़ी को पहले राउंड में पराजित कर अपनी श्रेष्ठता साबित की और गोल्ड मेडल हासिल किया। उनकी इस जीत से क्षेत्र में खुशी की लहर है। राजा पहलवान नगर के रामनगर स्थित "वी फॉर एटलांटिस जिम" में कोच के रूप में भी सेवाएं दे रहे हैं, जहां वह युवाओं और बच्चों को फिटनेस के साथ मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण देते हैं। इससे पूर्व भी वह देहरादून में आयोजित नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। लगातार सफलता के साथ राजा पहलवान शिक्षा नगरी, अपने माता-पिता और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उनका सपना है कि वह एक दिन भारत का




प्रतिनिधित्व करते हुए विदेश में तिरंगा फहराएं और देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लौटें। अपनी सफलता का श्रेय वह अपने अंतरराष्ट्रीय कोच दिलशाद पहलवान चंदौसी को देते हैं। उनका कहना है कि कोच के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की बदौलत ही वह इस मुकाम तक पहुंचे हैं और आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बीएसएम इंटर कॉलेज में गृह वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

# होनहार बच्चों को प्रबंधक व सचिव ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बीएसएम इंटर कॉलेज रुड़की में गृह वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएम शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ममतेश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता प्रबंधक संस्थान के सचिव रजनीश कुमार शर्मा एडवोकेट वरिष्ठ भाजपा नेता उपस्थित रहे ।

मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों से कहा की यह परीक्षा परिणाम छात्रों की पूरे साल की मेहनत होती है जिन छात्रों ने अच्छी मेहनत की है वह प्रथम द्वितीय और तृतीय आए हैं उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं और जिन बच्चों को कम अंक प्राप्त हुए हैं उन्हें और मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे वह आने वाली परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकें इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने स्काउट एनसीसी और छै में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और और स्मृति चिन्ह भेंट किया इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने प्रधानाचार्य ने और विद्यालय के अध्यापक और कर्मचारियों ने मां सरस्वती और कीर्ति शेष परम आदरणीय श्री मनोहर लाल शर्मा एडवोकेट पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की विद्यालय के प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक ने मुख्य अतिथियों का अपने विद्यालय में स्वागत किया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया और फिर विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट मुख्य अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत की मुख्य अतिथियों ने कक्षा में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान



प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया और ट्रॉफी प्रदान की मुख्य अतिथियों ने छात्रों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया और उन्हें अपना शुभाशीष दिया प्रधानाचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें और मेहनत करने की आवश्यकता है जिससे वह अपने विद्यालय और अपने माता-पिता का नाम रोशन कर सके प्रधानाचार्य ने कहा मेहनत ही सफलता की कुंजी है मेहनत कर कर ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा प्रधानाचार्य कैप्टन अजय कौशिक और मुख्य अतिथियों ने विद्यालय के सभी अध्यापकों और कर्मचारियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी और कहा कि आप लोगों ने जिस प्रकार मेहनत से बच्चों को पढ़ाया है उसी का परिणाम है कि बच्चे आज अच्छे नंबरों से पास हुए हैं और अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन किया है आप निरंतर इसी प्रकार मेहनत करते रहे इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य अमित कपिल परीक्षा प्रभारी डॉ अभय ढोडियाल नीरज वर्मा प्रमोद शर्मा द्वितीय पाली प्रभारी डी एन पांडे कमल मिश्रा पवन कपिल मोहित नीरज वर्मा शैलेंद्र पत विशेष जितेश विशाल शर्मा कमल मिश्रा और अभिभावक उपस्थित रहे।

# नाबालिग के अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** पुलिस ने नाबालिक के अपहरण व दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है।

जानकारी के अनुसार वादी निवासी थाना बुग्गावाला द्वारा थाना बुग्गावाला में तहरीर दी कि रितिक पुत्र प्रताप निवासी ग्राम मजाहिदपुर द्वारा वादी की नाबालिक पुत्री को आरोपी अपने साथ बहला फुसालकर कर ले गया था व उसके साथ दुष्कर्म किया गया। वादी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर तत्काल आरोपित रितिक के विरूद्ध थाना बुग्गावाला में सुंसगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। उपरोक्त गम्भीर प्रकरण को देखते हुए ैच हरिद्वार द्वारा आरोपित की अतिशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष बुग्गावाला को निर्देशित किया गया था। आरोपित की गिरफ्तारी हेतु थानाध्यक्ष बुग्गावाला के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित की गई पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयासो के फलस्वरूप आरोपित उपरोक्त को आज दिनांक-31.03.2026 को रायघाटी पुल बुग्गावाला से पकडा गया। 'नाम पता आरोपित- रितिक पुत्र प्रताप उप तालू निवासी ग्राम मजाहिदपुर थाना बुग्गावाला जनपद हरिद्वार है।

### रा.उ.मा. सालियर के शिक्षक सलीम अहमद को दी गई विदाई

# कठोर अनुशासन व सरल स्वभाव का किरदार रहेगा हमेशा याद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रा.उ.मा. विद्यालय, सालियर में आदरणीय शिक्षक श्री सलीम अहमद जी के सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा उनके सम्मान में एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। सलीम अहमद वर्ष 2017 से इस विद्यालय में कार्यरत रहे और उन्होंने कठिन परिस्थितियों में विद्यालय के संचालन को सफलतापूर्वक संभाला। उनका व्यक्तित्व कठोर अनुशासन के साथ-साथ अत्यंत सरल, निर्मल एवं प्रेरणादायी रहा। उन्होंने विद्यार्थियों में अनुशासन, नैतिकता एवं शिक्षा के प्रति समर्पण की भावना विकसित की। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सदस्य अर्चना सैनी, यामिनी नागर, राकेश कुमार, सायमा, पारुल शर्मा, ताजीम अली (नन्हेडा अनंतपुर) सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे तथा सभी ने उनके योगदान को सराहा और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रविन्द्र ममगाई ने भावुक शब्दों में कहा-"कभी अलविदा मत कहो, किसी न किसी मोड़ पर फिर मुलाकात होगी।" कार्यक्रम के दौरान राकेश कुमार ने एक मार्मिक विदाई गीत प्रस्तुत कर वातावरण को



भावुक बना दिया। यामिनी नागर ने उनके सहयोग की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया, वहीं अंत में सलीम अहमद ने सभी के सहयोग के लिए विद्यालय परिवार का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उनके परिवार के सगे-संबंधी भी उपस्थित रहे, जिससे समारोह और अधिक आत्मीय एवं भावनात्मक बन गया। विद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

# तीन बच्चों की मां ने गंगनहर में लगाई छलांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** कलियर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला अपने तीन बच्चों को साथ लेकर कावड़ पटरी पुल पर पहुंची ओर बच्चों को गंगनहर के घाट पर बैठाकर गंगनहर में छलांग लगा दी। महिला को बहता देख वहा से गुजर रहे राहगीरों ने बामुश्किल महिला को शकुशल बहार निकाला है।

जानकारी के अनुसार मौके पर मौजूद लोगों ने जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे क्षेत्र के इमलीखेड़ा निवासी एक महिला अपने तीन बच्चों को लेकर कावंड़ पटरी पुल पर पहुंची प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उसके बाद महिला अपने तीनों बच्चों को लेकर गंगनहर के घाट पर बैठाकर महिला ने गंगनहर में छलांग लगा दी जिसके बाद उसके कपड़ों में हवा भरने से वह पानी पर तैरती रही।बच्चों को घाट पर बैठे देख उनके रोने की आवाज सुनकर और महिला को बहता देख वहा से गुजर रहे राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगो ने महिला को काफी मशक्कत के बाद रस्सी डाल कर बामुश्कील किसी तरह से शकुशल बहार निकाला उसके बाद लोगों ने महिला ओर उसके तीनों बच्चों को एक रिक्शा में बैठाकर उसके घर वापस भेजा।

# ग्रीन स्कूल विशेषज्ञ वार्ता कार्यशाला का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज लाठरदेवाहूण नारसन के सौजन्य से एक दिवसीय ग्रीन स्कूल विशेषज्ञ वार्ता कार्यशाला संपन्न हुई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृषि विशेषज्ञ ब्रह्मपाल सिंह ने उपस्थित होकर कृषि से संबंधित उपस्थित छात्र एवं छात्रों जानकारी दी। मुख्य अतिथि का स्वागत ग्रीन स्कूल प्रभारी संदीप वर्मा ने मोमेंटो देकर किया। कृषि विशेषज्ञ ब्रह्मपाल सिंह ने छात्र एवं छात्राओं को अपने संबोधन में बताया आधुनिक कृषि के जनक एम एस स्वामीनाथन में भारतीय कृषि में अमूल भूत परिवर्तन किया भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में ए बी जोशी ने कृषि को नई दिशा दी कृषि विशेषज्ञ ब्रह्मपाल सिंह ने बताया कि आज की पेप्सी साइट कृषि भूमि को नुकसान पहुंचा रही है अत: हमें उर्वरक खेती की ओर ध्यान देना होगा। साथ ही साथ विद्यालय में किचन गार्डन एवं बागवानी से संबंधित आधुनिक जानकारी भी उपस्थित छात्र-छात्राओं के मध्य साझा की। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रा रितिका एवं छात्र विवेक को कृषि से संबंधित प्रश्नावली के उत्तर देने हेतु मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। एक दिवसीय कार्यशाला में पीएम श्री प्रभारी विपुल सालार, रविंद्र पाल सिंह, सुरेश प्रसाद, बीना देवी, जितेंद्र पवार, दिनेश सिंह, आलोक द्विवेदी, सूरजभान, मुकेश बगवाड़ी, सुशील चौधरी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अलका रानी, प्रताप नारायण, उस्मान, मानसी अरुणा राठीएवं अनिता समेत विद्यालय के छात्र एवं छात्रों ने उपस्थित होकर एक दिवसीय ग्रीन स्कूल विशेषज्ञ वार्ता कार्यशाला का लाभ उठाया।

# बेमौसम बारिश से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** हरिद्वार जनपद के किसानों के लिए कुदरत का मिजाज इस समय बड़ी मुसीबत बना हुआ है खेतों में पककर तैयार खड़ी गेहूं और सरसों की फसल पर एक बार फिर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। रविवार को अचानक आसमान में छाए काले बादलों और उसके बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी है। कटाई के मुहाने पर खड़ी है फसल। गौरतलब है कि हरिद्वार जनपद में इस समय लगभग 45 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की फसल लहलहा रही है। किसानों ने बताया कि अगले एक सप्ताह के भीतर गेहूं की फसल पूरी तरह तैयार होजाती जिसके बाद इसकी कटाई और थ्रेसिंग का काम शुरू होना था लेकिन बेमौसम बारिश ने इस पूरी प्रक्रिया में बाधा डाल दी हैकिसानों की बढ़ी धड़कनेंक्षेत्र के किसान विनोद चौधरी और बचन सिंह ने बताया कि उनकी गेहूं की फसल कटाई के लिए बिल्कुल तैयार थी, लेकिन रविवार की बारिश ने सारा गणित बिगाड़ दिया है। किसानों का कहना है कियदि बारिश और तेज हुई, तो खड़ी फसल खेत में गिर जाएगाज्यादा नमी होने के कारण गेहूं की गुणवत्ता खराब हो सकती हैं और थ्रेसिंग में देरी होगीसरसों की फसल, जिसे किसान इस समय समेटने मड़ाई में जुटे हैं, उसे भी इस बारिश से भारी नुकसान पहुँच रहा है वहीं किसान अनिल चौधरी, जुल्फिकार और श्याम सिंह ने चिंता जताते हुए कहा कि अगर मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहा, तो ग्रामीणों और किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ेगा। कृषि विशेषज्ञों की रायमामले की गंभीरता को देखते हुए कृषि वैज्ञानिक डॉ. पुरुषोत्तम कुमार ने बताया कि बारिश फसलों के लिए कतई अच्छी नहीं है।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम कुछ दस्तावेजों में ताशु दर्ज हो गया था जो गलत है मेरा नाम तनिष्का है जो सही है आज के बाद मुझे तनिष्का के नाम से ही जाना पहचाना समझा पढ़ा लिखा जाए।

**तनिष्का पुत्री राजपाल निवासी कुड़ी नेतवाला पोस्ट रायसी थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र सोनू व उसकी पत्नी सोनिया व उनके बच्चों का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण हमने सोनू व सोनिया को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद सोनू व सोनिया के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

अहसान पुत्र असगर व शमसीरा पत्नी अहसन निवासीगण 23 मौ. कडच्छ ज्वालपुर तह. व जिला हरिद्वार।

# पुलिस ने किया दहेज हत्यारोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी काफी समय से वाँछित चल रहा था।

जानकारी के अनुसार वादिनी मुकदमा रहमानी पत्नी स्व० गुलशेर निवासी ग्राम महमूदपुर, थाना पिरान कलियर, जिला हरिद्वार। की लिखित तहरीर बाबत घटना 1. प्रवेज पुत्र रिफाकत (पति) के द्वारा अपने परिजन की सहायता से वादियी की पुत्री को दहेज के लिये प्रताडित करना व जहर देकर मृत्यु कारित करने के सम्बन्ध मे मु0अ0सं0 385/2025 धारा 80 (2) दहेज अधिनियम मे पंजीकृत किया गया था । जिसकी विवेचना क्षेत्राधिकारी रूडकी श्रीमती नताशा सिह के द्वारा सम्पादित की जा रही है। दौराने विवेचना अभियुक्त लगातार फरार चल रहा था आज दिनाँक 31.03.2026 को परवेज पुत्र रिफाकत निवासी ग्राम भंगेडी महावतपुर रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार को सिविल लाईन मस्जिद के पास से गिरफ्तार किया गया है।

### नगर पालिका शिवालिकनगर की बोर्ड बैठक संपन्न

# विकास कार्यो को लेकर 47 करोड़ का बजट हुआ पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नगर पालिका परिषद शिवालिकनगर की बोर्ड बैठक चेयरमैन राजीव शर्मा की अध्यक्षता व ईओ तारिक खान के संचालन में हुई। इस अवसर पर वित्त वर्ष 2026-27 के बजट के अलावा निर्माण कार्य व सीएम हेल्पलाईन पर आयी शिकायतों पर चर्चा की गयी। इस दौरान क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए सर्व सम्मति से करीब 47 करोड रूपये का बजट पास किया गया।

**❖सभी को साथ लेकर किया जा रहा क्षेत्र का बुनियादी विकास : राजीव शर्मा**

अधिशासी अधिकारी तारिक खान ने बताया कि बोर्ड बैठक में 241 प्रस्ताव जनहित में पारित किये गये। सभी प्रस्ताव नगर पालिका के सभाषदों की सहमति से ही पास किये गये। जिसमें पालिका क्षेत्र में पालिथीन के प्रतिबंध, क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, पथ प्रकाश, सम्पूण्र स्वच्छता को लेकर विशेष योजना बनाने और सख्ती से सभी कार्यों को क्रियान्वित करने का संकल्प लिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष राजीव शर्मा व सभी सभाषदों व कर्मचाचिरियों द्वारा पालिका के दो सभाषदों के देहांत होने पर उनकी आत्मा की शाति को दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में निर्माण कार्यों व अन्य विकास कार्यों की बाबत सर्व सम्मति से 47 करोड के बजट को पास किया गया। नगर पालिका चेयरमैन ने बैठक के बाद सभी सभाषदों का आभार जताते हुए कहा कि सभी को साथ लेकर पलिका क्षेत्र का बुनियादी विकास कराया जायेगा। सभी को साथ लेकर सर्व समाज के लोगों की भावना के अनुरूप विकास कार्य कराये जायेंगें। इस अवसर पर सभाषद विरेंद्र कुमार, पंकज कुमार, नूतन, हरिओम, शीतल पुंडीर, ब्रिजेश, अमरदीप, डा. राजकुमार, राधेश्याम, रमेश, अरूणा, गरिमा, दीपक आदि मौजूद रहे व अमित अग्रवाल, रजत मित्तल, सचिन कर्णवाल आदि भी मौजूद रहे।



# शोभायात्रा पर शांति व कानून व्यवस्था को लेकर गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय, क्षेत्राधिकारी मंगलौर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली भगवानपुर' के द्वारा ग्राम डाडा जलालपुर में आगामी होने वाली हनुमान जयंती शोभायात्रा के दृष्टिगत साम्प्रदायिक सौहार्द एवं शांन्ति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टीगत चौकी मण्डवार परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत प्रतिनिधियों के साथ मींटिग की गई। जिसमे गांव के ग्राम प्रधान, सम्भ्रात व्यक्ति व सीएलजी मैम्बर्स व विभिन्न समुदायो के लोग मौजूद थे । मिंटिग मे मौजूद



आयोजक समिति के सदस्य व सभी ग्रामवासियो को शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । तथा शांति एवं कानून व्यवस्था प्रभावित करने के प्रयास करने वालों को चिन्हित कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही हेतु स्पष्ट निर्देश दिए गए। सभी पक्षों द्वारा सहयोग प्रदान करने की सहमति दी गयी।

# सम्पादकीय

बुधवार, 1 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## पैचीदा होते हालात

ईरान के साथ अमेरिका-इस्राईल युद्ध अब बेहद खतरनाक मोड़ लेता दिखाई दे रहा है। यह युद्ध कैसे खत्म होगा, आज की तारीख में इसे बताने के लिए कोई भी सक्षम व्यक्ति इस धरती पर मौजूद दिखाई नहीं दे रहा है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच दिखाई दे रहा हो, लेकिन हकीकत यह है कि इस युद्ध की आग में पूरी दुनिया झुलसती दिखाई दे रही है। इसलिए कोई भी मुल्क यह कहकर पल्ला नहीं झाड़ सकता कि इस संघर्ष से उसका कोई लेना-देना नहीं है। यह बेहद अफसोसजनक बात है कि विश्व स्तर पर इस समय कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो आगे बढ़कर सभी पक्षों को शांति की मेज पर लाए। इक्का-दुक्का कोशिशें हो रही हैं, लेकिन वह वास्तव में शांति के लिए कम दिखावे के लिए ज्यादा होती दिखाई दे रही हैं। हाल ही में हुई पाकिस्तान, तुर्की, सऊदी अरब और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक भी कोई रंग लाती दिखाई नहीं दे रही है, लेकिन इस अवसर पर मिस्र के विदेश मंत्री ने जो कहा था वह काफी ध्यान देने योग्य है। उनका कहना था कि इस जंग को केवल ट्रम्प ही रोक सकते हैं। असल में इस जंग में जो सबसे बड़ी रुकावट है वह जंग शुरू करने वाले देश ही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर कोई भरोसा करने के लिए तैयार नहीं है और जब तक भरोसा नहीं होगा किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता और न ही किसी से कोई बातचीत का मतलब है। यह बात इस आधार पर की जा रही है कि बातचीत का भरोसा ट्रम्प ने ही तोड़ा है। ईरान का कहना तर्कसगत है कि जब बातचीत हुई है तब-तब अमे.रिका ने उस पर हमला किया है। जब 28 फरवरी को ईरान पर हमला किया गया तब भी बातचीत का सिलसिला जारी था और खुद ट्रम्प कह रहे थे कि बातचीत सही दिशा में जा रही है। ईरान की तरफ से भी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही थी। लोगों को भी उम्मीद थी कि यह संकट आराम से टल जाएगा, लेकिन अचानक अमेरिका-इस्राईल ने मिलकर ईरान पर हमला बोला, बल्कि उसके धार्मिक शीर्ष नेता आयातुल्ला अली खामेनेई समेत दर्जनों टॉप सैन्य कमांडर मार दिए गए। यह हमला कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। यही कारण है कि आज अमेरिका पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ता दिखाई दे रहा है। कठिन परिस्थितियों में उसका साथ देने वाला नाटो संगठन भी उससे न सिर्फ दूरी बना रहा है, बल्कि उसको यह अतार्किक युद्ध थोंपने के लिए नसीहत भी दे रहा है। भले ही ट्रम्प अपनी खीज मिटाने के लिए नाटो को कागजी शेर, कायर कह रहे हों, लेकिन इससे वास्तविक तथ्यों को नहीं बदल सकते। ट्रम्प भी जानते हैं कि वह इस युद्ध में फंस चुके हैं। हालात इतने बुरे हो चले हैं, कि उन्हें इस युद्ध से बाहर निकलने के लिए पाकिस्तान जैसे देश की मदद लेनी पड़ रही है।

## आजीविका की समस्याएं गंभीर हो रही



उप्र जैसे बड़े और गरीब राज्य में रोजगार, महंगाई और आजीविका की समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं, सरकारें इन मुद्दों पर ठोस समाधान देने के बजाय केवल वादों और जुमलेबाजी तक सीमित हैं, जिससे आमजन का जीवन और कठिन हो गया है, वैश्विक तनाव, विशेषकर अमेरिका- इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण पेट्रोल, गैस और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है, इसका सबसे ज्यादा असर गरीब और मेहनतकश वर्ग पर पड़ा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं, आत्मनिर्भरता केवल नारा नहीं , बल्कि इसे वास्तविकता में बदलने की जरूरत है, इसके लिए सरकार को दीर्घकालीन और सर्वसम्मति आधारित नीति बनानी चाहिए, जिसमें सभी दलों को शामिल किया जाए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ईरान-इस्राईल युद्ध का भारत पर प्रभाव



ईरान-इजराइल युद्ध केवल दो देशों के बीच सैन्य टकराव भर नहीं है, बल्कि यह वैश्विक राजनीति, ऊर्जा बाजार, व्यापार व्यवस्था और वित्तीय स्थिरता पर गहरा प्रभाव डालने वाला संकट बन चुका है। पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) लंबे समय से विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र रहा है, और इसी क्षेत्र में संघर्ष बढ़ने से पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था प्रभावित होती है। भारत जैसे विकासशील और ऊर्जा आयात पर निर्भर देश पर इसका प्रभाव और भी अधिक गहरा पड़ता है। वर्तमान समय में यह युद्ध केवल सीमित क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रहा, बल्कि इसका असर वैश्विक तेल कीमतों, व्यापार मार्गों, मुद्रा विनिमय दर, निवेश प्रवाह और आम जनता की जीवनशैली तक पहुंच चुका है।

हालिया घटनाओं में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के अनुसार इस संघर्ष ने वैश्विक तेल आपूर्ति को गंभीर रूप से प्रभावित किया है, जिससे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई है और कई देशों की आर्थिक स्थिति पर दबाव बढ़ा है, यह स्थिति भारत के लिए विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है।

भारत की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है। भारत लगभग 85.90 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। ऐसे में जब भी वैश्विक बाजार में तेल की कीमतें बढ़ती हैं, तो उसका सीधा असर भारत के व्यापार संतुलन, मुद्रा मूल्य और महंगाई पर पड़ता है। ईरान-इजराइल युद्ध के चलते तेल की कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट्स के अनुसार कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच चुकी हैं और भविष्य में 150 डॉलर तक जाने की आशंका जताई जा रही है।

तेल की कीमतों में यह वृद्धि भारत के लिए कई स्तरों पर संकट पैदा करती है। सबसे पहले, भारत का आयात बिल बढ़ जाता है। जब तेल महंगा होता है, तो सरकार को अधिक विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है, जिससे चालू खाता घाटा बढ़ता है। इससे भारतीय रुपये पर दबाव आता है और उसकी कीमत गिरने लगती है। रुपये की कमजोरी का अर्थ है कि भारत को हर आयात के लिए अधिक भुगतान करना पड़ेगा, जिससे महंगाई और बढ़ जाती है।

महंगाई इस युद्ध का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष प्रभाव है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से परिवहन लागत बढ़ जाती है। जब परिवहन महंगा होता है, तो इसका असर हर वस्तु पर पड़ता है खाद्यान्न, सब्जियां, दवाइयां, कपड़े, निर्माण सामग्री आदि सभी महंगे हो जाते हैं। इस प्रकार आम जनता पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेल की कीमतों में हर 10 प्रतिशत वृद्धि भारत की जीडीपी वृद्धि दर को 0.20-0.25 प्रतिशत तक कम कर सकती है।

ईरान-इजराइल युद्ध का दूसरा बड़ा प्रभाव व्यापार पर पड़ता है। भारत का एक बड़ा व्यापार पश्चिम एशियाई देशों के साथ होता है। खाड़ी क्षेत्र से भारत को न केवल तेल मिलता है, बल्कि भारत वहां बड़ी मात्रा में सामान निर्यात भी करता है, जैसेकृबासमती चावल, मसाले, दवाइयां, कपड़ा और इंजीनियरिंग उत्पाद। युद्ध के कारण समुद्री मार्गों में असुरक्षा बढ़ जाती है, विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल गुजरता है। इस मार्ग में किसी भी प्रकार की बाधा भारत के व्यापार को सीधे प्रभावित करती है। जब समुद्री मार्ग असुरक्षित होते हैं, तो जहाजों के बीमा और माल ढुलाई की लागत बढ़ जाती है। इसका परिणाम यह होता है कि भारतीय निर्यातकों की लागत बढ़ जाती है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता कम हो जाती है। कई बार निर्यात में देरी या रद्दीकरण भी होता है, जिससे भारत के व्यापार घाटे में वृद्धि होती है। इस युद्ध के कारण भारत के कई उद्योगों को नुकसान पहुंचा है। विशेष रूप से वे उद्योग जो तेल पर निर्भर हैंकृजैसे परिवहन, विमानन, रसायन, प्लास्टिक, उर्वरक और विनिर्माण। विमानन क्षेत्र पर इसका सीधा असर पड़ा है क्योंकि हवाई ईंधन की कीमतें बढ़ गई हैं और कई अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के मार्ग बदलने पड़े हैं। इससे टिकट महंगे हुए हैं और यात्रियों की संख्या में गिरावट आई है। भारतीय शेयर बाजार भी इस युद्ध से अछूता नहीं रहा। जैसे ही युद्ध की खबरें बढ़ीं, निवेशकों में डर पैदा हुआ और उन्होंने सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख किया, जैसे सोना और अमेरिकी डॉलर। इससे भारतीय शेयर बाजार में गिरावट आई और विदेशी निवेशकों ने पैसा निकालना शुरू कर दिया। इससे बाजार में अस्थिरता बढ़ी और कई कंपनियों के शेयर मूल्य गिर गए। रुपये की कमजोरी एक और बड़ी समस्या है। जब विदेशी निवेशक पैसा निकालते हैं और आयात बिल बढ़ता है, तो रुपये की मांग कम हो जाती है। इससे रुपये की कीमत गिरती है। रूपए के कमजोर होने से आयात और महंगा हो जाता है, जिससे महंगाई का दुष्चक्र शुरू हो जाता है। इस युद्ध का प्रभाव केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। महंगाई बढ़ने से आम लोगों की क्रय शक्ति कम हो जाती है। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के लिए जीवन यापन कठिन हो जाता है। रोजमर्रा की जरूरतोंकृजैसे खाना, परिवहन, शिक्षा और स्वास्थ्यकृकी लागत बढ़ जाती है। इससे सामाजिक असंतोष भी बढ़ सकता है। भारतीय सरकार के सामने इस स्थिति में कई चुनौतियां हैं। एक ओर उसे महंगाई को नियंत्रित करना है, दूसरी ओर आर्थिक विकास को बनाए रखना है। यदि सरकार पेट्रोल और डीजल पर टैक्स कम करती है, तो उसकी आय द्धतमअ. मदनमक्र्‌ घट जाती है। लेकिन यदि टैक्स नहीं घटाती, तो जनता पर बोझ बढ़ता है। यह एक संत. ुलन बनाने की कठिन स्थिति है। इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक को भी ब्याज दरों को लेकर सावधानी बरतनी पड़ती है।

यदि महंगाई बढ़ती है, तो ब्याज दरें बढ़ानी पड़ती हैं, लेकिन इससे निवेश और विकास पर असर पड़ता है। इस प्रकार युद्ध का प्रभाव मौद्रिक नीति पर भी पड़ता है। भारत के निर्यात क्षेत्र को भी इस युद्ध से नुकसान हुआ है। विशेष रूप से वे वस्तुएं जो खाड़ी देशों को निर्यात की जाती हैं जैसे बासमती चावल, मसाले, दवाइयां और वस्त्र उनकी मांग में कमी आई है या आपूर्ति बाधित हुई है। कुछ मामलों में माल नष्ट भी हुआ है या समय पर नहीं पहुंच पाया, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर खाद्य और उर्वरक की कीमतों में भी वृद्धि हुई है। युद्ध के कारण आपूर्ति श्रंखला बाधित होती है, जिससे कृषि क्षेत्र पर भी प्रभाव पड़ता है। भारत जैसे देश, जहां बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, वहां इसका प्रभाव व्यापक होता है। ईरान-इजरा. इल युद्ध ने यह भी दिखाया है कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा कितनी कमजोर है। भारत को अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए विदेशों पर निर्भर रहना पड़ता है। इस स्थिति में किसी भी वैश्विक संकट का सीधा असर भारत पर पड़ता है। इसलिए लंबे समय में भारत को वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतोंकृजैसे सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जैव ईंधनकृकी ओर तेजी से बढ़ना होगा।

इस संकट का एक सकारात्मक पहलू भी हो सकता है। यह भारत को आत्मनिर्भर बनने और अपनी ऊर्जा नीति में सुधार करने के लिए प्रेरित कर सकता है। साथ ही, यह भारत को अपने व्यापार मार्गों और साझेदार देशों में विविधता लाने के लिए भी मजबूर कर सकता है। अंततः ईरान. इजराइल युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से गहराई से जुड़ी हुई हैं। एक क्षेत्र में होने वाला संघर्ष पूरे विश्व को प्रभावित कर सकता है। भारत के लिए यह एक चेतावनी है कि उसे अपनी आर्थिक और ऊर्जा नीतियों को अधिक मजबूत और लचीला बनाना होगा। यदि यह युद्ध लंबे समय तक चलता है, तो भारत को गंभीर आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता हैकृजैसे उच्च महंगाई, धीमी आर्थिक वृद्धि, बढ़ता व्यापार घाटा और कमजोर मुद्रा, लेकिन यदि भारत सही नीतिगत कदम उठाता है, तो वह इस संकट को अवसर में भी बदल सकता है। इस प्रकार, ईरान-इजराइल युद्ध केवल एक सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि एक ऐसा वैश्विक आर्थिक संकट है जिसने भारत सहित पूरी दुनिया की आर्थिक संरचना को प्रभावित किया है। आने वाले समय में इस युद्ध की दिशा और अवधि यह तय करेगी कि इसका प्रभाव कितना गहरा और दीर्घकालिक होगा।

**-एस.एम.राव**

# जलवायु परिवर्तन, अंतर्राष्ट्रीय तनाव व बढ़ता संकट

**आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही।**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी चेतावनी के अनुसार पानी के जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया की जल व्यवस्था दम तोड़ रही है। कई नदियां, ग्लेशियर और भूजल भंडार अपनी प्राकृतिक सीमा से ज्यादा दबाव में हैं, और संभव है कि वे पहले जैसी स्थिति में फिर कभी न लौट सकें।

ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे नदियों का बहाव बदल रहा है। राजनीतिक तनाव इस समस्या को और जटिल बना रहे हैं। कई देशों के बीच पानी बंटवारे से जुड़े समझौते दबाव में आ गए हैं। अप्रैल 2025 में भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया, जो 1960 से सिंधु नदी तंत्र के इस्तेमाल को तय करती थी। दूसरी ओर, अफगानिस्तान कुनार नदी पर एक बड़े जलाशय निर्माण की योजना बना रहा है, जिससे पाकिस्तान की ओर जाने वाले पानी में कमी आ सकती है। इसी बीच भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल बंटवारे का समझौता भी दिसंबर में खत्म होने वाला है। नया समझौता न होने से नदी पर निर्भर लगभग 63 करोड़ लोग प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, पानी से सम्बंधित पुराने समझौतों को बनाए रखना ही काफी नहीं है बल्कि उन्हें आज की परिस्थितियों के अनुसार ढालना होगा। पहले के समझौते उस समय के स्थिर जल स्तर को ध्यान में रखकर बनाए गए थे। लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश, ग्लेशियर पिघलने और नदियों के बहाव के पैटर्न पहले जैसे नहीं रहे। नवीनतम



जानकारी उपलब्ध हो, तो समस्याओं का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। आजकल वैज्ञानिक 'डिजिटल ट्विन' नामक तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसमें कंप्यूटर पर नदी प्रणाली का एक आभासी मॉडल बनाया जाता है, जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि जलवायु परिवर्तन का नदी पर क्या असर पड़ेगा। चीन की यांग्त्से नदी घाटी में इस तकनीक का इस्तेमाल जल प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए किया जा चुका है। सिंधु जल संधि कई युद्धों और राजनीतिक तनाव के बावजूद दशकों तक चलती रही। इसका एक कारण यह था कि इसमें विश्व बैंक जैसे तटस्थ मध्यस्थ की भूमिका थी और दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की एक संयुक्त समिति भी बनाई गई थी। और पानी से जुड़े ढांचे और परियोजनाओं के लिए साझा वित्तीय व्यवस्था भी रखी गई थी। ऐसी संस्थाओं को और मजबूत होना चाहिए, ताकि वे पूरे नदी क्षेत्र के प्रबंधन में डैटा के आधार पर फैसले ले सकें। नदियों को केवल पानी के स्रोत के रूप में देखने की बजाय उन्हें समग्र प्राकृतिक तंत्र के रूप में समझना होगा। बेहतर जानकारी, आपसी सहयोग और लचीले समझौतों की मदद से अभी भी आने वाले वैश्विक जल संकट को टाला जा सकता है।

**-स्रोत फीचर्स**

# सोशल मीडिया की बढ़ती लत से दिमागी और सामाजिक प्रभाव

सोशल मीडिया का आगमन पिछले एक दशक में हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफार्मों ने न केवल हमारी संवाद शैली को बदल दिया है, बल्कि हमारी मानसिकता, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी गहरा प्रभाव डाला है। हालांकि, इस तकनीकी प्रगति के साथ-साथ, सोशल मीडिया की लत भी एक गंभीर समस्या बन गई है। इस लेख में हम सोशल मीडिया की लत के स्वास्थ्य पर प्रभावों की गहराई से चर्चा करेंगे।

**सोशल मीडिया की लतः एक परिचय**

सोशल मीडिया की लत को किसी व्यक्ति के सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करने के रूप में परिभाषित किया जा सकता है, जो उनके दैनिक जीवन, कार्यक्षमता, और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। यह लत व्यक्तियों को अपने वास्तविक जीवन से दूर कर देती है और उन्हें एक आभासी दुनिया में सीमित कर देती है।

**सोशल मीडिया का बढ़ता उपयोग**

1. जनसंख्या के विभिन्न आयु वर्ग में प्रभाव

आजकल के युवा और बच्चे सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिता रहे हैं। विभिन्न अध्ययनों से पता चला है कि औसतन एक व्यक्ति दिन में लगभग 2-3 घंटे सोशल मीडिया का उपयोग करता है। यह समय न केवल संचार के लिए, बल्कि मनोरंजन, समाचार, और अन्य जानकारी के लिए भी उपयोग किया जाता है।

2. सोशल मीडिया का व्यावसायिक उपयोग

सोशल मीडिया का उपयोग व्यवसायों में भी बढ़ रहा है। कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही हैं। हालांकि, इस व्यावसायिक उपयोग के साथ-साथ, व्यक्तिगत उपयोग भी बढ़ रहा है।

**अवसाद और चिंता**

सोशल मीडिया की लत से अवसाद और चिंता की समस्याएं बढ़ सकती हैं। जब व्यक्ति दूसरों के जीवन को देखकर अपनी स्थिति की तुलना करते हैं, तो उन्हें असुरक्षा का अनुभव होता है। इससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**आत्म-सम्मान में कमी**

सोशल मीडिया पर ष्लाइकष् और ष्फॉलोअरष् की संख्या से व्यक्ति का आत्म-सम्मान प्रभावित होता है। जब व्यक्ति को अपेक्षित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो उनकी आत्मछवि पर बुरा असर पड़ता है।

**शारीरिक स्वास्थ्य**

सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग रात में नींद की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। स्क्रीन की नीली रोशनी और लगातार सूचनाओं के कारण व्यक्ति सोने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ सकती हैं।

**शारीरिक गतिविधियों की कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से शारीरिक गतिविधियों की कमी होती है। यह वजन बढ़ने, हृदय रोग, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है।

**व्यक्तिगत संबंधों में कमी**

सोशल मीडिया पर अधिक समय बिताने से व्यक्ति अपने वास्तविक संबंधों की उपेक्षा करने लगता है। इससे पारिवारिक और मित्रता संबंध कमजोर हो सकते हैं।

**सामाजिक अलगाव**

जब व्यक्ति केवल ऑनलाइन बातचीत में ही उलझा रहता है, तो वे वास्तविक दुनिया से अलगाव का अनुभव कर सकते हैं। यह सामाजिक जीवन में कमी का कारण बनता है।

**प्रभावी शोध और अध्ययन**

अनेक शोधों ने सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक स्पष्ट संबंध स्थापित किया है। उदाहरण के लिए, एक अध्ययन में पाया गया कि जिन व्यक्तियों ने रोजाना अधिक समय सोशल मीडिया पर बिताया, उनमें अवसाद और चिंता के लक्षण अधिक देखे गए।

**डेटा का विश्लेषण**

एक अन्य अध्ययन में, 18 से 24 वर्ष के युवाओं में सोशल मीडिया के उपयोग और मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध को स्थापित किया गया। यह पाया गया कि जिन युवाओं ने अपने आत्म-सम्मान को सोशल मीडिया पर आधारित किया, उनमें अवसाद की संभावना अधिक थी।

**समाधान और उपाय**

सोशल मीडिया के उपयोग को सीमित करना एक प्रभावी उपाय हो सकता है। व्यक्ति को अपनी स्क्रीन टाइम को नियंत्रित करना चाहिए और इसे केवल आवश्यकतानुसार उपयोग करना चाहिए।

**डिजिटल डिटॉक्स**

डिजिटल डिटॉक्स का अर्थ है कुछ समय के लिए सोशल मीडिया से दूरी बनाना। इससे व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य को पुनः सुधारने और वास्तविक जीवन में जुड़ने का अवसर मिलता है।

**जागरूकता कार्यक्रम**



लोगों को सोशल मीडिया के प्रभावों के बारे में जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

**मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं**

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। व्यक्ति को अपने मानसिक स्वास्थ्य के लिए पेशेवर मदद लेने में संकोच नहीं करना चाहिए।

**निष्कर्ष**

सोशल मीडिया हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है, लेकिन इसकी लत गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। मानसिक, शारीरिक, और सामाजिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभावों को समझना अत्यंत महत्वपूर्ण है। हमें इसे समझदारी से उपयोग करने की आवश्यकता है, ताकि हम इसके फायदों का लाभ उठा सकें और इसके हानिकारक प्रभावों से बच सकें। इस दिशा में उठाए गए कदम न केवल हमारे लिए, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए हमें सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग करना चाहिए।


**-स्रोत फीचर्स**



इजरायल। पेटाह टिकवा में ईरानी मिसाइल से प्रभावित स्थल का निरीक्षण करते इजरायली सुरक्षा बल और निवासी।

# इजरायल में फलस्तीनी अपराधियों को 90 दिन में फांसी

## अपील करने का अधिकार खत्म, इजरायली संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को दी मंजूरी





■ इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है
■ इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी

**तेल अवीव।** इजरायल की संसद 'नैस्ट' ने एक बेहद विवादास्पद विधेयक को मंजूरी दी है, जो इजरायली नागरिकों की हत्या के दोषी वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों के लिए 'मौत की सजा' अनिवार्य बनाता है। इस समय इजरायल की जेल में 1100 कैदी बताए जाते है जिनमें बच्चों की संख्या 250 है।

इस विधेयक की सबसे विवादित बात यह है कि इसमें सजा का दोहरा मापदंड रखा गया है-जहां वेस्ट बैंक के फलस्तीनियों पर सैन्य अदालतों में मुकदमा चलाकर उन्हें फांसी दी जाएगी, वहीं समान अपराधों के लिए इजरायली नागरिकों (यहूदियों) पर नागरिक अदालतों में मुकदमा चलेगा, जो उन्हें इस कठोर सजा के दायरे से बाहर रखता है। 'द टाइम्स ऑफ इजरायल' की रिपोर्ट के अनुसार, इस विधेयक के तहत सैन्य अदालतों में घातक आतंकी गतिविधियों के दोषी पाए गए वेस्ट बैंक के निवासियों के लिए 'फांसी की सजा' ही मुख्य सजा होगी। न्यायाधीश केवल कुछ अस्पष्ट 'विशेष परिस्थितियों' में ही उम्रकैद की सजा सुना सकेंगे। इसके मुताबिक, सजा सुनाए जाने के 90 दिनों के भीतर फांसी देनी होगी। इसे विशेष स्थिति में 180 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। 120 सीटो वाली नैस्ट में सोमवार को इस विधेयक के पक्ष में 62 वोट पड़े, जिनमें प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का वोट भी शामिल था। विपक्ष में 48 वोट पड़े और एक सदस्य मतदान से अनुपस्थित रहा। इस विधेयक की अगुवाई धुर दक्षिणपंथी राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन ग्विर ने की थी। मतदान के बाद बेन ग्विर ने सार्वजनिक रूप से इसका जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर लिखा कि हमने इतिहास रच दिया!!! हमने वादा किया था और उसे पूरा कर दिखाया। इस विधेयक की हालांकि व्यापक स्तर पर निंदा की जा रही है और इसे 'भेदभावपूर्ण' बताया जा रहा है। यूरोपीय देशों, मानवाधिकार समूहों और फलिस्तीनी प्राधिकरण ने दो अलग-अलग कानूनी प्रणालियां बनाने के लिए इस कानून की कड़ी आलोचना की है। 'एसोसिएशन फॉर सिविल राइट्स इन इजरायल' इस विधेयक को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे रही है। उनका तर्क है कि यह कानून संवैधानिक और अधिकार क्षेत्र के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है और राष्ट्रीयता के आधार पर असमान व्यवहार (भेदभाव) स्थापित करता है। विधेयक के समर्थकों ने हमलों के अपने व्यक्तिगत अनुभवों का हवाला देते हुए कहा कि वे इजरायली और फलस्तीनियों के बीच 'आतंक के चक्र' को तोड़ना चाहते हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और इटली ने इस पर 'गहरी चिंता' व्यक्त करते हुए कहा कि इस विधेयक से 'लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में इजरायल की प्रतिबद्धताओं के कमजोर होने' का खतरा है। गाजा पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने सोमवार शाम एक बयान में कहा कि इस विधेयक की मंजूरी इजरायली जेलों में बंद फलस्तीनी कैदियों के 'जीवन के लिए खतरा' है। हमास ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से 'अपने कैदियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने' का आह्वान किया।

## ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से आबादी को कोई खतरा नहीं: ईरान

**तेहरान।** ईरान के क्षतिग्रस्त परमाणु ऊर्जा संयंत्रों से देश की आबादी को कोई खतरा नहीं है। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के उप प्रमुख मोहम्मद रजा करदान ने यह बात कही है। उन्होंने सोमवार को समाचार एजेंसी आईआरएनए से कहा कि अब तक, नुकसान इस तरह का नहीं है जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य को कोई खतरा हो। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी संभावित नुकसान की रिपोर्ट मिलने के बाद विकिरण सुरक्षा विशेषज्ञ स्थिति का आकलन कर रहे हैं। संगठन ने शुक्रवार को कहा था कि अमेरिका और इजरायल ने दक्षिणी ईरान में 'एलो. केक' के नाम से जाने जाने वाले पाउडर वाले यूरेनियम सांद्रण का उत्पादन करने वाले एक संयंत्र पर हमला किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### यूरोपीय संघ परिषद ने ईरान पर लगे प्रतिबंधों को बढ़ाया

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) ने कथित मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघनों को लेकर ईरान पर लगे प्रतिबंधों को 13 अप्रैल, 2027 तक बढ़ा दिया है। यूरोपीय संघ परिषद ने यह जानकारी दी। परिषद ने सोमवार को एक बयान में कहा कि परिषद ने आज ईरान में मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के जवाब में यूरोपीय संघ के प्रतिबंधात्मक उपायों को 13 अप्रैल 2027 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। बयान के अनुसार, इन उपायों में ईयू में प्रवेश पर प्रतिबंध और संपत्ति को फ्रीज करना, साथ ही ईरान को दूरसंचार निगरानी उपकरणों के निर्यात पर प्रतिबंध शामिल है।

### यरूशलम में दस धमाकों की आवाज सुनी गई : रिपोर्ट

**यरूशलम।** इजरायल की राजधानी यरूशलम में कम से कम 10 धमाकों की गूंज सुनी गई है। एजेंसी फ्रांस-प्रेस ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने इससे पहले कहा था कि उसने ईरान से दागी गई मिसाइल का पता लगाया है और हवाई सुरक्षा प्रणालियां उन्हें रोक रही हैं। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका-इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान और देश के कई हिस्सों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई में इजरायली क्षेत्र पर हमलों के साथ ही पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए।

### हैती में मरने वालों की संख्या 70 तक पहुंचने का अनुमान

**मेक्सिको सिटी।** मध्य अमेरिकी देश हैती के आर्टिबोनिट क्षेत्र में एक गिरोह के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 तक पहुंचने का अनुमान है। रेडियो टेली गैलेक्सी ने आर्टिबोनिट के मेयर के हवाले से यह जानकारी दी। हैती की राष्ट्रीय पुलिस ने पहले सोशल मीडिया पर बताया था कि हमले में मरने वालों की प्रारंभिक संख्या 16 थी, जबकि अन्य 10 स्थानीय निवासी घायल हुए थे।

# ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार डोनाल्ड ट्रम्प

## ट्रम्प होमुर्ज जलडमरूमध्य खोलने को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ने सहयोगियों के समक्ष अपनी जिद त्यागी



■ अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए
■ ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा है कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य खोले बिना ईरान के खिलाफ युद्ध समाप्त करने को तैयार हैं। 'द वॉल स्ट्रीट जर्नल' अखबार ने अमेरिकी प्रशासन के अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार ट्रम्प और उनके सहयोगियों ने हाल के दिनों में आकलन किया कि इस अहम जलमार्ग को खोलने का कोई भी अभियान संघर्ष को उनकी तय समय-सीमा (चार से छह सप्ताह) से आगे बढ़ा देगा।

उन्होंने फैसला किया कि अमेरिका को अपने मुख्य लक्ष्य हासिल करने चाहिए और मौजूदा शत्रुता को खत्म करना चाहिए, जबकि साथ ही तेहरान पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि व्यापार का मुक्त प्रवाह फिर से शुरू हो सके। अधिकारियों ने अखबार को बताया कि अगर यह तरीका नाकाम रहता है, तो अमेरिका यूरोप और खाड़ी देशों में अपने सहयोगियों पर दबाव डालेगा कि वे जलडमरूमध्य को फिर से खोलने की पहल करें। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए, जिनमें तेहरान भी शामिल था, इन हमलों से काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान ने इसके जवाब में इजरायली क्षेत्र और पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। ईरान के आसपास बढ़े इस तनाव के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की प्रभावी रूप से नाकेबंदी हो गई है। यह मार्ग फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजार तक तेल और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) की आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है। इस नाकेबंदी ने इस क्षेत्र में तेल के निर्यात और उत्पादन के स्तर को भी प्रभावित किया है। इसके परिणामस्वरूप, दुनिया भर के अधिकांश देशों में ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं।

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहने पर बढेंगी तेल की कीमतें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी बैंक जेपी मॉर्गन के मुख्य अर्थशास्त्री ब्रूस कासमैन का मानना है कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने के लिए बंद रहता है, तो तेल की कीमतें आसमान छूने के साथ 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं। ब्रिटिश समाचार पत्र 'द टाइम्स' ने अर्थशास्त्री कासमैन के बयान के हवाले से कहा कि ऐसी स्थिति में, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य एक और महीने तक बंद रहता है, तो तेल की कीमतें लगभग 150 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं और ऊर्जा आपूर्ति पर निर्भर औद्योगिक उपभोक्ताओं को कमी का सामना करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका-इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान की राजधानी तेहरान सहित देश के विभिन्न ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिससे भारी क्षति हुई और नागरिक हताहत हुए थे। ईरान पे इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। इस बीच, फारस की खाड़ी के देशों से वैश्विक बाजारों में तेल और तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति के लिए एक प्रमुख मार्ग-होर्मुज जलडमरूमध्य के माध्यम से होने वाला नौपरिवहन प्रभावी रूप से ठप हो गया है।

## नासा के चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए उल्टी गिनती शुरू

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने बुधवार को भेजे जाने वाले अपने चंद्रमा मिशन आर्टेमिस-II के लिए मंगलवार से उल्टी गिनती शुरू कर दी है। नासा ने आज एक अपडेट में कहा कि परीक्षण उड़ान के लिए उल्टी गिनती फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर में चल रही है, जहां चार अंतरिक्ष यात्री अपने कंसोल पर पहुंच रहे हैं। आर्टेमिस II आर्टेमिस कार्यक्रम के तहत नासा का पहला चालक दल वाला मिशन है, जिसे इसे फ्लोरिडा में एजेंसी के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। इसे एक अप्रैल को शाम 6:24 बजे (भारतीय समयानुसार 2 अप्रैल सुबह 3.54 बजे) लॉन्च किया जाना है। इसमें नासा के तीन और कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी के एक अंतरिक्ष यात्री को चंद्रमा के चारों की यात्रा और वापसी की लगभग 10 दिनों की यात्रा के लिए भेजा जा रहा है। इस अभियान में एजेंसी पहली बार मानव यात्रियों को ले जाने के लिए ओरियन अंतरिक्ष यान की जीवन रक्षक प्रणालियों का भी परीक्षण करेगी, जिससे भविष्य के चालक दल वाले आर्टेमिस मिशनों के लिए आधार तैयार हो सकेगा। उल्टी गिनती आधिकारिक तौर पर शुरू होने के साथ, इंजीनियर 'फ्लाइट हार्डवेयर' को पावर दे रहे हैं, संचार लिक की जांच कर रहे हैं और रॉकेट के क्रायोजेनिक सिस्टम को ईंधन भरने के लिए तैयार कर रहे हैं।

# ट्रम्प के नाम पर होगा फ्लोरिडा एयरपोर्ट का नाम

■ उनके घर के नजदीक यह हवाईअड्डा, पहले राष्ट्रपति होंगे जिनके कार्यकाल में नाम बदलेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर राष्ट्रपति ट्रम्प के नाम पर रखने का फैसला लिया गया है। फ्लोरिडा के गवर्नर रान डीसैंटिस ने एक बिल पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत पाम बीच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का नाम बदलकर 'प्रेसिडेंट डोनाल्ड जे. ट्रम्प इंटरनेशनल एयरपोर्ट' किया जा रहा है।

फ्लोरिडा सरकार के फैसले के बाद अब इस नाम को लागू करने के लिए फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। इसके बाद फ्लाइट चार्ट, नेविगेशन सिस्टम और एयरपोर्ट साइनेज में बदलाव किया जाएगा। एफएए की मंजूरी मिलने पर 1 जुलाई से यह नाम लागू हो सकता है। ऐसा होने पर ट्रम्प पहले ऐसे राष्ट्रपति होंगे, जिनके कार्यकाल के दौरान ही उनके नाम पर एयरपोर्ट रखा जाएगा। पाम बीच इंटरनेशनल अमेरिका का नौवां ऐसा कमर्शियल एयरपोर्ट बन जाएगा, जिसका नाम किसी राष्ट्रपति पर होगा। यह एयरपोर्ट ट्रम्प के मार-ए-लागो एस्टेट के बेहद करीब है, जो उनका मुख्य निवास है। अमेरिका में किसी एयरपोर्ट का नाम बदलना सिर्फ एक प्रशासनिक फैसला नहीं होता, बल्कि इसमें स्थानीय, राज्य और फेडरल तीनों स्तरों पर प्रक्रिया शामिल होती है। अमेरिका के ज्यादातर एयरपोर्ट स्थानीय सरकार या एयरपोर्ट अथारिटी के नियंत्रण में होते हैं। सबसे पहले सिटी काउंसिल एयरपोर्ट बोर्ड नाम बदलने का प्रस्ताव पास करती है। अगर एयरपोर्ट राज्य के अधिकार में है, तो गवर्नर या स्टेट लेजिस्लेचर की मंजूरी जरूरी होती है। हालांकि कुछ मामलों में सिर्फ स्थानीय मंजूरी ही काफी होती है, लेकिन बड़े एयरपोर्ट के लिए राज्य का रोल अहम होता है। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) अमेरिका में एयरपोर्ट संचालन पर नजर रखने वाली प्रमुख संस्था है। नाम बदलने के बाद एफएए को आफिशियल अपडेट भेजा जाता है। सभी एयर ट्रैफिक सिस्टम, मैप्स और डेटाबेस में नाम अपडेट होता है। हालांकि एयरपोर्ट का कोड आमतौर पर नहीं बदला जाता। इसे बदलना बहुत मुश्किल होता है, क्योंकि इससे इंटरनेशनल एविएशन सिस्टम प्रभावित होता है। फ्लोरिडा एयरपोर्ट का कोड भी बदला जा रहा है। अमेरिकी सांसद ब्रायन मस्ट ने एयरपोर्ट का तीन अक्षरों वाला कोड पीबीआई से बदलकर डीजेटी करने का प्रस्ताव भी रखा है, जो ट्रम्प के नाम के शुरुआती अक्षर हैं।

# किसी भी आक्रमणकारी के काट देंगे पैर: ईरान

## अमेरिका के संभावित जमीनी हमले को लेकर ईरान की चेतावनी

■ रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं

**तेहरान।** ईरान ने मंगलवार को एक बार अमेरिका को कड़ी चेतावनी दी। उसने कहा कि अगर कोई देश उस पर हमला करता है, तो उसकी सेना उसे कड़ा जवाब देगी।

तेहरान में इस्लामी रिवाल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अनबिया मुख्यालय के प्रवक्ता इब्राहिम जोलफाघरी ने कहा, ईरान की सशस्त्र सेनाएं देश पर हमला करने वाले किसी भी हमलावर के पैर काट देंगी। ईरानी सरकारी मीडिया प्रेस टीवी ने यह जानकारी दी। प्रेस टीवी के मुताबिक, रूस के चेचन लड़ाके भी जरूरत पड़ने पर ईरान में तैनाती के लिए तैयार हैं, खासकर अगर अमेरिका जमीनी हमला करता है। इस बीच, वाल स्ट्रीट जर्नल (डब्ल्यूएसजे) की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ जारी सैन्य अभियान को खत्म करने पर विचार कर रहे हैं। भले ही होर्मुज जलडमरूमधय बंद ही क्यों न रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रम्प ने अपने सहयोगियों से कहा कि वह ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान को चार से छह हफ्तों के भीतर कम करने के लिए तैयार हैं, चाहे होर्मुज जलडमरूमधय पूरी तरह बंद ही क्यों न रहे। इस फैसले से इस अहम जलमार्ग पर तेहरान का नियंत्रण बढ़ सकता है। इसे फिर से खोलने के लिए कूटनीतिक प्रयासों पर ज्यादा फोकस किया जाएगा। ट्रम्प ने संकेत दिया कि ईरान की नौसेना और मिसाइल क्षमता को कमजोर करने जैसे बड़े लक्ष्य हासिल किए जा चुके हैं, इसलिए अब इस संघर्ष को खत्म किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रम्प का मानना है कि समुद्री अभियान में लंबे समय तक उलझे बिना अपने मुख्य सैन्य लक्ष्यों को हासिल करके अमेरिका जीत का दावा कर सकता है।

## डब्लूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन रहा बेनतीजा

**याओउंडे (कैमरून)।** विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) का 14वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन सोमवार को गतिरोध के साथ समाप्त हो गया। ब्राजील और तुर्की ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन पर सीमा शुल्क से मिलने वाली छूट को 2030 के अंत तक बढ़ाने के अमेरिका समर्थित समझौते को रोक दिया। पिछले 28 वर्षों से मिली यह छूट देशों को डिजिटल वस्तुओं पर टैरिफ लगाने से रोकती है, जो वैश्विक ई-कॉमर्स का प्रमुख आधार है। ब्राजील ने डब्ल्यूटीओ में व्यापक सुधारों का आह्वान किया और चेतावनी दी कि नियमों पर आधारित व्यापार प्रणाली अभूतपूर्व दबाव में है।

# अमेरिकी सैनिक के आने का 'इंतजार' कर रहे: ईरान

■ अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका को धमकी देते हुए कहा है कि वह क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के जमीनी आक्रमण का जोरदार जवाब देने के लिए तैयार है और उनके आने का 'इंतजार' कर रहा है।

यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस बयान के बाद आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि उनकी 'प्राथमिकता ईरान में तेल लेने की होगी'। अमेरिका कथित तौर पर हफ्तों से ईरान में सीमित जमीनी अभियानों की तैयारी कर रहा है, जिसमें खर्ग द्वीप और होर्मुज जलडमरूमध्य के पास तटीय स्थलों पर छापेमारी शामिल है। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के खातम अल-अंबिया मुख्यालय के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैनिकों के आने पर सशस्त्र बल कड़ा जवाब देंगे। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका ने एक सीमित आक्रमण की तैयारी की है जिसमें विशेष अभियान बलों और पारंपरिक पैदल सेना दोनों द्वारा छापेमारी शामिल हो सकती है।

## यूरोपीय संघ का ईंधन आयात बिल 14.9 अरब डॉलर बढ़ा: रिपोर्ट

**मॉस्को।** यूरैक्टिव ने एक गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के हवाले से कहा है कि पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण यूरोपीय संघ को ऊर्जा आयात के बिल में 13 अरब यूरो (14.9 अरब डॉलर) की अतिरिक्त लागत चुकानी पड़ी है। ऊर्जा मंत्रियों की मंगलवार को होने वाली ऑनलाइन बैठक से पहले ब्रुसेल्स ने यूरोपीय संघ के देशों को भेजे दस्तावेज में कहा कि 28 दिनों के संघर्ष ने संघ के जीवाश्म ईंधन आयात बिल में पहले ही 13 अरब यूरो जोड़ दिए हैं। अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे।

# पाकिस्तान में सरकारी स्कूल पर हमला

## उग्रवादियों ने झंडा फहराया, सेना के साथ मुठभेड़ में नौ उग्रवादी ढेर



■ पाक सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सरकारी स्कूल पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले के बाद सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम नौ उग्रवादी मारे गए।

पाकिस्तान पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सोमवार को उग्रवादियों ने खैबर जिले के बारा तहसील के आका खेल इलाके में स्थित गवर्नमेंट हाई स्कूल ख्वाजा मीर कलाय पर हमला कर दिया। हमलावरों का मकसद स्कूल भवन पर कब्जा करना था। हमले के दौरान उग्रवादियों ने स्कूल से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज उतारकर अपनी झंडा फहरा दिया। इसकी सूचना मिलते ही पाकिस्तानी सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और उग्रवादियों के साथ भीषण मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के बाद सुरक्षा बलों ने नौ उग्रवादियों को मार गिराया और स्कूल पर दोबारा कब्जा हासिल कर लिया। इसके बाद स्कूल पर फिर से पाकिस्तान का राष्ट्रीय धवज फहरा दिया गया। अभी तक किसी उग्रवादी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने हमले के दौरान स्कूल पर कब्जे और झंडा फहराने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी जारी किया था, जिसका उद्देश्य प्रचार करना बताया जा रहा है। हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर सर्च आपरेशन शुरू किया, ताकि किसी भी फरार उग्रवादी और उनके सहयोगियों को पकड़ा जा सके। फिलहाल स्कूल परिसर को पूरी तरह सुरक्षित घोषित कर दिया गया है और हालात नियंत्रण में बताए जा रहे हैं।

## पाक में भारी बारिश के कारण 11 लोगों की मौत, 49 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में भारी वर्षा के कारण कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें 10 बच्चे और एक महिला शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ए हादसे बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान और कोहाट जिलों में हुई, जहां भीषण वर्षा के कारण छतों के गिरने और कई घरों को आंशिक क्षति पहुंचने की खबरें हैं। वर्षाजनित हादसों में 49 लोग घायल भी हुए हैं। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार तक प्रांत के कई जिलों में रुक-रुक कर वर्षा होने का अनुमान जताया है। अधिकारियों ने लोगों को अनावश्यक यात्रा से बचने और उचित सुरक्षा सावधानी बरतने की सलाह दी है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेड़िकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्म टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108